संसेक्स 71,060.31 ▲ +689.77
डॉलर 83.120 ▼ -0.031

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 06.0 | 18.0 |
| धनबाद | 22.0 | 10.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 17.0 | 23.0 |
| पलामू | 22.0 | 07.0 | 20.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 25 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 100, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय धार्मिक पर्यटन का केंद्र है भारत ...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


'भक्षक' से फरवरी एक बार फिर मेरे लिए ...12 देश/विदेश





## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,360

चांदी (किलो) 71,790

# सूबे की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक मजबूती हमारा लक्ष्य : सीएम

**○ इटकी में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का शुभारंभ ○ पांच हजार करोड़ रुपये निवेश करेगा प्रेमजी फाउंडेशन, सभी वर्ग को मिलेगा लाभ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शीघ्र ही राज्य के लोगों को एक विश्वस्तरीय विवि और आधुनिक मेडिकल कॉलेज मिलने वाला है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से इटकी में पांच हजार करोड़ रुपये के निवेश से अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, पांच सौ शैय्या वाला मेडिकल कॉलेज तथा स्कूल का निर्माण कार्य बुधवार को शुरू हो गया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इन कार्यों से आने वाले समय में इटकी की पूरे देश में अलग पहचान होगी। वह बुधवार को इटकी के टीबी सेनेटोरियम मैदान पर आयोजित विश्वस्तरीय अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल निर्माण के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 तक अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एवं स्कूल में पठन-पाठन




का काम शुरू होगा। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के कार्यों की रोशनी दूर तक पहुंचेगी। कमजोर से कमजोर परिवार तक फाउंडेशन की सहायता पहुंचाने का कार्य प्रतिबद्धता के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खनिज संपदाओं से अलग हटकर विकास के अन्य संभावनाओं को तलाश रही है। झारखंड आमतौर पर खनिज संपदाओं के लिए जाना जाता रहा है। खनिज संपदाओं की भरमार होने के बावजूद झारखंड पिछड़े राज्यों के पायदान पर खड़ा रहा है। यहां लगभग एक सौ वर्ष से खनिज संपदाएं निकाली जाती रही हैं, परंतु इसका लाभ झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, गरीब, पिछड़ा अल्पसंख्यक सहित किसी भी वर्ग-समुदाय के लोगों को पूर्ण रूप से नहीं मिल पाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्थान एक ऐसा नाम है, जिसे पूरी दुनिया जानती है। यह फाउंडेशन व्यापार के लिए नहीं बल्कि सामाजिक सरोकार के लिए जाना जाता है। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ राज्य सरकार ने एक बेहतर समन्वय बनाया। मुख्यमंत्री एवं अजीम प्रेमजी के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अजीम प्रेम जी को पूरे झारखंडवासियों की तरफ से अभिनन्दन और 'जोहार' किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से उन्हें बताया कि आप और आपकी पूरी टीम के सहयोग से आज इटकी में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### परीक्षा पे चर्चा के लिए रिकॉर्ड 2.26 करोड़ पंजीकरण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम के 7वें संस्करण, परीक्षा पे चर्चा 2024 के लिए माईगॉव पोर्टल पर रिकॉर्ड 2.26 करोड़ पंजीकरण हुआ है। यह देश भर के छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है, जो इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस वर्ष, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 3000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक और कला उत्सव के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के 100 छात्र स्थापना के बाद पहली बार इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। छात्रों के बीच परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए एक अनूठी पहल परीक्षा पे चर्चा 2024 के क्रम में मंगलवार को देश भर के 774 जिलों के 657 केंद्रीय विद्यालयों और 122 नवोदय विद्यालयों (एनवीएस) में एक राष्ट्रव्यापी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

**झारखंड कैबिनेट का फैसला : जेपीएससी में अभ्यर्थियों को अधिकतम व न्यूनतम**

# आयु सीमा के लिए कट-ऑफ तिथि के निर्धारण की स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) की संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 के लिए अधिकतम एवं न्यूनतम आयु सीमा की गणना के लिए कट-ऑफ तिथि के निर्धारण की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की महिलाओं को 50 साल की उम्र में ही पेंशन मिलने लगेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इसके अलावा कैबिनेट के अन्य फैसले

- पीएमजीएसवाई के फेज 1 और 3 के रिवाइज 208 करोड़ रुपये की योजना की स्वीकृति दी गई।
- धनबाद में काको से विनोद बिहारी चौक 20 किलोमीटर तक फोरलेन रोड के लिए 461.90 करोड़ की रिवाइज्ड ऐस्टीमेट की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड जमाकर्ता हित 2011 को समाप्त किया गया है। अभिकेंद्र के अनुरूप नया एक्ट लागू है।
- सीआईडी से जुड़े केस, अनुसंधान के लिए एडिशनल जस्टिस कोर्ट का गठन हुआ।
- महिला बाल विकास के अंतर्गत समेकित बाल विकास परियोजना के संविदा कर्मियों को राज्य सरकार के मद से वेतन मिलेगा।
- सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले होम लोन को 30 लाख से बढ़ाकर 60 लाख रुपये तक करने की मंजूरी दी गयी। यह लोन 7.5 फीसदी ब्याज दर पर दिया जायेगा। वहीं, लोन के अगेंष्ट संपत्ति के बंधक रखने की अनिवार्यता भी समाप्त होगी।
- गृह निर्माण के लिए जो घोषित प्लॉट है, किसी वित्तीय संस्थान को नहीं दिया जाएगा। इसका शपथ पत्र देना होगा।
- बैठक में सात हजार से अधिक उर्दू शिक्षकों के पद सृजन की स्वीकृति दी गयी। विधानसभा नियुक्ति से गड़बड़ी संबंधित जांच रिपोर्ट को आगामी विधानसभा सत्र में रखने की मंजूरी दी गई।
- महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत बिरधा पेंशन योजना के तहत पेंशन आयु सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष तक कर दी गई। इसका लाभ 18 लाख महिलाओं और एसटी-एससी महिलाओं को मिलेगा।
- झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश एस.जे. मुखोपाध्याय, पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय की अध्यक्षता में गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग द्वारा समर्पित रिपोर्ट पर सभा सचिवालय द्वारा कृत कार्रवाई प्रतिवेदन को झारखंड विधानसभा के आगामी सत्र में सदन पटल पर उपस्थापित किये जाने की स्वीकृति दी गई।

**पलामू के बीहड़ों में नक्सलवाद की जगह राष्ट्रवाद ने जमाये पांव**

## लाल सलाम की गूंज की जगह अब जन-गण-मन की बजती है धुन



**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** दो दशक से अधिक समय से प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण पलामू के बीहड़ों में लाल सलाम की गूंज की जगह अब जन-गण-मन... की धुन ने ले लिया है। नक्सलियों के आतंक के साये में जीवन गुजार रहे जिन क्षेत्रों के बड़े भी राष्ट्रगान व तिरंगे को भूल चुके थे। वहां के नौनिहालों को वर्तमान में राष्ट्रगान जहां फर्राटा से याद है। वहीं बेसब्री से उन्हें 26 जनवरी को तिरंगा फहराने का इंतजार रहता है। कभी घोर नक्सल प्रभावित रहे हुसैनाबाद प्रखंड के बिहार बार्डर से सटे महुदंड, डंडिला, झरगड़ा, डंगवार आदि पंचायत इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। नक्सलियों की बूटों की धमक से जिले के पांडू, विश्रामपुर, ऊंटारी रोड, सतबरवा, हरिहरगंज आदि प्रखंडों के जिन पंचायतों में पहले 26 जनवरी को सन्नाटा पसरा रहता था। अब पुलिस पिकेट स्थापित हो जाने से प्रतिवर्ष धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से सामंतवादी व्यवस्था के विरोध में शुरू हुये नक्सल मूवमेंट की चिंगारी ने देखते ही देखते ज्वाला का रूप धारण कर समीपवर्ती ओड़िशा, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र आदि प्रांतों में फैल गयी। लोक लुभावन नारों के साथ शुरू हुआ आंदोलन अपार जनसमर्थन की बदौलत 1980 के दशक में पलामू में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे जिले के सारे प्रखंड उसकी गिरफ्त में आते गये। एक दशक से भी अधिक समय तक जिले में नक्सलियों की समानांतर सत्ता ने जिले में हुकूमत किया। उसके बाद न सिर्फ आंदोलन का स्वरूप बदलने लगा, अपितु उसके उद्देश्य भी जनविरोधी होने लगे। सामंतवाद के विरोध के नाम पर खड़ा हुआ नक्सल मूवमेंट अब व्यवस्था व राष्ट्र विरोध ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अपराधी गुटों के तौर पर कार्य कर रहे नक्सली

शासन-प्रशासन के सख्त कदम से नक्सलियों के पांव अब कालापहाड़, बूढ़ा पहाड़ आदि अपने किले से भी कबड़ चुके हैं। विभिन्न अभियानों में नक्सली संगठनों के बड़े कमांडर या तो ढेर हो चुके हैं या तो गिरफ्तार कर लिये गये हैं। सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर कई ने सरेंडर भी कर दिया है। इसके बाद बचे नक्सली अब आपराधिक गुट बनाकर लेवी वसूलने व रंगबाजी मांगने के धंधे में उतर आये हैं। छतरपुर, हरिहरगंज, हुसैनाबाद आदि इलाकों में पिछले दिनों व्यवसायियों की हत्या व आये दिन हो रही गोलीबारी की घटनाओं में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से दिया गया सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस**

## मिर्जाचौकी देश का सातवां व राज्य का पहला बेहतर थाना

**रांची।** साहेबगंज जिला के मिर्जाचौकी थाना को देशभर में सातवां तथा झारखंड में प्रथम श्रेष्ठ थाने का अवार्ड प्राप्त हुआ है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय के सभागार में पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने मिर्जाचौकी के थाना प्रभारी प्रकाश रंजन को गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जारी सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज व वर्तमान पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक) नौशाद आलम, पूर्व पुलिस अधीक्षक को सम्मानित किया गया। अनुरंजन किस्पोट्टा, शशि भूषण चौधरी, पुलिस निरीक्षक, साहेबगंज अंचल व प्रभात कुमार सिंह (सीसीटीएनएस) मिर्जाचौकी थाना को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अभियोजन, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## जयपुर में जंतर मंतर, हवा महल की खूबसूरती को निहारेंगे मैक्रों

### 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे फ्रांस के राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को जयपुर के पहाड़ी किले आमेर, प्रतिष्ठित हवा महल और जंतर मंतर के खगोलीय अवलोकन स्थल का दौरा करके भारत की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरूआत करेंगे। मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हर गांव में अच्छी सड़कें हों इसका हो रहा प्रयास : सांसद



### पलामू में 13 करोड़ 41 लाख की तीन सड़क योजनाओं का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ रहा है। हर गांव में अच्छी सड़कें हों, इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। जिला अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-3 के तहत 17 सड़क एवं 11 पुल (लागत 1 अरब 80 करोड़ 80 लाख रुपए) के निर्माण की स्वीकृति दिलायी गयी है। जिनपर जल्द ही काम शुरू होगा। सांसद श्री राम बुधवार को छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गावों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से बनने वाली तीन सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास करने के बाद नौडीहा बाजार के शाहपुर में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने छतरपुर प्रखंड में मसिहानी से बगैया तक 5.515 किलोमीटर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के बारा मोड़ से महुअरी वाया लक्ष्मीपुर तक 7.501 किलोमीटर एवं शाहपुर से लकडाही तक 5.91 किलोमीटर सड़क निर्माण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने याद करा दिया बीता जमाना



सुनील बादल

**भारत** के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न की घोषणा क्या हुई भूला हुआ जमाना याद आ गया और युवा पीढ़ी गूगल में खोजने लगी कौन थे कर्पूरी ठाकुर? जबकि देश में पिछड़ों की राजनीति करने वालों में खलबली मच गई है कि महादलित यानी अतिपिछड़ा कार्ड आगामी लोकसभा चुनाव में कहीं समीकरण न बिगाड़ दे। बिहार में कर्पूरी जयंती 24 जनवरी का राजनीतिक महत्व पिछले कुछ दिनों में तेजी से बढ़ा है। सवाल ये है कि आखिर बिहार में जिस हज्जाम समाज की आबादी दो प्रतिशत से कम है, उस समाज के सबसे बड़े आदर्श रहे कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत के लिए उनके निधन के इतने साल भी बाद मारा मारी क्यों मची है? कर्पूरी ठाकुर की छवि अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के बड़े नेता की रही है। छोटी छोटी आबादी वाली विभिन्न जातियों के समूह ईबीसी में 100 के लगभग जातियां शामिल हैं। इसमें भले अकेले कोई जाति चुनावी गणित के लिहाज से महत्वपूर्ण नहीं हो लेकिन सामूहिक तौर पर ये 29 फीसदी का वोट बैंक बनाती हैं। 2005 में नीतीश कुमार को पहली बार मुख्यमंत्री बनाने में इस समूह का बड़ा योगदान बताया जाता है। इस दृष्टि से देखें तो ये समूह अब बिहार में राजनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण बन गया है, हर दल इस वोट बैंक को अपने पाले में करना चाहता है। उनके पैतृक गांव समस्तीपुर ज़िले के पितौंझिया (अब कर्पूरीग्राम) में कर्पूरी ठाकुर के बेटे और जनता दल यूनाइटेड के राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा, 'कर्पूरी जी बिहार में एक सामाजिक आंदोलन के प्रतीक रहे हैं, इसलिए हर तरह के लोग, विभिन्न राजनीतिक दल उनके जन्मदिन पर सामाजिक न्याय के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते रहे हैं, हां अब दावे प्रतिदावे जरूर बढ़ गए हैं।' कर्पूरी ठाकुर मंडल कमीशन लागू होने से पहले ही बिहार में आरक्षण लागू करा चुके थे और बिहार की राजनीति में गरीब गुरबों की सबसे ईमानदार आवाज बन कर उभरे थे। बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता रहे। 1952 की पहली विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद वे बिहार विधानसभा का चुनाव कभी नहीं हारे। अपने दो कार्यकाल में कुल मिलाकर ढाई साल के मुख्यमंत्रीत्व काल में उन्होंने जिस तरह की छाप बिहार के समाज पर छोड़ी है, वैसा दूसरा उदाहरण दुर्लभ है। खास बात ये भी है कि वे बिहार के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। 1967 में पहली बार उपमुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में अंग्रेजी की अनिवार्यता को करा दिया था जिसके चलते उनकी आलोचना भी हुई बच्चों का 'कर्पूरी डिविजन से पास हुए हैं' कह कर मजाक उड़ाया जाता था लेकिन उनके इस कदम से वंचित वर्ग तथा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा बढ़ी। शिक्षा मंत्री के रूप में उनकी कोशिशों के चलते ही मिशनरी स्कूलों ने हिंदी में पढ़ाना शुरू किया और आर्थिक तौर पर गरीब बच्चों की स्कूल फी भी माफ कराई। वो देश के पहले मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने अपने राज्य में मैट्रिक तक मुफ्त पढ़ाई की घोषणा की थी। 1971 में मुख्यमंत्री बनने के बाद किसानों को बड़ी राहत देते हुए उन्होंने गैर लाभकारी जमीन पर मालगुजारी टैक्स को बंद करा दिया। 1978 में मुंगेरीलाल कमीशन लागू करके राज्य की नौकरियों आरक्षण लागू करने के चलते वो हमेशा के लिए सर्वणों के दुश्मन बन गए, लेकिन कर्पूरी ठाकुर समाज के दबे पिछड़ों के हितों के लिए काम करते रहे। उनकी सादगी और सच्चाई के अनेक किस्से हैं जो उन्हें भारत रत्न बनाते हैं और आज के दबंग पिछड़े नेताओं को राह भी दिखाते हैं।



## एक नजर

### विद्या विहार वाटिका का वार्षिकोत्सव 30 को

**छतरपुर।** प्रखंड स्थित लठेया में 24 वर्षों से संचालित विद्या विहार वाटिका का वार्षिकोत्सव 30 जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। विद्यालय के निदेशक डा. रामरेश यादव ने बताया कि यह विद्यालय समाज को एक नई दिशा देने का माध्यम है। पढ़-लिखकर बच्चे अपने परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें। यहीं संस्थान का ध्येय है।

### भलूवाड़ी ने खिताब पर जमाया कब्जा

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत अंसारी बिगहा स्थित मैदान में मंगलवार की रात्रि डू एंड डाई क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में संडा को परास्त कर भलूवाडी ने खिताब पर कब्जा जमाया। मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव तथा युवा नेता इरफान शाहिद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कड़ी मेहनत और लगन से सफलता मिलती है। गांव स्तर पर नाइट क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन होना सराहनीय प्रयास है। खिताबी मुकाबले में भलूवाडी ने 18 रनों से जीत हासिल की। इस अवसर पर महताब शाहिल उर्फ बबलू, तबरेज अंसारी, वारिस अंसारी, आलमगीर आलम, मो. जमशेद, मो. सलमान, मो. इजहार, सोनू कुमार,मो. जफर, मो. सोनू मौजूद थे।

### राष्ट्रीय नाई महासभा ने किया जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन

# पिछड़ों व वंचितों के मसीहा थे जननायक कर्पूरी ठाकुर

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** राष्ट्रीय नाई महासभा इकाई के तत्वावधान में बुधवार को पांकी के कर्पूरी ठाकुर चौक पर जननायक की 100वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता लाल सूरज व नाई समाज के जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि जननायक जीवन भर राजनीति को जनसेवा के रूप में करते रहे। गरीबों एवं वंचितों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये वे सदैव तत्पर रहे। समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। वे पिछड़ों एवं दलितों के मसीहा थे। यही कारण है कि पांकी में उनकी प्रतिमा स्थापित करने के लिये जहां आम जनमानस ने लंबा आंदोलन किया। वहीं उनकी जन्म शती पर पीएम मोदी ने उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। नाई महासभा के जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर ने कहा कि देश व समाज के विकास के लिये आज सभी को उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजय आनंद पाठक, अमित तिवारी, भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, शत्रुघ्न सिंह, श्याम नंदन ओझा, सुनील गुप्ता, नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, संजय ठाकुर, सुदेश्वर ठाकुर, सुनील ठाकुर, रंजय ठाकुर, लवकुश ठाकुर, पंकज ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि देते विधायक व अन्य।

### राजद ने जननायक की 100वीं जयंती मनायी



जननायक को श्रद्धासुमन अर्पित करते राजद नेता।

**हरिहरगंज।** मेन रोड़ न्यू बस स्टैंड स्थित राजद कार्यालय में बुधवार को प्रखंड राजद कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती धूमधाम से मनायी। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव व संचालन राजद नेता बुधन सिंह यादव ने किया। वक्ताओं ने कहा कि अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से कर्पूरी ठाकुर सदैव जनमानस के जेहन में बने रहेंगे। उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। इस अवसर पर महादेव यादव, ओमप्रकाश अकेला, छात्र नेता दीपक कुमार यादव, आनंद यदुवंशी, केदार नाथ ठाकुर, सुनील ठाकुर, शंभू ठाकुर, अशोक जायसवाल, रंजीत पासवान, सत्येंद्र भुईयां, सूरज यादव, उमा यादव , प्रकाश यादव, नंदू यादव, संतोष मालाकार, राजकुमार गुप्ता, शशि गुप्ता आदि मौजूद थे।

### सांसद व विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, नागरिकों ने जताया हर्ष

# 5.49 करोड़ की लागत से होगा उपरी मोड़-चनकार मार्ग का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सांसद विष्णु दयाल राम व हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बुधवार को पीएमजीएसवाई से 5.49 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली उपरी मोड़-चनकार मार्ग का शिलान्यास किया। इस सड़क के बनने से दो पंचायत के एक दर्जन से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा। शिलान्यास से दोनों गांवों के नागरिकों ने हर्ष जताया है। इस मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि उन्होंने पलामू में 17 सड़क व 11 पुल की स्वीकृति के अलावा अन्य कई सड़कों व सिंचाई की योजनाएं स्वीकृत कराई है। आने वाले समय में सभी सड़कों का मार्ग प्रशस्त होगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज की एक- एक सड़क को दुरूस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्या का समाधान कर क्षेत्र को सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में युद्धस्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, राजकुमार ठाकुर, पप्पू सिंह,रतन लाल, विनय पासवान, सतेंद्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह,जिला मंत्री संतोष सिंह, रामराज मेहता, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, नरेन्द्र कुमार सिंह,अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, अजय प्रसाद गुप्ता, महेंद्र राम उपस्थित थे।

### रामबिलास पासवान स्मृति भवन का शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बुधवार को नगर पंचायत हुसैनाबाद के गमहरिया में रामबिलास पासवान स्मृति भवन का विधिवत शिलान्यास किया। भवन का निर्माण दस लाख की लागत से किया जाएगा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि उन्होंने शुरू से ही जात-पात की नहीं, बल्कि जमात की राजनीति की है। सभी क्षेत्रों व सभी जाति-धर्म के लोगों का वह सम्मान करते हैं। स्व. रामबिलास पासवान जन-जन के नेता थे। उनकी स्मृति में गमहरिया में भवन का निर्माण होने से यहां के लोगों को शादी ब्याह समेत अन्य कार्यक्रमों के संचालन में सुविधा होगी। श्री सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में यहां रामबिलास पासवान स्मृति द्वार बनाया जायेगा। मौके पर एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, मनदीप राम, विजय राजवंशी, राजकुमार ठाकुर, हंसराज सिंह मौजूद थे।

### बाजार में भाजपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# जन समस्याओं की सुनवाई हुई आसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** स्थानीय बाजार में बुधवार को भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, भाजपा नेता लाल सूरज, अमित तिवारी, युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने विधिवत पूजापाठ कर एवं फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि पांकी प्रखंड में भाजपा कार्यालय नहीं रहने के कारण लोगों को परेशानी होती थी। लोगों की परेशानी को देखते हुए भाजपा कार्यालय की सुविधा बहाल की गई है। अब क्षेत्रवासियों के समस्याओं की सुनवाई आसानी से हो सकेगी। प्रतिदिन कार्यालय संचालित रहेगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, महामंत्री श्याम नंदन ओझा, भाजपा नेता साधु मांझी, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, विजय ठाकुर, शंकर प्रसाद गुप्ता, मंजू लता, रीमा शर्मा, नीलम देवी, अक्षय कुमार, कुंदन सिंह, सत्येंद्र सिंह उपस्थित थे।

# आठ के खिलाफ मामला दर्ज, 70 हजार जुर्माना

### हैदरनगर में बिजली चोरी के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिजली का अवैध उपयोग करते पकड़े जाने पर आठ लोगों के खिलाफ थाने में मामला पंजीबद्ध कराया गया। उन पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उनमें मिथिलेश कुमार, विजय साव, ओमप्रकाश मेहता, बिंदेश्वरी राम, रामचंद्र चंद्रवंशी, गुलाम रब्बानी, साधु शर्मा व बिहारी यादव का नाम शामिल है। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता ने बताया कि आगे भी छापेमारी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकायेदारों को तत्काल बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में शिविर लगाया जायेगा। शिविर में बिल भुगतान समेत अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा।


## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा।

### वित्तीय वर्ष 2021–22 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2021–22 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक **31 जनवरी 2024** तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक **31 जनवरी 2024** तक सक्रिय (Active) करा लें। **पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।**

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping / आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2021–22 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR 316853 (Lohardaga) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 09 / 2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ**

दिनांक–24.01.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/10/23-24 | पांकी | 1 | नावागढ़ से अषरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.30कि0मी0 | 1151.579 | ग्यारह करोड़ एक्कावन लाख संतावन हजार नौ सौ0 रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | पांकी | 2 | लेहरसी से तितलंगी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.00कि0मी0 | | | | |
| | | पांकी | 3 | लोहरसी से पिपराटांड नौडीहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।, 4.50कि0मी0 | | | | |
| | | पांकी | 4 | पांकी पीच रोड से चोरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.50कि0मी0 | | | | |
| | | पांकी | 5 | टाटीदीरी से हटवार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.25कि0मी0 | | | | |
| 2 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/11/23-24 | पाटन | 1 | सिक्की कला महेन्द्र मोड़ से कांके कला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 5.20कि0मी0 | 1191.151 | ग्यारह करोड़ एकान्बे लाख पन्द्रह हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | पाटन | 2 | सिरमा पी0डब्लू0डी0 रोड से लोईंगा भाया धनगांई सहदेवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 10.50कि0मी0 | | | | |
| | | पाटन | 3 | L046 बी0टी0 रोड मनिका से डंडई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।, 3.90कि0मी0 | | | | |
| | | पाटन | 4 | किषुनपुर बी0टी0 रोड से डिहरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।, 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | पाटन | 5 | बी0टी0 रोड किषुनपुर से ग्राम दरहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।, 1.65कि0मी0 | | | | |
| | | पाटन | 6 | L057 जंघासी से कुम्हवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.60कि0मी0 | | | | |
| 3 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/12/23-24 | सतबरवा | 1 | एन0एच0–75 से लंका भाया पिपराकला, हड़वाचट्टान, राखीकला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।, 11.40कि0मी0 | 1125.706 | ग्यारह करोड़ पच्चीस लाख सत्तर हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | सतबरवा | 2 | ट्रेनिंग स्कूल पोंची से लेदवाखांड़ भाया मानासोती बारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 9.717कि0मी0 | | | | |
| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
| 4 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/13/23-24 | चैनपुर | 1 | पतरिया कलां से गंगी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.80कि0मी0 | 1044.452 | दस करोड़ चौवालीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | चैनपुर | 2 | पथरा से भैरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 3 | लिधकी (पूरबडीहा) से चेड़ाबार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।, 4.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 4 | लाली से बहेरा खूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.40कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 5 | पी0डब्लू0डी0 रोड खुरा शिव बेल बाजार चौक से बहेरा होते हुए बरकत तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.24कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 6 | बोकया कलां से दुलही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 7 | केवाल पर संजय डॉक्टर के घर से झरिवा नाला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 8 | रामपुर (पुरबडीहा) से लोकया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।, 2.60 कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 9 | मंझीगांवा लिधकी रोड से मझिगांवा तालाब तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.235कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 30.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 13.02.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 15.02.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 316874 Rural Development(23-24)#D



## कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा
## (अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

### आम–सूचना

विगत कुछ वर्षो से ऐसे मामले प्रकाश में आ रहे हैं कि छात्र/छात्राओं के द्वारा पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का लाभ लेने के लिए समर्पित आय, जाति, आवासीय एवं अन्य प्रकार के प्रमाण–पत्र, ऐसे प्रतिष्ठानों, जिसकी कोई मान्यता नहीं होती है, से बनवा लिया जाता है। अतएव छात्र/छात्राओं को यह सूचित किया जाता है कि वे मान्यता प्राप्त प्रज्ञा केन्द्र/आधार केन्द्र से ही उक्त प्रमाण पत्र बनवायें। मान्यता प्राप्त प्रज्ञा केन्द्र के अतिरिक्त अन्य प्रतिष्ठानों से बनवाये गये प्रमाण–पत्र फर्जी होते हैं। ऐसी परिस्थिति में उक्त प्रतिष्ठान के अलावे बनवाने वाले व्यक्ति भी समान रूप से दोषी होंगे। भविष्य में यदि ऐसा कोई मामला प्रकाश में आता है तो प्रमाण पत्र बनाने वाले प्रतिष्ठान के साथ–साथ बनवाने वाले लोगों के विरूद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छात्र/छात्राओं से अपील है कि ऐसे कोई प्रतिष्ठान की जानकारी मिलती है तो उसके विरूद्ध प्रशासन को गुप्त रूप से सूचना उपलब्ध कराकर प्रशासन का सहयोग करें।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 316854 Lohardaga(23-24)#D



## कार्यालय
## समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

### वित्तीय वर्ष 2022–23 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2022–23 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक 31 जनवरी 2024 तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक 31 जनवरी 2024 तक सक्रिय (Active) करा लें। पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान **PFMS** के माध्यम से **Aadhar Enabled DBT** द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping / आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2022–23 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→Student Services & Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR.NO.316852 Lohardaga(23-24):D



## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT

(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

Letter No. - 166 Date: 20.01.2024

### WALK IN INTERVIEW FOR THE APPOINTMENT OF CONTRACTUAL TEACHERS.

**Netarhat Residential School requires few teachers on contractual basis for the period of 11 months. The post is purely on contract basis for maximum period of 11 months or as per need of the school, whichever is applicable. The School is going to conduct the interview for mentioned below posts. The schedule for the interview is given below :-**

Schedule of the interview :-

| Post | Date of Interview | Registration Time | Interview Time | Category | Interview Place |
|---|---|---|---|---|---|
| Sanskrit – 01 Post<br>Economics – 01 Post | 01.02.2024 | 08:30 AM to 10:00 AM | 11:30 AM to 5:30 PM | ST – 01<br>SC – 01<br>UR - 01 | Netarhat Vidyalaya Samiti Office MDI Building Project Bhawan Dhurwa Ranchi -834004 |
| History - 01 Post | 02.02.2024 | 08:30 AM to 10:00 AM | 11:30 AM to 5:30 PM | | |

**General Instructions: -**

1. Applicants are directed to download the application form uploaded on vidyalaya website i.e. www.netarhatvidyalaya.com
2. After filling the above form the same can be sent to the Chairman, Executive Committee, Netarhat Vidyalaya Samiti office MDI Building Project Bhawan Dhurwa Ranchi Pin- 834004 along with photocopy of all required documents before Schedule date. ( Photocopy of Educational and experience certificates).
3. Only eligible candidates are allowed to participate on interview.
4. **The post is purely on Temporary basis for a maximum period of eleven months from the date of appointment or as per need of the school, whichever is applicable.**
5. No TA/DA will be paid for the attending interview.
6. The candidate must have competency to teach in both English and Hindi.
7. All the original documents should be submitted for verification by the candidates at the time of interview along with one set of photocopies.
8. Candidates having experience of three years of teaching in CBSE affiliated school will be preferred.
9. The contract can be extended based on the continuing need of the school and performance of the contractual appointee for the further period of one more year.
10. The school holds no responsibility for regularization/ absorption against any other regular post in the future.
11. The contract can be terminated at any time by giving one-month prior notice.
12. The school will only provide the accommodation facility i.e., residential house depending upon the vacancy of the house.
13. The candidate should fulfill the requisite educational qualification prescribed for the post and other eligibility conditions.
14. The selected candidate will not have any claim or right for his/her continuity in service or automatic extension of the term of contract or regularization/absorption on any regular post in the future.
15. **The selected candidates (teachers) will have to take part in all Co-curricular Activity related to students.**
16. Apart from the prescribed/fixed honorarium, No other benefits shall be given nor will any claims be accepted.
17. The principal Cum Member secretary, Netarhat Vidyalaya Samiti will have the right to cancel or amend the advertisement notice at any time without giving any reasons.
18. The candidates can attend directly in written test/ Interview on above mentioned date and place with all required documents.
19. **Eligibility Criteria and Qualifications:**

Venue: Netarhat Residential School, Netarhat.

| Post & Subject | Qualification | Monthly Honorarium for Contractual Teachers |
|---|---|---|
| Sanskrit | **Essential:**<br>1. Graduate Honours with at least 50% marks and Master's Degree with at least 55% marks in relevant subject form a University recognized by the U.G.C.<br>2.B. Ed degree from recognized University.<br>**Desirable:**<br>1. Knowledge of computer applications.<br>2. Experience of three years of teaching in CBSE affiliated school. | 35,750.00 |
| History | **Essential:**<br>1. Graduate Honours with at least 50% marks and Master's Degree with at least 55% marks in relevant subject form a University recognized by the U.G.C.<br>2.B. Ed degree from recognized University. 3.Competence to teach through English & Hindi Medium.**Desirable:**<br>1. Knowledge of computer applications.<br>2. Experience of three years of teaching in CBSE affiliated school. | 35,750.00 |
| Economics | **Essential:**<br>1. Graduate Honours with at least 50% marks and Master's Degree with at least 55% marks in relevant subject form a University recognized by the U.G.C.<br>2. B. Ed degree from recognized University.<br>**Desirable:**<br>1. Knowledge of computer applications.<br>2. Experience of three years of teaching in CBSE affiliated school. | 35,750.00 |

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School Netarhat

PR 316781 (Human Resource Developement) 23-24 (D)

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।
परम पावन अयोध्या धाम में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा नवयुग का आगाज है। हम सभी श्रीराम के बताये रास्ते चलते हुये अपने जिले को सिरमौर बनायें।

**विष्णु दयाल राम, सांसद, पलामू।**

## लोक अदालत का आयोजन 27 को

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा-निर्देश व प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 जनवरी सुबह11 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष का प्रथम मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले कर नौ पीठों का गठन किया गया है। वहीं एक हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। इस दौरान समस्त सुलहनीय वादों का निस्तारण किया जायेगा। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

ट्राई ने किया जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

## दूरसंचार योजनाओं की दी गयी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दूरसंचार नियामक प्राधिकरण आफ इंडिया ट्राई द्वारा बुधवार को शहर के टीवी टावर के पास स्थित एक होटल में उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां उपभोक्ताओं को दूरसंचार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। वहीं उन्हें सुरक्षा आयामों के प्रति सचेत भी किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने 4जी संतृप्ति परियोजना, भारत नेट परियोजना, संचार साथी आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की। बतौर मुख्य अतिथि डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. संजीव श्रीवास्तव ने विभाग से संबंधित अद्यतन तकनीक पर प्रकाश डाला। प्रो. रूप कमल व दूरसंचार विभाग के निदेशक सुजीत गुप्ता ने वैज्ञानिक स्पष्टीकरण और सरकार के उपायों के माध्यम से सेलुलर टावरों से विकिरण के संबंध में नागरिकों की चिंताओं का निवारण किया।

बिजली विभाग ने शुरू की कवायद, डालटनगंज प्रमंडल में 483 घरों की पहचान

## बल्ब की रोशनी से रोशन होंगे आदिम जनजातियों के घर

<u>स्वीटी वर्मा</u>

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत पलामू जिले के डालटनगंज विद्युत प्रमंडल में



**सरकार से स्वीकृति और अनुमोदन मिलने के पश्चात योजना पर काम शुरू कर दिया जायेगा: शम्भू नाथ चौधरी**

अति विशिष्ट आदिम जनजातियों के घरों तक बिजली पहुंचाने की कवायद शुरू की गई है। कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि विद्युत प्रमंडल में 483 घरों की पहचान की गई है। जहां विशिष्ट आदिम जनजाति बढ़िया ,कोरबा आदि के लोग रहते हैं। इनके घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार कर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को भेज दिया गया है। कार्यपालक अभियंता ने बताया की 483 विशिष्ट आदिम जनजाति लोगों के घरों तक बिजली पहुंचने की प्राक्कलित राशि 5 करोड़ 65 लाख रुपये है। सरकार से स्वीकृति और अनुमोदन मिलने के पश्चात योजना पर काम शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रमंडल के रामगढ़ प्रखंड में काफी संख्या में विशिष्ट आदिम जनजाति के लोग रहते हैं। घोर जंगल वाले इस क्षेत्र में पहुंचने का रास्ता नहीं है। ऐसे दुर्गम इलाकों में प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत बिजली पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इन घरों में बिजली का कनेक्शन और मीटर बिल्कुल मुफ्त दिया जायेगा।



## एक नजर

### अचेत को ट्रैफिक पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के छहमुहान स्थित टेंपो स्टैंड में मितन कुमार नामक व्यक्ति अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। समीप स्थित लोगों द्वारा तत्काल इसकी जानकारी ट्रैफिक पुलिस को दी गई। ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में पहुंचे जवानों ने तत्काल अचेत व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। ट्रैफिक इंचार्ज द्वारा उसके परिजनों को सूचना दी गयी। घायल व्यक्ति किडनी रोग से भी ग्रसित बताया जा रहा है।

### तिरंगे की सज गयी दुकानें

**मेदिनीनगर।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व ही बाजारों में तिरंगे की दुकानें सज गयी हैं। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व को लेकर विशेषकर बच्चों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अपने-अपने अभिभावकों के साथ बच्चे तिरंगा खरीदने बाजार पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने की तैयारी की गयी है।

टाउन हॉल में शिक्षा से शक्ति, पलामू में प्रगति कार्यशाला का आयोजन

# खोने को कुछ नहीं, पाने को है सारा संसार



छात्राओं को संबोधित करते डीसी

### जिले में आये आधा दर्जन से अधिक प्रशिक्षु आईएएस ने सीधा संवाद कर बच्चों को दिये सफलता के मंत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल हो, उन्हें आईआईटी, मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि विषयों की तैयारी में कोई परेशानी न हो इस उद्देश्य से उपायुक्त के निर्देश पर स्थानीय टाउन हॉल में शिक्षा से शक्ति, पलामू में प्रगति विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त शशि रंजन, नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार व हुसैनाबाद एसडीएम आशीष गंगवार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में भारत भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले में आये अन्य प्रशिक्षु आईएएस अभिनव सिवाच, अनुनय आनंद, बोलिपल्ली विणुतना, एस मोहन प्रिय, अंजलि शर्मा, अवुल साईंकृष्णा, अम्बिका जैन, सुवंगी खूंटिया, शुभम नोखवाल ने कार्यशाला में शिरकत कर कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं जिले के विभिन्न स्कूलों से आये सैकड़ों छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनके सवालों का जवाब दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बेहतर तरीके से परीक्षाओं की तैयारी करने के गुर सिखाये। उपायुक्त श्री रंजन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को आईआईटी, मेडिकल एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई के लिए अग्रसर किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि हमारी इस मुहिम के माध्यम से विशेषकर छात्राओं को अन्य विशेषज्ञों का सानिध्य प्रदान कराया जाये।

### अनुकंपा समिति की बैठक में 17 आवेदकों को मिली नौकरी



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को अनुकंपा समिति की बैठक की। इसमें कुल 17 आवेदकों को नौकरी के लिये चयन किया गया। जिसमें सामान्य अनुकंपा के 16 मामले थे। जबकि चौकीदारी का एक मामला शामिल था। जानकारी के अनुसार बैठक में कुल 21 मामलों की समीक्षा की गयी। जिसमें सामान्य अनुकंपा के 20 मामले शामिल थे। वहीं चौकीदारी से संबंधित एक मामले की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने एक-एक कर सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया।

> जानकारी के अनुसार बैठक में कुल २१ मामलों की समीक्षा की गयी

डीसी व एसपी ने संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

## गणतंत्र दिवस समारोह के परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास



निरीक्षण करते डीसी व एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर बुधवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण कर सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक एवं भव्य परेड प्रदर्शित किया गया। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि परेड के दौरान किसी प्रकार की त्रुटियां न रहे। इसके लिए कमियों को यथाशीघ्र दूर किया जा रहा है। अंतिम दिन की परेड रिहर्सल के पूर्व पुलिस लाइन स्टेडियम को ध्वजारोहण समारोह के लिए पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। कहा कि मैदान में आये दर्शकों को किसी भी तरह की कोई समस्या ना हो,यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### एसपी ने जवानों का हौसला बढ़ाया

पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने जवानों की हौसला आफजाई की। उन्होंने कहा कि पलामू में परेड सुंदर व खूबसूरत दिखेगी। साथ ही उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की नसीहत दी। उन्होंने परेड में जवानों को गणतंत्र दिवस समारोह में शत-प्रतिशत योगदान के लिये प्रोत्साहित किया। मौके पर नजारत उप समाहर्ता चन्द्रशेखर कुणाल,एसएमपीओ भास्कर सहित जिला प्रशासन के पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर समाहरणालय में कार्यक्रम आयोजित

# एक बच्ची के शिक्षित होने से परिवार की एक पीढ़ी होती है शिक्षित : उपायुक्त



छात्रा के चेक देते उपायुक्त

### मैट्रिक व इंटर के टॉपर 20 छात्राओं को मिला पांच-पांच हजार रुपये का चेक

### एथलेटिक्स से जुड़े बच्चियों के बीच खेल सामग्रियों का किया गया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में समाज कल्याण विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर उपायुक्त शशि रंजन द्वारा 2023 में मैट्रिक व इंटर में टॉप करनेवाले वाली 10-10 छात्राओं के बीच पांच-पांच हजार रुपये का चेक वितरित किया गया। इसके अलावे जिला खेल विभाग की ओर से प्राप्त सूची के अनुसार एथलेटिक्स से जुड़े कुल 20 बच्चियों के बीच विभिन्न खेल सामग्रियों का भी वितरण किया गया। जिसमें हाई जंप से संबंधित एक उपकरण, डिस्कस से संबंधित दो, एक फुटबॉल, एक वॉलीबाल, शॉर्टपुट से जुड़े दो व जेवलिन थ्रो से संबंधित दो उपकरणों का भी वितरण किया गया। इस तरह 10 मैट्रिक,10 इंटर व 20 एथलेटिक्स से जुड़े बच्चियों के बीच बेटी-बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान से संबंधित जागरूकता संदेश वाला 40 टीशर्ट का भी वितरण हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि कोई एक बच्ची शिक्षित होती है,तो उस परिवार का पूरा अगला पीढ़ी शिक्षित हो जाता है। इस उद्धरण को आप सभी चरितार्थ करें।उन्होंने कहा कि हम अब आधुनिक युग में है,जहां बेटा-बेटी में भेद भाव का कोई स्थान नहीं है।यह बात आप सभी बच्चियां दूसरों से जरूर कहें।उन्होंने कहा कि बच्चियों के साथ आज भी कई तरह के भेदभाव होने से रिलेटेड खबरें आती है जो चिंताजनक है।उन्होंने कहा कि अगर कोई 18 वर्ष के पूर्व आप पर शादी का दबाब बनाता है तो तुरंत इसकी शिकायत स्थानीय थाने में करें। समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने भी बच्चियों को बेटी पढ़ाओ बेटी बचाव संबंधित विषय पर जागरूक किया। मौके पर समाज कल्याण के केडी पासवान समेत बड़ी संख्या में बच्चियां उपस्थित रही।

### बेटी बचाओ अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में राष्ट्रीय बेटी दिवस पर बेटी बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कि गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विजय प्रसाद ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डा अनिल सिंह, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार, डीपीएम दीपक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान आदि उपस्थित थे। सिविल सर्जन ने कहा कि बेटी से सृष्टि चलता है। बेटियों को बचाने के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।

जन्मशती पर राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने किया नमन, दी श्रद्धांजलि

# गरीबों- शोषितों के मसीहा थे जननायक कर्पूरी ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती राजद जिला कार्यालय में बुधवार को धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं संचालन मीडिया प्रभारी सह प्रखंड अध्यक्ष छतरपुर संतोष कुमार यादव ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता ज्ञानचंद पाण्डेय द्वारा जननायक के चित्र पर माला पहना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अपने संबोधन में श्री पांडेय ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर गरीबों के मसीहा थे। मौके पर दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान, प्रदेश सचिव सैयद शम्मी अहमद , पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजनाथ चंद्रवंशी, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव रूबी ऋषिजी, प्रधान महासचिव उर्मिला देवी आदि मौजूद रहीं।



### कर्पूरी के आदर्शों का पालन ही उन्हें श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मशती समारोह पूर्वक मनायी गयी। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ,महासचिव सुरेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार रवि, मीडिया प्रभारी दुर्गेश कुमार, अरुण प्रसाद, राजू नारायण साहू, मुकेश सिंह, नवल तिवारी,सचिन मेहता आदि ने स्व. ठाकुर की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि देश व समाज के प्रति कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों का अनुपालन ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम सभी को उनके बताये मार्ग का अनुसरण करते हुये देश व समाज के विकास में योगदान करना चाहिये।

**आज भी जिंदा हैं कर्पूरी ठाकुर के विचार : मेदिनीनगर।** कर्पूरी ठाकुर चौक चैनपुर में जननायक की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन गोपाल प्रसाद एवं अध्यक्षता राज किशोर ठाकुर ने की। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार शालू ने कहा कि जननायक के विचार आज भी जिंदा हैं। वे व्यक्ति नहीं विचार थे। उनके विचारों की प्रासंगिकता समय के साथ बढ़ती जा रही है। गरीबों के हित में किये गये उनके कार्य हमेशा याद रहेंगे। वर्तमान दौर में उनके विचार और भी महत्वपूर्ण हो गए हैं। हम सभी को इसका अनुसरण कना चाहिये। इस दौरान जिले में कर्पूरी स्मृति हॉल के निर्माण की आवाज बुलंद की गयी। मौके पर प्रेम प्रकाश ठाकुर, सत्य प्रकाश ठाकुर, मुकेश ठाकुर, आकाश ठाकुर, विक्की ठाकुर, नरेश ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, श्याम ठाकुर उपस्थित थे।

### समाज के नायक थे कर्पूरी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भुइयां, दिनेश राम,अनुज कुमार ठाकुर, सुरेश ठाकुर आदि ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर चैनपुर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। लोगों को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने ताउम्र जात की जगह जमात की राजनीति को प्राथमिकता दी। सामाजिक बदलाव से ही उनके समाजवाद का सपना साकार होगा।

व्यक्ति नहीं विचार थे बद्री नारायण

## हिसरा बरवाडीह में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर /पाटन।** पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह में स्व. बद्री नारायण सिंह नॉक आउट कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार, पूर्व विधायक देवेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू सिंह व पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष सह मेदिनीनगर नगर निगम के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह ने फीता काटकर व बैटिंग कर किया। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि बद्री नारायण सिंह व्यक्ति नहीं विचार थे। बिट्टू सिंह ने कहा कि स्व. बद्री नारायण सिंह सेना में कई वर्षो सेवा दिए। 1971 की लड़ाई में अपने साहस से वे पलामू ही नहीं पूरे देश को गौरवान्वित किया। गर्व करने का अवसर देते रहे। जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि जीवन में खेल केवल मनोरंजन का हिस्सा ही नहीं बल्कि इससे युवा अपने सुनहरे भविष्य को भी संवार सकते हैं। मनोज कुमार सिंह ने कहा कि बद्री नारायण सिंह प्रखंड ही नहीं पूरे जिले में काफी चर्चित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी आजाद सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अपने बाबा बद्री नारायण सिंह की याद में कॉस्को क्रिकेट मैच का आयोजन किया जायगा।

दिनभर छाया रह रहा कोहरा, बाजारों में पसरा है सन्नाटा

## बेहिसाब कनकनी ने बढ़ायी नागरिकों की मुश्किलें

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेहिसाब कनकनी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दिनभर जहां धुंध छाया रह रहा है। कड़ाके की ठंड के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। इस वर्ष ठंड मानो रिकार्ड स्थापित करने को आतुर है। मकर संक्रांति के बाद लोग सोच रहे थे कि अब शीतलहर, कोहरा व कनकनी से क्रमशः राहत मिलेगी, किंतु नतीजा इसके विपरीत सामने आ रहा है। सर्द पछुआ हवा के साथ घने कोहरे ने नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। अब तो मौसम का असर बाजारों पर भी देखने को मिल रहा है।

राहत — रेलवे के अधिकारी गांव के किनारे से रेल लाईन बिछाने पर सहमत

# अब दो हिस्सों में नहीं बंटेगा कैड़ गांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शीर्ष रेलवे अधिकारियों की पहल के बाद पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाला गांव कैड़ अब दो हिस्सों में नहीं बंटेगा। अधिकारियों ने गांव के किनारे से तीसरी लाईन बिछाने पर सहमति जताई है। विदित हो कि कैड़ गांव से तीसरी रेलवे लाइन बिछाने का प्रस्ताव है। इस तीसरी रेलवे लाइन से कैड़ गांव के दो हिस्सों में बंटने की आशंका बढ़ गई थी। इस समस्या और आशंका का समाधान कर लिया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल और धनबाद के डीआरएम केके सिन्हा ने पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के साथ बेतला में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में कैड़ गांव के विभाजन की समस्या पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। पीटीआर उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि महाप्रबंधक ने रेल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सर्वेक्षण कर गांव के दक्षिणी छोर से तीसरी रेलवे लाइन बिछाने का काम करें। इससे गांव के विभाजन की संभावना समाप्त हो जायेगी। मौके पर पीटीआर के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष व दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष भी मौजूद रहे।



बैठक करते रेलवे के अधिकारी

### एक किमी लंबी सुरंग के निर्माण का प्रस्ताव

बैठक के दौरान महाप्रबंधक श्री खंडेलवाल ने पीटीआर क्षेत्र में तीसरी लाईन निर्माण के दौरान एक किमी लंबी सुरंग के निर्माण का भी निर्देश दिया है। इतनी दूर तक जहां ट्रेन का भूमिगत संचालन होगा। वहीं ऊपर बिल्कुल जंगल सा दृश्य विद्यमान रहेगा। जिसके ऊपर से वन्यजीवों की आवाजाही भी सामान्य तरीके से बनी रहेगी।

### पुलिस केंद्र से 10 सहायक अवर निरीक्षकों को भेजा गया थाने

**मेदिनीनगर।** विधि-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन द्वारा पुलिस लाईन से 10 सहायक अवर निरीक्षकों को जिले के विभिन्न थाने में भेजा गया। 24 घंटे के अंदर सभी अपने नव पदस्थापन स्थल में योगदान देने का आदेश दिया गया है। थाने भेजे गये एएसआई में लक्ष्मण यादव को पांकी, महादेव उरांव व जेवियर मिंज को ऊंटारी रोड,जगमोहन बांद्रा व तुलेश्वर प्रसाद रजक को सदर, राजीव कुमार प्रथम को सतबरवा, देवब्रत रविदास को छतरपुर, रेवा शंकर राणा व मंटूस्ट महतो को शहर थाना एवं सुधीर कुमार को नावाबजार थाने भेजा गया है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### रोजगार सेवक मनोज कुमार का स्थानांतरण

**केतार।** उपायुक्त ने बुधवार को 12 मनरेगा कर्मियों का स्थानांतरण विभिन्न प्रखंडों में किया है। इसी क्रम में केतार प्रखंड के बलीगढ़ पंचायत के रोजगार सेवक मनोज कुमार का स्थानांतरण कांडी प्रखंड में हो गया है।

### गढ़वा में पागल कुत्ते ने दो युवती को काटा, घायल

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के तिवारीमरठीया गांव के आश्रम टोला मेंमंगलवार को पागल कुत्ते ने दो युवती को काटकर घायल कर दिया। इसमें चंदन चौहान कीपुत्री दिव्या कुमारी व रामनिवासराम चंद्रवंशी की पुत्री कुमकुमकुमारी शामिल हैं। दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदरअस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों नेबताया कि दिव्या कुमारी वकुमकुम कुमारी अपने घर केपास खड़ी थी। इसी दौरान एकपागल कुत्ते ने आकर दोनों कोकाट कर गंभीर रूप से घायलकर दिया। इसके बाद परिजनों नेइस घटना के बाद पागल कुत्ते कोपत्थर मार कर भगाया। इसकेबाद दोनों को घायल अवस्था मेंउठाकर गढ़वा सदर अस्पताल मेंभर्ती करवाया। घटना के बादलोगों में भय देखा जा रहा है।

### कुंदा के नए बीडीओ विवेक कुमार ने लिया पदभार



**कुंदा।** नए बीडीओ विवेक कुमार ने बुधवार को निर्वतमान प्रभारी बीडीओ विपिन कुमार से कुंदा प्रखंड कार्यलय में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान बीडीओ ने बुके देकर नए बीडीओ का स्वागत किया। वहीं नए बीडीओ ने प्रभार ग्रहण करने के बाद कर्मियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। कहा कि प्रथमिकता के आधार पर क्षेत्र का विकास करना मेरा प्रथम उद्देश्य रहेगा। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का लााभ आम लोगों तक पहुचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

### गिद्धौर प्रखंड में गणतंत्र दिवस की तैयारी जोरों पर

**गिद्धौर।** प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के साथ सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय में गणतंत्र दिवस की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में भी गणतंत्र दिवस की धूम मची हुई है। लोग राष्ट्रीय ध्वज अपने-अपने घरों पर लगाने को लेकर खरीदारी में जुट गए हैं, जिससे माहौल देशभक्ति में बदल गया है।

# ट्रक व बाइक की टक्कर में युवक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा-रेहला मार्ग पर बीएनटी मोड़ के समीप बुधवार की शाम ट्रक एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल लक्की अंसारी पिता रुस्तम अंसारी गढ़वा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा लाइनपार टोला का रहनेवाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि लक्की अंसारी ने मोटरसाइकिल से चेकनाका के समीप स्थित अपनी दुकान में जा रहा था। इस दौरान सामने से आए ट्रक संख्या जेएच 01 बीजेड 8998 ने उसकी मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में लक्की अंसारी को शरीर के विभिन्न हिस्से में गंभीर चोट लगी है। आसपास के लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया।

### आग तापने के दौरान किशोर झुलसा

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के सिरोई कला गांव निवासी चंदन कोरवा पिता नंदु कोरवा ने आग से झुलस गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि चंदन कोरवा को पहले से ही मिर्गी की बीमारी है। वह अपने घर में आग ताप रहा था। इस दौरान उसे मिर्गी का दौरा आ गया और वह आग में ही गिर गया। इस घटना में उसके शरीर का बायां हिस्सा झुलस गया।

# विधायक ने तीन सड़कों का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**
क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रखंड अंतर्गत तीन सड़कों का शिलान्यास किया। मौके पर शाही ने कहा कि धुरकी प्रखंड में तीन सड़कों, बीसुनिया से टटीदीरी, परासपानी पानी टंकी से सुखलदरी झरना तक, शुरू मोड़ से भूमफोर तक, की मांग ग्रामीणों ने की थी। सड़कों का निर्माण हो जाने से सभी गांव मुख्य सड़क से जुड़ जाएंगे। इससे गांव का



विकास हो पायेगा। उन्होंने कहा कि सड़क विकास का आइना है। जबतक विकास की किरण दिखाई नहीं देगी तबतक सामाजिक विकास नहीं हो पायेगा। उन्होंने कहा कि गांव में बिजली नहीं थी। कुछ इलाकों में बिजली जलती थी। लेकिन अब भगोडीह में पावर ग्रिड एवम टाटीदीरी में पावर सबस्टेशन बनवा दिए जाने से इस क्षेत्र में 22 घंटे बिजली दिलाई है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामप्रवेश गुप्ता, अखिलेश यादव, इनदरमणी जायसवाल, चनदरदेव बैठा, तेजू कोरवा, शशी कमलापूरी, सुदर्शन गुप्ता, रबिन्द्र यादव आदि उपस्थित थे।

# 'कमजोर वर्ग के लिए समर्पित रहा कर्पूरी ठाकुर का जीवन'

## आरके पब्लिक स्कूल में मनाई गई जननायक की जयंती, वक्ताओं ने रखे विचार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
पूर्व मुख्यमंत्री सह जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती आरके पब्लिक स्कूल में मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और असेंबली में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को उनके जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री एवं दो बार मुख्यमंत्री के पद को उन्होंने सुशोभित किया। वे बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। उनकी विचारधारा हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। गरीबों, दलितों और पिछड़ों को हक और अधिकार दिलाने में कपूर्री ठाकुर का योगदान सराहनीय है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। सामाजिक न्याय के पुरोधा के साथ वे एक कुशल संगठनकर्ता भी थे। सामाजिक बदलाव की शुरुआत उन्होंने की। वे पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने मैट्रिक तक निशुल्क पढ़ाई की घोषणा की थी। उनका जीवन हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री बनने पर किसानों को बड़ी राहत देते हुए गैर लाभकारी जमीन पर मालगुजारी टैक्स को खत्म कर दिया और बिहार में पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकारी नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था करने की पहल उन्होंने ही की थी। बेरोजगारी कैसे खत्म हो और लोगों को रोजगार देने की दिशा में उनके द्वारा किए गए कार्य सराहनीय हैं। इस दिशा में इंजीनियरिंग की डिग्री रखने वाले 5000 युवाओं को गांधी मैदान में बुलाकर नियुक्ति पत्र बांटने का काम किया। राजनीति को जन सेवा की भावना के साथ उन्होंने जिया था। उनकी इसी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जननायक कहा जाता है। उनका जीवन हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समर्पित रहा। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती सह शताब्दी समारोह का आयोजन

**भवनाथपुर।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती सह शताब्दी समारोह राष्ट्रीय नाई महासभा भवनाथपुर ईकाई द्वारा आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता महासभा के प्रखंड अध्यक्ष भृगुण ठाकुर द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने माल्यार्पण के पश्चात जननायक कर्पूरी ठाकुर की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही मुख्य अतिथि ने घोषणा की कि स्मारक का शीघ्र ही



सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसके लिए अपने जिला परिषद मद से 15 वें वित्त से स्वीकृति प्रदान की है। समारोह में राष्ट्रीय नए महासभा के प्रदेश सचिव कुंदन कुमार ठाकुर, प्रोफेसर डॉक्टर स्कंद भारती, सामाजिक कार्यकर्ता वेद प्रकाश आर्य, प्रखंड सचिव धनंजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुनील ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, बुधन ठाकुर, मनोज चंद्रवंशी, संगीता गुप्ता, रीना देवी आदि मौजूद रहे।

### कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर पीएम व प्रेसिडेंट को दी बधाई

**श्री बंशीधर नगर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न दिये जाने पर पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचंद्र केशरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इस कार्य के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी तथा क्षेत्र की जनता की ओर से बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर अपनी सेवा भावना के कारण जन नायक बने। वे हमेशा गरीबों के अधिकार के लिये लड़ते रहे। वे सरल हृदय के राजनेता थे। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ ओजस्वी वक्ता भी थे। वे दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे। अब जहां जहां कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा लगी है वहां सरकार की ओर से प्रत्येक वर्ष जयंती तथा पुण्यतिथि समारोह का भव्य आयोजन किया जाना चाहिये। उन्होंने सरकार से 24 जनवरी को अवकाश घोषित करने की मांग की है।

# पिछड़े समाज के लोगों से ओबीसी सम्मेलन में शामिल होने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच प्रमंडल की ओर से बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती पर मझिआंव में श्रद्धांजलि देते हुए नुक्कड़ सभा की गई। इसमें प्रमुख रूप से मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद, युगल पाल, अशर्फी चंद्रवंशी, अजय वर्मा, बीरेंद्र चंद्रवंशी, शंकर विश्वकर्मा, विजय कमलापुरी, आनंद विश्वकर्मा, धनजय सोनी, अशोक पाल, अख्तर अंसारी, अमर प्रसाद आदि वक्ताओं ने झारखंड में जातीय जनगणना, आरक्षण, शिक्षा व रोजगार के सवाल पर जोड़ दिया। कहा कि



यदि झारखंड में जातीय जनगणना नहीं कराई गई, आरक्षण सुनिश्चित नहीं किया गया, पिछड़ी जाति के बच्चों की शिक्षा मुक्त नहीं की गई और झारखंड में यदि टोकरी की नौकरी भी नहीं दी गई तो हम एक बड़ा आंदोलन की शुरुआत पूरे पलामू प्रमंडल में करेंगे। आगामी 11 फरवरी को ओबीसी समाज के लोगों से आग्रह किया गया।

### कल खेला जाएगा एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

**मझिआंव।** गणतंत्र दिवस पर एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मुखदेव हाई स्कूल के मैदान में 26 जनवरी को 12 बजे से खेला जाएगा। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भीम आर्मी से प्रदेश महासचिव सह आजाद समाज पार्टी के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भावि विधायक प्रत्याशी सिराज खान द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व खिलाड़ियों से ग्राउंड में परिचय प्राप्त कर किया जाएगा। खेल समापन के पश्चात विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसकी जानकारी व्यवस्थापक शाहबाज खान ने दी।

# पीलिया रोग से पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु से पूरा गांव शोकमय

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
सिलीदाग निवासी 47 वर्षीय अशोक चंद्रवंशी की पीलिया रोग के कारण मृत्यु हो गयी। इसकी खबर से पूरा गांव शोकमय हो गया। जानकारी के अनुसार अशोक का इलाज चल रहा था, जिसमें काफी खर्च होने के कारण घर में आर्थिक तंगी थी। मृतक एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गया। पुत्री की शादी की घर में तैयारी चल रही थी। पूर्व विधायक अनंतप्रताप देव, नागिन सिंह, मुकतेश्वर पांडेय, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, टिंकू कुमार (बोधी), सुरेंद्र पासवान, राकेश सिंह ने मृतक के घर पहुंच कर शोकाकुल परिजनों से मिलकर उनको ढांढस बढ़ाया। मृतक का अंतिम संस्कार सिलीदाग शमशान घाट पर किया गया।



# एफएलएन कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू




**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड के मध्य विद्यालय बलिगढ़. में बुधवार को एफएलएन कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बीपीएम रवि कुमार बैद्, प्रशिक्षक देवेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन प्रखंड के 40 विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन प्रशिक्षक देवेंद्र कुमार, विरेंद्र राम, नवीन प्रकाश, कृष्ण कुमार बैद् ने बारी-बारी से विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, बच्चों का सर्वांगीण विकास हेतु हिंदी, गणित, विज्ञान विषयों की सरलता पूर्वक शिक्षा देने सम्बंधित जानकारी दी गई।

वहीं संपर्क फाउंडेशन के तहत बच्चों को सरलता पुर्वक सिखने के टीएलएन का प्रयोग। बीपीएम रवि बैद् ने बताया कि शिक्षकों का चार चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर शिक्षक विजय कुमार, नीतू सिंह, सुधा कुमारी, रविंद्र यादव, अनीता कुमारी, अनुज सिंह, नरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने कार्यालयों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय परिसर में स्थित सामान्य शाखा, विधि शाखा, आपूर्ति कार्यालय, राजस्व शाखा, नजारत शाखा, भू अर्जन कार्यालय, जिला स्थापन शाखा, पत्र प्राप्ति कोषांग, सामाजिक सुरक्षा, जिला सूचना विज्ञान, खनन विभाग समेत अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति पंजी, ऑनलाइन उपस्थिति, कार्यालय में लंबित आवेदन, दस्तावेज का रख रखाव, साफ-सफाई समेत अन्य का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जिन कार्यालयों में पदाधिकारी व कर्मी अनुपस्थित पाए गए उन्हें सख्त चेतावनी देते



हुए कहा समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहना लापरवाह कार्यशैली को दशार्ता है। वैसे पदाधिकारी, कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी। आगे कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पदाधिकारी व कर्मी कार्यालय में ससमय उपस्थित रह कर आमजनों के समस्याओं का त्वरित निष्पादन करेंगे।

## पहल: बेलखोरी पंचायत में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने उठाया दही-चूड़ा भोज का आनंद

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
प्रखंड क्षेत्र के बेलखोरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को प्रखंड स्तरीय दही, चूड़ा, तिलकुट भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, डीएसपी केदार राम, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा समेत मुखिया व प्रखंड क्षेत्र के गण्यमाणय लोग शामिल हुए और चूड़ा, दही, तिलकुट का आनंद उठाया। कार्यक्रम का आयोजन आजसू नेता सतेंद्र उर्फ बमबम भगत, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह व शिव कुमार सिंह के सौजन्य से किया गया था। कार्यक्रम में मुखिया सह दिशा सदस्य मंजीत कुमार सिंह, इंटक



नेता प्रदीप कुमार सिंह, सीताराम सिंह, रसिक शिरोमणि, भोला प्रसाद सिंह, मनोज कुमार सिंह, रणधीर सिंह, मुखिया अशोक कुमार भुईयां, पंसस रामटहल प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र सिंह आदि शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत सचिव, अर्जन राम, रोजगार सेवक रूपेश कुमार, बिएफ्टी सुबोध कुमार, बीस सूत्री सदस्य जमील अख्तर, परमानंद सिंह, घमन प्रजापति आदि ने अहम भूमिका निभाई।


# रविदास जयंती मनाने को लेकर कमेटी का विस्तार



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
शिबला पंचायत के ग्राम मकरा मे संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर जितेंद्र कुमार रवि की अध्यक्षता में बैठक की गई। इसमें कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष भिखन राम, उपाध्यक्ष रामशंकर कुमार रविदास, सचिव विशेश्वर कुमार रवि, उपसचिव भोला राम, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार रवि, उपकोषाध्यक्ष प्रदीप राम को चुना गया। कोषाध्यक्ष ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास जयंती 24 फरवरी को मनाई जाएगी। इससे पूर्व 23 फरवरी को कलशयत्रा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर चलितर राम, महेन्द्र राम, विकास कुमार, केदार कुमार, सोनू कुमार, संजय कुमार, राजेंद्र कुमार, मोहन कुमार, पुरण राम, रुपेश कुमार, सकेंद्र राम, कार्तिक कुमार, रोहन कुमार रवि, भुनेश्वर राम, पुलु राम, बब्लु राम, सुनील राम, राजू राम बिनोद कुमार, अरविन्द कुमार आदि उपस्थित थे।

# अबुआ आवास आवंटन को लेकर मुखिया संघ ने बीडीओ को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड में झारखंड सरकार द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम तहत 24 नवंबर से 29 दिसंबर 2023 तक हर पंचायत में शिविर आयोजित कर हजारों की संख्या में अबुआ आवास योजना अंतर्गत लाभुकों की आवास क्रम सूची अनुसार करने की सूचना प्राप्त है। अबुआ आवास योजना ग्राम सभा के माध्यम से लाभुकों को आवास आवंटित किया जाए। इसको लेकर बीडीओ अमरेन डांग को मुखिया संघ ने आवेदन दिया।



## एक नजर

### उपायुक्त ने कारा सुरक्षा समिति की बैठक ली

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कारा सुरक्षा के मद्देनजर कारा में रखे गए कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सी.टी.वी, वाकी- टॉकी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई एवं कारा सुरक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया साथ ही कारा सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी ली गई एवं निर्देश दिया गया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, कारा अधीक्षक प्रभात कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत,लातेहार राजीव रंजन, विशेष शाखा पुलिस उपाधीक्षक आदि उपस्थित थे।

### जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक की गई। बैठक में समिति द्वारा लिपिक संवर्ग की प्रोन्नति सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। लिपिकों की सेवा संपुष्टि को लेकर चर्चा की गई। समिति द्वारा सर्वसम्मती से समाहरणालय संवर्ग के प्रशासी अधिकारी में 1, कार्यालय अधीक्षक में 5, प्रधान लिपिक पद पर 13 को प्रोन्नति दी गई। बैठक में अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार मो. परवेज, जिला कल्याण पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी जीतेंद्र गुप्ता, स्थापना उप समाहर्ता व कार्यालय अधीक्षक उपस्थित थे।

# 'बेटे-बेटी में फर्क करना शर्मनाक'

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बुधवार को जिला स्तरीय बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन डीआरडीए प्रशिक्षण हॉल में किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी ने लैंगिग समानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में 21वीं शताब्दी के दौर में भी आम व्यक्ति बेटी और बेटे में फर्क महसूस करते हैं। वर्तमान में झारखंड में लिंग अनुपात बालिका की तुलना में बालक का अधिक है, जो एक शिक्षित समाज के लिए शर्मनाक स्थिति है। साथ ही उपस्थित बालिकाओं से अपील की गयी कि हमें एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए एवं बेटी बेटे से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है इस संदेश को घर-घर पहुंचाना होगा। साथ ही इनके द्वारा भ्रूण हत्या एक कानूनन अपराध है पर प्रकाश डाला गया। जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने कहा कि भ्रूण हत्या कानूनन अपराध है। उन्होंने सभी माता-पिता से अपील की कि पुत्रियों को भी मौका दिया जाय ताकि वे भी अपने माता पिता का सपना साकार कर सके एवं उनका नाम ऊंचा कर सके। वहीं डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति धनंजय तिवारी, सदर अस्पताल के डॉक्टर तथा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा भ्रूण हत्या पर रोक लगाने की अपील की गई। वहीं बेटी बचाओ, बेटी पढाओ थीम पर छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा संस्कृति को प्रथम पुरस्कार तथा स्वेता कुमारी एवं पुष्पा कुमारी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## रोजगार सेवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**बालूमाथ।** रोजगार सेवक परमजीत सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना बुधवार देर शाम की है जब परमजीत ड्यूटी से वापस घर लातेहार जा रहा था। इसी दौरान थाना क्षेत्र के पालही ग्राम के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर से जा टकराया, जिससे गंभीर अवस्था में घायल रोजगार सेवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन रोजगार सेवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी है। वहीं पुलिस अग्रसर कार्यवाही में जुट गई है। डॉ संजय सिद्धार्थ के अनुसार परमजीत को सिर पर गहरी चोट के अलावे शरीर के अन्य हिंससे ने भी चोट आई थी।

# शिविर में हुई 4.30 लाख बिजली बिल की वसूली

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड मुख्यालय के मेन चौक पर बुधवार को बिजली बिल वसूली को लेकर शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 4.30 लाख रुपये की राशि वसूली गई। इस क्रम में कई उपभोक्ताओं ने नाम शुद्धिकरण के साथ बिजली बिल को लेकर कई शिकायत भी दर्ज करवाई। मौके पर सहायक विद्युत कर्मी विकास कुमार, संतोष कुमार, महावीर दांगी, पंकज कुमार, रमेश तिर्की, विकास कुमार, ऊर्जा मित्र छोटेलाल शर्मा व मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।



### दो दर्जन को नोटिस

**गिद्धौर।** प्रखंड के विभिन्न गांव के दो दर्जन बिजली बिल बकायेदारों को नोटिस दिया गया। इसके माध्यम से निर्धारित समय तक बिजली बिल बकाया जमा करने के लिए कहा गया। कनीय अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि प्रखंड के नयाखप, रुपिन, डढुआ, बारिसखी, मारंगी, सिंदुरब्बे सहित अन्य गांव के बकायदाओं को नोटिस दिया गया है। डपरोक्त का बिजली बिल बकाया लंबे अरसे से है।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर समारोह का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता नाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष बेचन ठाकुर व संचालन हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष आशीष दांगी ने की।

मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य रामसेवक दांगी, बीडीओ मोनी कुमारी, नाई समाज के जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर आदि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा भारत सरकार ने की है। कहा कि ठाकुर ने राजनीति को जनसेवा के रूप में अपनाया और गरीबों व वंचितों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया। समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में संजय ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, हिंदू जागरण मंच के जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश दांगी, भाजपा नेता महफूज रहमान, राजकुमार दांगी, सतीष ठाकुर, प्रमोद ठाकुर आदि ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी ने कपूर्री ठाकुर के बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मदन ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, रामसेवक ठाकुर, गेंदों ठाकुर, निरंजन ठाकुर, सुरेश ठाकुर, रामचन्द्र ठाकुर, तारा देवी, उर्मिला देवी, किरण देवी, आलति देवी आदि शामिल थे।

# 'कर्पूरी ठाकुर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत'

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

सामुदायिक भवन में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कमेटी द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड राजद अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव ने मौके पर उनके आदर्शों एवं विचारों को हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया। राजद शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद यादव ने कहा कि कर्पूरी जी व्यक्ति नहीं विचार थे। जिला महासचिव नेशार अहमद ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी द्वारा पिछड़े वर्ग को आरक्षण देना ऐतिहासिक कार्य था, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में जिला सचिव जगनारायण माली, कन्हाई प्रसाद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष मुसरत अली, मदन यादव, रविंद्र प्रसाद सोनी, महासचिव मुन्नी लाल, रियाजउद्दीन खां, असरफ खां, गुलजार खां, अशोक यादव, चन्द्रजीत यादव, नन्हकु सिंह, चन्द्र दीप ठाकुर, चरकु सिंह, कृष्ण यादव, बसंत कुमार राम, संतोष यादव आदि उपस्थित हुए।



### नाई समाज ने मनाई कर्पूरी ठाकुर जयंती

**महुआडांड़।** रामपुर स्थित ब्लॉक के पास रामनरेश ठाकुर के आवास पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। नाई समाज के अध्यक्ष बाबुलाल ठाकुर एवं झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ उपप्रमुख सह बीस सूत्री अध्यक्ष अभय मिंज एवं कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर ने जननायक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर रविन्द्र ठाकुर, रामनाथ यादव, नंनलाल ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, राम जायसवाल, सुदर्शन ठाकुर, उग्रीम ठाकुर, सोनु ठाकुर, रवि कुमार ठाकुर, अमरेश ठाकुर, मीडिया प्रभारी राजेश ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, राहुल ठाकुर, शंकर ठाकुर, विक्रम ठाकुर, रोहित ठाकुर, उज्जवल ठाकुर आदि मौजूद थे।

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................./दिनांक.................

**आम सूचना**

दिनांक 26.01.2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत सभी मीट, मुर्गा एवं मछली की दुकाने बंद रहेगी। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत मीट, मुर्गा एवं मछली विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को अपने सभी माँस की दुकानों को बन्द रखेगें। अन्यथा पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम, 2011 के तहत् कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 316858 District(23-24).D

# मानव श्रृंखला बना हसदेव के समर्थन में किया प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई के खिलाफ वहां के आंदोलनकारियों के समर्थन में केंद्रीय जन संघर्ष समिति, लातेहार-गुमला, ने बुधवार को 12 बजे दोपहर से 2 बजे दोपहर तक मानवश्रृंखला बनाकर तख्ती लेकर खड़े हुए। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज व पलामू व्याघ्र परियोजना के प्रभावित क्षेत्र महुआडांड़ से डालटेनगंज मुख्य मार्ग, शास्त्री चौक, बोहटा, बारेसांड़ और गारु, महुआडांड़-रांची मुख्यपथ में कुरुंद, चोरमुंडा और पकरीपाठ, बनारी, महुआडांड़-गुमला पथ में रजावल, नवाडीह, चैनपुर और गुमला में सिसई रोड में मानवश्रृंखला बनाकर हसदेव बचाओ आंदोलन का समर्थन किया। ज्ञात हो कि छतीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित हसदेव अरण्य भारत के सबसे बड़े वन क्षेत्रों में से एक है। हसदेव जंगल 1,70,000 (एक लाख सत्तर हजार) हेक्टेयर में फैला हुआ है। यहां अनेक प्रकार के पेड़-पौधे, जानवर और पक्षी पाए जाते हैं। यह जंगल कई दुर्लभ और लुप्त होती पशु-पक्षियों, एवं वनस्पतियों को अपनी गोद में शरण दिए हुए है। इसी जंगल में हसदेव नदी बहती है जिसे छतीसगड़ की जीवन रेखा भी कही जाती है। इसी हसदेव नदी में मिनीमाता बांगो बांध का निर्माण किया गया है। हसदेव अरण्य में कई आदिवासी समुदाय निवास करते हैं, जो यहां के पारंपरिक निवासी हैं, जिन्होंने अभी तक इस जंगल के वनस्पति एवं पशु पक्षियों के साथ सहअस्तित्व का जीवन जीते हुए इन्हें संरक्षित रखा है। छतीसगढ़ एवं केंद्र सरकार की मिली भगत से कोयला खनन के नाम पर हसदेव आरण्य में लगातार पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिसका वहां के आदिवासी व छतीसगढ़ के लोगों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। लेकिन सरकार द्वारा पेड़ों की कटाई नहीं रोकी जा रही। हसदेव अरण्य केवल छतीसगढ़ ही नहीं पूरे देश के लिए पर्यावरण दृष्टि से महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। आज के जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हसदेव अरण्य का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य भी है। मौके पर जेरोम जेराल्ड कुजूर, सचिव, अनिल मनोहर, सदस्य केन्द्रीय जन संघर्ष समिति, लातेहार-गुमला के साथ कई अन्य लोग मौजूद थे।

# अफीम माफियाओं पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को सूचना मिली कि एक उजले रंग के बोलेरो से तीन व्यक्ति अफीम की तस्करी के लिए मुरपा से बालूमाथ की तरफ जा रहे हैं। एसपी ने बालूमाथ थाना प्रभारी को सूचना देकर कार्रवाई करने को कहा। थाना प्रभारी धर्मेंद्र महतो ने छापामारी दल के द्वारा रामघाट व बालूमाथ मैक्लुस्कीगज मुख्य मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें उजले रंग की बोलेरो से लगभग 3.700 किग्रा गीला अफीम (गदा) एवं तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए। सवार तीन तस्कर अमृत यादव, पिता स्व. रूपलाल यादव, सा. सेरेगडा, अखले यादव, पिता मोहन यादव, सा. पिंडारकोम, बहेरा टोला, रितेश कुमार यादव, पिता स्व. चरख यादव, सा. मनसिंधा, तीनों थाना बालूमाथ, लातेहार को गिरफ्तार किया गया।

## कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................./

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.01.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह पेट्रोल पंप के पास से 16 पीस साल बोटा सहित एक मिनी ट्रक 407 संख्या– JH02J3808 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर रायडीह वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 31.01.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 316839 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, (I.T.D.A) लातेहार

(अ0ज0जा0,अ0जा0,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए PM-DAKSH के तहत एनएसकेएफडीसी के द्वारा भारत सरकार की स्किल डेवलपमेन्ट योजना तथा अपस्किलिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है इस योजना का लाभ सभी वर्गों के सफाई कर्मचारी/उनके आश्रित के अन्तर्गत आनेवाले वर्ग उठा सकते हैं। इसके लिए कोई आय मानदंड नहीं है।

इस योजना का लाभ 18–45 वर्ष के आयु वर्ग के इच्छुक उम्मीदवार **Mobile App: UMANG AND PM-DAKSH Portal (https://pmdosje.gov.in)** पर अपना पंजीकरण करा कर उठा सकते हैं।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR316831 (Welfare)23-24*D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**चोरी गयी वाहन**
**TVS अपाची मोटरसाईकिल**

गढ़वा थाना कांड सं0–567/23, दिनांक–24.11.2023, धारा–379 भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी मोटरसाईकिल **TVS** अपाची जिसका रजि0 न0–JH14D6342, इंजन नं0 –0E4AG911205 एवं चेचिस नं0–MD634kE4XG2A64114 का चोरी दिनांक–31.10. 2023 को रिलांयस मॉल गढवा से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.316826 Police(23-24):D

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)
## या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 43/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 16.01.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–सड़की, थाना नं0–84, थाना–कांडी, अंचल–कांडी, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **कांडी थाना भवन निर्माण योजना हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता, गढ़वा प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–सड़की, थाना नं0–84, थाना–कांडी, अंचल–कांडी, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.05 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | (सीमा भूखंड सं0) उ0,द0,पू.प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 285/206 | 160/78 | गैरमजरूआ खाता मगर T.S 25/1999 के अनुसार भृगुनाथ सिंह पिता–स्व0 नायक सिंह 5.00 ए0 रैयती। | रैयती | 0.05 | T.S 25/1999 के अनुसार अनिरूद्ध प्रसाद सिंह एवं राजेन्द्र सिंह दोनो पिता–स्व0 भृगुनाथ सिंह, सा0–सड़की, थाना–कांडी, जिला–गढ़वा, मगर वर्तमान में मांग कायम नहीं है। | उ0–पक्की सड़क द0–थाना परिसर पू0–थाना परिसर प0–पक्की सड़क |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके कार्यालय में प्रतिनियुक्त अमीन फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 316827 (Land Reforms) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**DWSD/GAR-RM-25**/2023–24
दिनांक–24.01.2024

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र (**BOQ**) प्राप्ति की तिथि :– 27-01.2024 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 03.02.2024 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03-02.2024 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (**BOQ**) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :–(1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)
10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-01 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 2 | रंका, रमकंडा एवं चिनियाँ | GAR/RM-02 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 3 | नगर उंटारी, रमना एवं विशुनपुरा | GAR/RM-03 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 4 | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | GAR/RM-04 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 5 | कांडी, बरडीहा एवं मझिआँव | GAR/RM-06 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 6 | मेराल एवं डंडई | GAR/RM-06 | 200 Nos. | 1,85,123.00 | 4,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 7 | धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-07 | 150 Nos. | 1,38,842.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 8 | भंडरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-08 | 150 Nos. | 1,38,842.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) यह निविदा मुख्यतः आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मददेनजर जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर अवस्थित बन्द पड़े नलकूपों को चालू करने एवं सामान्य रूप से साधारण मरम्मति हेतु बन्द नलकूपों को क्रियाशिल बनाये रखने हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है।

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.316878 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**भंडरा।** बेड़ो लोहरदगा मुख्यपथ में नौडीहा चौक के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सहित दो लोग घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार धोबाली निवासी भुनेश्वर बड़ाईक का 25 वर्षीय बेटा अमित बड़ाईक बाइक से भंडरा से धोबाली जा रहा था। इसी क्रम में भंडरा से पझरी की ओर पैदल जा रही छेदन गोप की 19 वर्षीय बेटी उर्मिला कुमारी को पीछे से टक्कर मार दी। इससे दोनों घायल हो गये। सीएचसी में चिकित्सकों के अनुसार उर्मिला की स्थिति गंभीर है।

### मतदाता दिवस आज

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों, निजी एवं सरकारी विद्यालयों, सभी सोसायटी/अपार्टमेंट, सभी कोचिंग संस्थान, सभी निजी एवं सरकारी संस्थान, रेलवे स्टेशन, बैंक, पोस्ट ऑफिस, सिनेमाघर, मॉल्स, बस स्टैंड, स्कूल, कॉलेज, जिला/अनुमंडल व प्रखण्ड कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली दुकान एवं अन्य प्रोमिनेन्ट स्थानों पर इससे संबंधित आयोजन होगा।

### विहिप सदस्य कराएंगे शिव मंदिर की बाउंड्री

**सेन्हा।** मुख्यालय स्थित शिव मंदिर को विहिप प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू की अगुवाई में मन्दिर का निरीक्षण करते हुये बाउंड्री कराने का निर्णय लिया। इस संदर्भ में रंजीत साहू ने कहा कि मंदिर के अगल बगल खुले होने के कारण गन्दगी का अंबार लग जाता है। जिससे पुजारियों को कठिनाई होती है। इसको देखते हुए संगठन ने मंदिर के चारों ओर बाउंड्री करने का निर्णय लिया है जिससे पुजारियों को किसी प्रकार का कठिनाइयों नहीं हो सके। निरीक्षण के मौके पर जितेंद्र साहू, राजू साहू, भोला साहू, मोहन महली, अमित महतो, कृष्णा पाठक, विजय पाठक, अशोक साहू सहित विहिप के सदस्य मौजूद थे।

### स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरूक रहें : सुरेश

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्री पंकज कुमार राय जिला कोऑर्डिनेटर तथा श्री भीष्म बड़ाइक ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने कहा कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान एवं कैंप लगाया जाएगा इस कैंप में फाइलेरिया की दवा बच्चों को दि जाएगी । उत्तम स्वास्थ्य जीवन हेतु यह दवा खाना अति आवश्यक है। कार्यक्रम की विशेष जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयत्न करना चाहिए।

### जिंदगी की जंग हार गए पूर्व प्रिंसिपल कमल बारला

**लोहरदगा।** लोहरदगा प्लस टू चुन्नी लाल हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य और अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के कर्मठ शिक्षक कमल कुमार बारला जिंदगी की जंग हार गए। करीब 2 महीने पहले रांची अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास उन्हें गंभीर रूप से घायल हालत में पाया गया था। रिम्स में उनका इलाज चल रहा था जहां वह लगातार कोमा में थे। तमाम कोशिशें के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। कमल बारला बेहद समर्पित शिक्षक रहे। स्कूल के छात्र-छात्रा को बहुत प्रिय रहे।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का संदेश घर-घर पहुंचाएं : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग लोहरदगा के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। मौके पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि हिंदी साहित्य एवं अंग्रेजी साहित्य के पुस्तको में नारी पर लिखित है उन्हें पढ़ने पर नारी स्थिति की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षित होने के बजाय काबिल होना चाहिए।

उपायुक्त ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले के बारे में बताया कि सावित्री बाई फुले को उनके पिता ने शिक्षा नहीं दी, बल्कि उनके पति ज्योतिबा फूले ने दी। भीलेबाड़ा गांव में शिक्षा प्राप्त कर पहली महिला विद्यालय की स्थापना कर बालिका शिक्षा को बढ़ाने का कार्य करती थी। उन्होंने विभिन्न यातनाओं को सहकर भी बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाया। उपायुक्त ने बताया की जिले में आइआइटी, नीट की तैयारी कराई जा रही है। जिन बालिकाओं की इच्छा हो वे कोचिंग में भाग लेकर आगे बढ़ सकती हैं। यहां की छात्राएं भी परीक्षाओं में सफल हो रही हैं। आपलोग में कोई भी इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर देश के अच्छे शिक्षण संस्थाओं में नामांकन पाकर जिले का नाम रौशन करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा पाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना सबसे बड़ी आजादी है। आप बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ के संदेश को घर घर पहुंचाएं। इस अवसर पर रंगोली का निर्माण किया गया। शिक्षा, खेल,कला संस्कृति, गायन, नृत्य आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपस्थित सभी लोगों को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, भ्रूण हत्या पर रोक, विषमता को दूर करने और इसके जागरूकता को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई। मौके पर सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका, विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं आदि उपस्थित थे।






### भारत के संविधान में पुरुष व महिला को बराबरी का अधिकार है, ये बातें व सोच सिर्फ गोष्ठी तक ना रहे, यह संदेश घर तक जाए : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने कहा कि हम एक ऐसे देश से आते हैं जहां भारत माता की जयकारा होती है। नारी शक्ति को मातृ शक्ति कहा जाता है। फिर इस देश में महिलाओं के साथ भेदभाव होती आई है। पुरुष एवं महिला में समानता का दृष्टिकोण होना चाहिए। भारत के संविधान में बराबरी का अधिकार है। ये बातें व सोच सिर्फ गोष्ठी तक ना रहें यह संदेश घर तक जाएं। उन्होंने कहा कि आप सशक्त होंगे तो समाज और देश सशक्त होगा। उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि यह कटु सत्य है कि हमारे समाज में लिंग आधारित भेदभाव है। समाज में लड़का और लड़की में भेदभाव शिक्षा प्रदान करने में भी किया जाता है। लड़कों की तुलना में लड़कियों को सुविधा कम प्रदान की जाती है। भारत सरकार की योजना का उद्देश्य है कि शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती रहे। समाज में यह संदेश जाना चाहिए कि जो भेदभाव है उसे समाप्त किया जाना चाहिए। अधिकार की लड़ाई में समान अवसर मिलना चाहिए। घरेलू हिंसा पर नियंत्रण के लिए शिक्षा जरूरी है। बालिकाओं में भी महत्वाकांक्षी होती है। आगे बढ़ना चाहती है उनके साथ होने वाले भेदभाव को खत्म करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# डीसी-एसपी ने फुल ड्रेस परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

### बीएस कॉलेज स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम, मंत्री डॉ. उरांव करेंगे झंडोत्तोलन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

गणतंत्र दिवस पर होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल बुधवार को बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम के मैदान में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में जिला आरक्षी बल की दो (पुरुष-1, महिला-1), गृह रक्षा वाहिनी का 1 (पुरुष), सहायक पुलिस बल की 2 (पुरुष-1, महिला-1), जवाहर नवोदय विद्यालय लोहरदगा से एनसीसी की 2 (बालक व बालिका), नदिया हिंदू स्कूल ऑफ एक्सलेंस विद्यालय लोहरदगा से एनसीसी की 2 (बालक 1 एवं बालिका 1), उर्सलाइन बालिका उच्च विद्यालय से गाईड की 1 टुकड़ी और कस्तूरबा बालिका एक्सलेंस उच्च विद्यालय लोहरदगा से 1, संत स्तनालिस उच्च विद्यालय की स्काउट 1 टुकड़ी शामिल हुईं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस को बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में होनेवाले मुख्य कार्यक्रम में राज्य के योजना-सह-वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम स्थल पर झंडोत्तोलन किया जायेगा।



#### 26 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम

प्रातः 7.30 बजे उपायुक्त आवास परिसर में उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। इसके बाद जिले के पदाधिकारियों द्वारा प्रातः 8 बजे से 8.45 बजे तक जिले में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण किया जायेगा। बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा 9 बजकर 15 मिनट पर बी एस कॉलेज स्टेडियम में झंडोत्तोलन किया जाएगा। मुख्य अतिथि का आगमन स्टेडियम में सुबह 9 बजे होगा। इसके बाद वे परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान, मंत्री का अभिभाषण होगा। इसके पूर्व विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें स्वास्थ्य, जिला समाज कल्याण, जिला कृषि कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय, शिक्षा विभाग कार्यालय समेत अन्य विभाग की भी झांकियां शामिल हैं। पारितोषिक का भी वितरण किया जाएगा।

#### महापुरुषों की प्रतिमा पर होगा माल्यार्पण

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, समाहरणालय परिसर एवं शंख नदी के पास भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा, गुदरी बाजार में महात्मा गांधी की प्रतिमा, अजय उद्यान स्थित अजय कुमार सिंह की प्रतिमा, पावरगंज चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, सोमवार बाजार स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा और मैना बगीचा स्थित वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उपरोक्त सभी माल्यार्पण कार्यक्रम 8 बजे पूर्वाह्न से 8.45 बजे पूर्वाह्न के बीच सम्पन्न किये जायेंगे।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आज आयोजन

इसके साथ ही 25 जनवरी की संध्या 6.00 बजे से नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं देशभक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

# प्रिया कुमारी ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्राप्त किया जिले में सर्वश्रेष्ठ स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे परीक्षा पर चर्चा विषय पर आधारित जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के नवम कक्षा की बहन प्रिया कुमारी ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता केंद्रीय विद्यालय बरही में आयोजित थी। जिले के सभी विद्यालयों से चयनित भैया बहनों ने इसमें भाग लिया था। विद्यालय की आचार्या प्रोन्नति यादव के नेतृत्व में 20 बहनें प्रतियोगिता में भाग लेने गई थीं। सभी का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय की बहन प्रिया कुमारी की उपलब्धि पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद सहित सभी पदाधिकारी गण एवं विद्यालय के सभी आचार्य आचार्य ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल रज्जाक अंसारी जयंती पर किए गए याद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल रज्जाक अंसारी की जयंती मोमिन भवन लोहरदगा में मनाई गई। इस मौके पर मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहादत हुसैन ने कहा की अब्दुल रज्जाक अंसारी छोटानागपुर स्वतंत्रता के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए और हमेशा दबे कुचले की आवाज बने। आज उन्हें याद कर उनके बताए रास्ते में चलने की जरूरत है। जिला मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष सिकंदर अंसारी ने कहा की रज्जाक अंसारी हमेशा दबे कुचले की आवाज थे। अपने बिहार के समय एम एल सी बने तो मोमिन अंसारियो के लिए बीभर्ष का निर्माण किए और सरकार से उचित मूल्य पर सुत का इंतजाम करवाए पूरे छोटा नागपुर के मोमिनों को जागृत किए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मोमिन कांफ्रेंस मोजामिल अंसारी, सवारत हुसैन, कार्यकारी अध्यक्ष जहूर अंसारी, रऊफ अंसारी, रहमत अंसारी, सरफुल अंसारी, अब्दुल कादिर अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/14/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 06.02.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 07.02.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 07.02.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 3 Room Hostel and Boundary Wall at Kauwakhoh, Hariharganj, Daltonganj, Palamu. | 4235600.00 | 85000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 2. | Construction of 14 Nos Toilet, Septic tank and Deep Borwell in KGBV under Block Satbarwa, Palamu. | 2938100.00 | 60000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 3. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Bishrampur, Daltonganj, Palamu. | 3081200.00 | 62000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 4. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Chainpur, Daltonganj, Palamu. | 3081200.00 | 62000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 5. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Chhattarpur, Daltonganj, Palamu. | 3081200.00 | 62000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 6. | Construction of Boundary Wall of First Class Animals Hospital, Lesliganj, Palamu. | 4686700.00 | 94000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 7. | Construction of 03(Three) Class Room in Rajkiyekrit PS Turkadih Under Block Lesliganj, Palamu. | 2998800.00 | 60000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 8. | Construction of 04 (Four) Class Room in Rajkiyekrit +2 High School Lalgarh Under Block Bishrampur, Palamu. | 4199100.00 | 84000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 9. | Construction of 04 (Four) Class Room in UPG Rajkiyekrit High School Mahugawn Under Block Chainpur, Palamu. | 4199100.00 | 84000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 10. | Construction of 04 (Four) Class Room in UPG Rajkiyekrit High School Patariya Under Block Haidernagar, Palamu. | 4199100.00 | 84000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 11. | Construction of 04 (Four) Class Room in UPG Rajkiyekrit MS Badoliya Under Block Hussainabad, Palamu. | 4199100.00 | 84000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 12. | Construction of 04 (Four) Class Room in UPG Rajkiyekrit MS Rahaya Under Block Manatu, Palamu. | 4199100.00 | 84000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 13. | Construction of 04 (Four) Class Room in Rajkiyekrit Rahmaniya +2 High School Tara Under Block Mohammadganj, Palamu. | 4199100.00 | 84000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 14. | Construction of 04 (Four) Class Room in UPG Rajkiyekrit High School Hutar Under Block Ramgarh, Palamu. | 4199100.00 | 84000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 15. | Construction of 04 (Four) Class Room in Rajkiyekrit +2 High School Tarhsi Under Block Tarhsi, Palamu. | 4199100.00 | 84000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 16. | Construction of 04 (Four) Class Room in UPG Rajkiyekrit Girls High School Chiyanki Under Block Daltonganj, Palamu. | 4199100.00 | 84000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 17. | Construction of Hall in Rajkiyekrti MS Sudna at Daltonganj, Palamu. | 4234100.00 | 85500.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 18. | Construction of P.C.C Road Jawahar Navoday School- 2, Japla, PanchayatHussainabad Under Block - Hussainabad, Palamu. | 4252700.00 | 85500.00 | 5000.00 | 03 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अद्यतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR.NO.316866 Building(23-24):D


**पहल** — एमबी डीएवी विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने लिया भाग

# गणतंत्र दिवस पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को भारत के संविधान का निर्माण किया गया था। संविधान ने हमें मौलिक अधिकार, आस्था, स्वतंत्रता, शांति और गौरव दिया।

यह दिन हर साल पूरे देश में बहुत खुशी और गर्व के साथ मनाया जाता है। छात्रों में देशभक्ति की भावना जगाने तथा अपने गौरवान्वित इतिहास से परिचित करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा विषय पर विविध प्रतियोगिताओं जैसे कागज के तिरंगे गुब्बारे, गुलदस्ता, शिल्प निर्माण, ऐतिहासिक स्मारक तथा गणतंत्र दिवस शुभकामना कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के मध्य किया गया। इसमें कक्षा एलकेजी में सूर्यांश कुमार साहू, अंश रंजन, अमर उरांव, प्रशांत उरांव, आद्या उरांव, कन्यका गुप्ता, दिव्यांश उरांव व वेदिका मेहता कक्षा यूकेजी में एसके सुहान, अमीरा फलक, आराध्या शर्मा, दर्शील भगत, अपूर्व राज, मनीष उरांव, अथर्व कृति, सूर्यराज यादव, प्रोतिष्ठा गोराईं, अन्वी रानी, अलीका अम्बर, सैयद इब्राहिम, एमडी अर्ष, गुलाम नूर यजदानी व नेमत जहां कक्षा प्रथम में इजान अख्तर, आयुष भगत, आराधना केरकेट्टा, आरोही वर्मा, रयान कुजूर व परी कुमारी कक्षा द्वितीय में आरोही कुमारी, पल्लवी कुमारी, हर्षित राज, अर्पण उरांव, आयुष शर्मा, मान्य राज, प्रिंस कुमार, अखलाद, हेमांगी नाग, अनन्या कुमारी, अनम अक्सा, नव्या तरुषी, नफीस, शिवम वर्मा, अंशुमान गोयल, अतुल अनीस, शिखा मेहता, भव्या सिंह, जिविषा बोचिवाल, प्रनीत भगत, अभिराज स्पर्श व रीत कुमार ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इन प्रतियोगिताओं में अश्विन पात्रों, देवकी कुमारी, संगीता मित्तल, सोमिता दास, रजनी प्रसाद व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
(E -MAIL ID – midloh632@gmil.com)

पत्रांक ............../          लोहरदगा, दिनांक................/

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक – 48 दिनांक – 19.01.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-24/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 316552 Lohardaga (23-24)D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 6. | Last Date for online Submission of Tender Fee and EMD | 30.01.2024 at 5:00 PM |

अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 316862 Lohardaga(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
( E -MAIL ID - midloh632@gmil.com)

पत्रांक ................/   लोहरदगा, दिनांक................./

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक – 47 दिनांक – 19.01.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-23/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 316542 द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 6. | Last Date for online Submission of Tender Fee and EMD | 30.01.2024 at 5:00 PM |

अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR316861 (Lohardaga) 23-24*D

## कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा
## पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला,
## समाहरणालय, लोहरदगा

दूरभाष: (06526) 222932, QSDI% 224599
ई–मेल: ssaloh@rediffmail.com
lohardagassa@gmail.com

### आवश्यक सूचना

विभागीय आदेश संख्या 3863 दिनांक 10.10.2023 एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के विज्ञापन संख्या 06/2023 के आलोक में जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही, लोहरदगा में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला/पुरूष अभ्यर्थियों से शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 30.11.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से मांग की गई थी। उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा भेजी गई आवेदन पत्र का प्रविष्टि कर अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ जिले के अधिकृत वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर प्रकाशित की गई है।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि कार्यालय द्वारा प्रविष्ट किये गये डाटा में यदि किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो तो दिनांक 03.02.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक अपनी दावा/आपत्ति (साक्ष्य के साथ) आवेदन कार्यालय में जमा कर सकते है। उक्त तिथि के बाद किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,
लोहरदगा

PR 316856 Lohardaga(23-24)#D

## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

### आम सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) चतुर्थ घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु भारत सरकार द्वारा विभिन्न वित्तीय वर्षो में आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत आवास योजनाओं के तहत नगर परिशद, गढ़वा अंतर्गत ऐसे लाभुक भी है, जो विभिन्न कारणों से यथा योजना का लाभ लेने के इच्छुक नही है/विवादित भूमि है/भूमि की दस्तावेज नही है/अयोग्या लाभुक है जैसे विभिन्न कारणों से योजना का लाभ लेने से वंचित होकर नाम को प्रत्यार्पित सूची में शामिल कर दिया गया हैं।

अतः ऐसे प्रत्यार्पित लाभुको की सूची निम्नवत् है :–

| SN | Name | FName |
|---|---|---|
| 1 | Shamima Khatoon | MD SAEED AHMAD |
| 2 | Sufiya Jamal | Mokhtar alam |
| 3 | fulmati devi | shankar prajapati |
| 4 | Sakila Devi | Kripa Kumar |
| 5 | BACHIYA DEVI | RAM NATH BAITHA |
| 6 | PRAFUL TIWARI | ANIRUDH TIWARI |
| 7 | ruksar | nasim khan |
| 8 | Shaidun Bibi | Ibrahim khan |
| 9 | Shobha Tiwari | Aniroodh Tiwari |
| 10 | SANGITA DEVI | RAJKUMAR MEHTA |
| 11 | Tetari Kunwar | badri Ram |
| 12 | Urmila Devi | Mandeep Kumar |
| 13 | Shila Devi | Muni ram |
| 14 | AKASH DEEP KESHRI | SUBHASH CHANDRA KESHRI |
| 15 | Ankit Kumar | Uday Kumar Dwivedi |
| 16 | ASHMA BIBI | Sanauvar khan |
| 17 | Devanti Devi | Puroshotam |
| 18 | Gulab Devi | Kailesh Ram |
| 19 | Hasina Khatoon | Md Aslam Ansari |
| 20 | Kanti Devi | Dilip Prasad |
| 21 | manish kumar yadav | rajdev yadav |
| 22 | Nawnit Kumar Upadhyay | Sidheswar Upadhyay |
| 23 | Nirawati Devi | Binod Kumar Vishwakarma |
| 24 | Paras Kumar Soni | Mani Soni |
| 25 | SANGITA DEVI | BIRENDRA KUMAR TIWARI |
| 26 | SURYA PRAKASH KESHRI | SUBHASH CHANDRA KESHRI |
| 27 | Sweta Devi | Santosh Kumar Gupt |
| 28 | Rupesh Kumar | Saryu Mahto |
| 29 | Amal Pushp | Anup kumar |
| 30 | Ashiya Praween | Hrun Khan |
| 31 | Firdos Khan | Rasid khan |
| 32 | Jyoti Devi | Dilip Kumar |
| 33 | manik chand yadav | narayan yadav |
| 34 | Manmohan Kumar Prajapati | Muneshwar Prajapati |
| 35 | Naresh Das | Rajkumar Das |
| 36 | rahisa khatun | tanveer alam |
| 37 | Raju Kumar | Vishwanath Seth |
| 38 | Rehana Khatoon | Zainul Abedin Khan |
| 39 | Rima Devi | Santosh Ram |
| 40 | SADDAM KHAN | NASIM KHAN |
| 41 | SAMLI DEVI | MAHENDRA RAM |
| 42 | SANJAY PRASAD GUPTA | MATHURA GUPTA |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 316855 Urban Development(23-24)#D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।
## आवश्यक सूचना

### चोरी गयी वाहन
### स्पलेण्डर NXG मोटरसाईकिल

गढ़वा थाना कांड सं0–489/23, दिनांक–17.10.2023 धारा–379 भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर **NXG** जिसका रजि0 न0–CG12AD0465, इंजन नं0–HA12EFB9M00631 एवं चेचिस नं0–MBLHA12EMB9M02374 का चोरी दिनांक–17.10.2023 को आर0पी0सेवासदन साई मुहल्ला गढवा से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 316825 Police(23-24)D

## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा।

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित

### आवश्यक सूचना।

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2022–23 का **Status "Pending at DNO Officer"** है, आवेदन पेंडिंग होने पर पेंडिंग होने का कारण दिया गया है। अपने Login id एवं Password का उपयोग करते हुए संबंधित कागजात की मूल प्रति को पोर्टल पर दिनांक **31 जनवरी 2024** तक निश्चित रूप से अपलोड/सुधार करते हुए अपने आधार न0 को बैंक खाता से लिंक/सकिय (Active) करा लें। **चूंकि पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।**

उक्त तिथि के पश्चात् ई–कल्याण पोर्टल बंद हो सकता है, जिस कारण से छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है।Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR 316851 (Lohardaga) 23-24 (D)

## कार्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति,डालटनगंज (पलामू)

### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य बाजार प्रांगण में पूर्व से निर्मित 1000 एम0टी0 क्षमता का गोदाम सं0– 01 (बी) जिसका कुल क्षेत्रफल 5439 (पाँच हजार चार सौ उनचालीस) वर्गफीट है एवं उक्त गोदाम का किराया 05.00 (पाँच) रू0 प्रतिवर्गफीट की दर से कुल 27195.00 (सताईस हजार एक सौ पनचानबे) रू0 प्रतिमाह है, का आवंटन किया जाना है। पर्षदीय निदेशानुसार कृषि उपज का संव्यवहार करनेवाले भारत सरकार/ झारखण्ड सरकार के सरकारी संस्थान को आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। यदि किसी भी सरकारी संस्थान के द्वारा उक्त गोदाम के आवंटन हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो उस स्थिति में कृषि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म को उक्त गोदाम का आवंटन पर विचार किया जा सकेगा। गोदाम जिस अवस्था में है, उसी अवस्था में आवंटन किया जाएगा।

अतः इच्छुक भारत सरकार/झारखण्ड सरकार के अधिकृत सरकारी संस्था एवं कृषि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म अपना–अपना आवेदन दिनांक– 27.01.2024 तक कार्यालय काल में समर्पित कर सकते है।

एक से ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी से आवंटन किया जाएगा तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू)

PR 316845 (District) 23-24 (D)

## कार्यालय नगर पंचायत,
## हुसैनाबाद (पलामू)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हुसैनाबाद नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक–IV अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 में स्वीकृत आवास के ऐसे लाभुक जो विभिन्न कारणों से यथा योजना का लाभ लेने के इच्छुक नहीं है/विवादित भुमि है/आयोग्य लाभुक है, ऐसे सभी लाभुकों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि आपका नाम भारत सरकार के पास प्रत्यर्पण हेतु भेजी जा रही है। भविश्य में आपके द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार का दावा नहीं किया जाएगा। इस संबंध में किसी को कुछ आपत्ति है तो दो दिनों के अंदर हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में आकर सूचित करना सुनिश्चित करें:–

| S.N. | Beneficiary Code | Beneficiary Name | Father/Husband Name | PermanentAddress | Ward_Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0320801784596952090 | AFTAB ANSARI | NOOR ALAM | MOHAMMADABAD | ward 15 |
| 2 | 0320801784596982013 | JAIBUN NISHA | SHALAHUDDIN | MOHAMMADABAD | ward 15 |
| 3 | 0320801784596956767 | KHATIZA BIBI | MD YAKUB ANSARI | MOHAMMADABAD | ward 15 |
| 4 | 0320801784596952117 | MD SHAHNAWAZ ALAM | MD SABIR ANSARI | MOHAMMADABAD | ward 15 |
| 5 | 0320801784596955939 | NAIMUN NISHA | NAUSHAD ALI | MIRZAPUR | ward 15 |
| 6 | 0320801784596953018 | RAMJAN MIYAN | MUGHALJAN MIYAN | MOHAMMADABAD | ward 15 |
| 7 | 0320801784596934965 | RAUSHAN ARAF | AMINUDDIN ANSARI | MIRZAPUR | ward 15 |
| 8 | 0320801784596956675 | AFRINA KHATOON | MD SHOIB AKHTAR | MOHAMMADABAD | ward 15 |
| 9 | 0320801784597107898 | GOSHIYA SULTANA | SUHAIL AHMAD | KHALIFA MUHALLA | ward no.-11 |
| 10 | 0320801784597110535 | NILAM DEVI | GUPTESWAR PRASAD | KURMI TOLA | ward no.-11 |
| 11 | 0320801784597104545 | SANTOSHI DEVI | RAMESH PANDEY | KURMI TOLA | ward no.-11 |
| 12 | 0320801784597105287 | DEVRANI DEVI | LALAN PRASAD GUPTA | KURMI TOLA,JAPLA | ward no.-11 |
| 13 | 0320801784597177621 | HINA KAUSAR | MD ANISUDDIN ANSARI | HANUMAN BIGHA | ward no.-13 |
| 14 | 0320801784597045785 | LALITA DEVI | RAJ KUMAR PASWAN | JAPLA CHOUBEY | ward no.-13 |
| 15 | 0320801784597017749 | LALTI DEVI | RAJESH YADAV | JAPLA CHOUBEY | ward no.-13 |
| 16 | 0320801784597001173 | NAGENDRA KUMAR | KRISHNA RAM | JAPLA CHAUBEY | ward no.-13 |
| 17 | 0320801784596994956 | NAJMA KHATOON | SAKHAR MUSTFHA | JAPLA CHAUBEY | ward no.-13 |
| 18 | 0320801784597101349 | PUSHPA KUMARI | KUNDAN KUMAR | JAPLA CHAUBEY | ward no.-13 |
| 19 | 0320801784597051098 | RINA DEVI | RANJIT PASWAN | JAPLA CHOUBEY | ward no.-13 |
| 20 | 0320801784597020639 | Rokhsana khtoon | mohammad zubair ansari | japla choubey | ward no.-13 |
| 21 | 0320801784597037369 | anjum ara | mohammad manir sajjad | RAMZAN BIGHA | ward no.-13 |
| 22 | 0320801784596995972 | BIKI KUMAR | DHARMENDR RAM | JAPLA CHAUBEY | ward no.-13 |
| 23 | 0320801784597074015 | AMANA BIBI | MUKHTAR KHAN | JAPLA CHAUBEY | Ward no- 14 |
| 24 | 0320801784597027191 | PINKU KUMARI | RAVI KUMAR RAVI | DATA NAGAR | ward no-14 |
| 25 | 0320801784597147652 | PUJA KUMARI | SUNNY KUMAR | RAMBIGHA | ward no.-3 |
| 26 | 0320801784597160474 | ANITA DEVI | MITHILESH PRAJAPTI | JAPLA DHARHARA | ward no.-3 |
| 27 | 0320801784597122042 | RITA DEVI | AYODHYA PRASAD GUPTA | JAPLA DHARHARA | ward no.-5 |
| 28 | 0320801784597169695 | SUMIT KUMAR | BINDU SHARMA | SAIDABA | Ward no-2 |
| 29 | 0320801784596981982 | MOHAMMAD EKHALAK | JALALUDDIN RANGSAJ | ISLAMGANJ | ward no.-7 |
| 30 | 0320801784596976273 | PRAKASH LAL | VIJAY RAM RAVI | ISLAMGANJ | ward no.-7 |
| 31 | 0320801784597007292 | JHARO DEVI | AYODHYA CHOUDHRY | KURMI TOLA | ward no.-8 |
| 32 | 0320801784596933439 | PREMA DEVI | RAJ KUMAR PRASAD | MAIN ROAD JAPLA | ward no.-9 |
| 33 | 0320801784596933889 | ARTI DEVI | SANTOSH KUMAR KESHRI | MAIN ROAD JAPLA | ward no.-9 |
| 34 | 0320801784597070337 | shila devi | vinod yadav | shiv puri | ward no.-1 |
| 35 | 0320801784597082836 | SANGITA DEVI | LAXMAN YADAV | KANUA BIGHA | ward no.-8 |
| 36 | 0320801784597076492 | DEVENDRA KUMAR | NARESH PRASAD CHAUDHARY | JAPLA CHAUBEY | ward no.-8 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद।

PR.NO.316847 District(23-24):D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची।
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा, विकास भवन, राँची)
Email - dsoranchigov@gmail.com

### अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति (Very Short Term Expression of Interest)
### "आमंत्रण सूचना"

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड सरकार की निधि अन्तर्गत पतरातू घाटी एवं प्रमुख हेयरपिन बैण्ड में एक वर्ष तक आवश्यक दिवार लेखन, पेंटिंग, साईनेज लेखन एवं अधिष्ठापन तथा अवांछित लेखन मिटाने आदि कार्य हेतु इस क्षेत्र के इच्छुक एवं अनुभवी, पेंटर/संस्थान/ट्रस्ट/गैर सरकारी संगठन/फर्म आदि से दर निर्धारण हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) दिनांक **01.02.2024** को **11.30** बजे पूर्वाहन तक जिला खेल पदाधिकारी– सह–जिला पर्यटन विकास पदाधिकारी के विकास भवन में अवस्थित कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है।

इच्छुक प्रस्तावक संबंधित कार्य स्थलों का भ्रमण कर अपना प्रस्ताव समर्पित कर सकते हैं ।

"इच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश राँची जिला के वेबसाईट **www.ranchi.nic.in** तथा जिला खेल पदाधिकारी, राँची के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 01.02.2024 के 12.30 बजे (अपराह्न)** जिला क्रय समिति/जिला मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वित्तीय बीड़ खोला जायेगा। उल्लेखित कार्य संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 7428346594/7488035223 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, राँची।

PR 316879 (Ranchi) 23-24 (D)

## कार्यालय
## जिला परिषद, लातेहार

### सूचना

एतद् द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत निवास करनेवाले नागरिकों को सूचित किया जाता है कि जिला परिशद लातेहार अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों में संवेदकों का निबंधन कराया जाना है। दिनांक 27.10.2023 को सम्पन्न जिला परिषद की मासिक बैठक के कार्यवाही ज्ञापांक 926 दिनांक 26.12.2023 के कण्डिका संख्या–148 में उक्त कार्य हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। अतएव लातेहार जिला में निवास करनेवाले इच्छुक नागरिक दिनांक 30/01/2024 से कार्यालय अवधि में विहित प्रपत्र मो0 500.00 रूपये बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जो लातेहार में भुगतेय हो तथा सचिव, जिला परिषद, लातेहार के पदनाम से देय हो कार्यालय अवधि में जमा कर एतद संबंधी आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। निबंधन हेतु अन्य दस्तावेज निम्नवत संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. वैसे नागरिक जो जनप्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित किये गये है उनकी निबंधन नहीं किया जाएगा।
2. विहित प्रपत्र "क" में आवेदन पत्र दाखिल करना होगा।
3. PAN CARD की स्वप्रमाणित छाया प्रति।
4. आवेदन पत्र में चिपकायी गयी रंगीन फोटो की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
5. पते का प्रमाण पत्र। (पहचान पत्र/आधार कार्ड/स्थानीय/अवासीय प्रमाण पत्र)
6. बैंक ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत (मूल में संलग्न करे) जो सचिव, जिला परिषद, लातेहार के नाम से लातेहार शाखा में भूगतेय होगा
7. यदि पावर आफ अटर्नी है तो उसकी अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें।
8. इस आशय की शपथ पत्र संलग्न करना होगा कि उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है तथा उन्हे किसी विभाग द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है।
9. हाल में खींची गई पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो के 03 अतिरिक्त प्रति।
10. पार्टनशीप फर्म के लिए संबंधित डीड की प्रति (स्व अभिप्रमाणि)
11. आवेदक का चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त स्तर) का संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. प्रथम निबंधन 05 वर्शो के लिए मान्य होगा। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात 90 दिनों के अन्दर डेढ गुणा निबंधन शुल्क की राशि जमा कर निबंधन नवीनीकरण कराया जा सकता है।
13. संवेदकों का श्रेणी एवं श्रेणीवार निर्धारित निबंधन नवीकरण शुल्क इस प्रकार है:–

| क्र0 | निविदा राशि की सीमा | निबंधन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | श्रेणी–2 (50 लाख से 2.50 करोड तक) | 1.00 लाख |
| 2 | श्रेणी–3 (10 लाख रू0 से 50 लाख रू0 तक) | 25 हजार |
| 3 | श्रेणी–4 (10 लाख रू0 तक) | 10 हजार |

14. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26/02/2024 (कार्यालय अवधि)
15. सरकार सेवा से हटाए गये व्यक्ति, संवेदकों के स्वीकृत सूची से हटाए गए व्यक्ति, निलंबित सरकारी सेवक, न्यायालय से दोशी पाए गये व्यक्ति एवं किसी भी विभाग द्वारा असैनिक कार्यो हेतु प्रतिबंधित/कालीसूची में अंकित व्यक्ति/फर्म के आवेदक होने की स्थिति में ऐसे आवेदक का निबंधन नहीं किया जाएगा।
16. सिर्फ जिला परिषद कार्यालय, लातेहार से निर्गत मूल आवेदन पत्र जिस पर सचिव, जिला परिषद, लातेहार का मुहर अंकित होगा उसे ही विचारार्थ स्वीकार किया जाएगा।
17. निबंधित संवेदकों का निबंधन शुल्क किसी भी अन्य आधार या कारणवश वापस नहीं होगा।
18. इस संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद के स्थिति में अध्यक्षा जिला परिषद का निर्णय सर्वमान्य होगा तथा किसी भी न्यायालय में कोई मामला दायर नहीं किया जाएगा।
19. उक्त सूचना में आंशिक संशोधन, परिवर्तन अथवा रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरिक्षत होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR.NO.316843 Rural Development (23-24):D

## कार्यालयः–जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार।
### बिरसा किसानों के लिए आवश्यक सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–64 दिनांक–11.01.2024 वित्तीय वर्ष 2023–24 में किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिला में निम्नांकित रूप से राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन हेतू अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक–10.02.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे०/इकाई/संख्या में)

| क्र० | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य (हे०/ईकाई) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Dragon Fruit (Kamalam) - Integrated package with drip irrigation and trellis | 3 |
| 2 | Dragon Fruit (Kamalam)- Without integration | 1 |
| 3 | Strawberry (Int. package with drip irrigation & mulching) | 5 |
| 4 | Strawberry - Without integration | 0.5 |
| 5 | Papaya (Int. package with drip irrigation) | 6 |
| 6 | Papaya -without integration | 0.5 |
| 7 | Mango (10x10m) (Rs.25,500/ha) | 7 |
| 8 | Lime (4x4.5) (Rs.54,980/ha) | 7 |
| 9 | Sapota (Rs.45400/ha) | 5 |
| 10 | Guava (6mx6m) (Rs.38340/ha) | 7 |
| 11 | Pomegranate (5.0m × 5.0m) | 5 |
| 12 | Aonla (Rs.40008/ha) | 2 |
| 13 | Bael (Rs.48400/ha) | 2 |
| 14 | Litchi (Rs.28000/ha) | 2 |
| 15 | Jack Fruit (10x10m) (Rs.25,500/ha) | 1 |
| 16 | Maintenance of fruits orchard ( Mango, Citrus, Litchi, Pear, Aonla, Bael, Guava, Sapota etc.) (2021-22) | 39 |
| 17 | Vegetable Hybrid (Rs. 50,000/ha) | 55 |
| 18 | Cut Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 1.00 lakh/ha) | 5 |
| 19 | Bulbulous Flowers - Small & marginal farmers (Rs.1.50 lakh/ha) | 7 |
| 20 | Loose Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 40,000/ha) | 7 |
| 21 | Spices (Seed spice and Rhizomatic spices (Rs.30,000/ha) | 8 |
| 22 | Green House N.V.S. - Tubular structure (in Sqm) | 1000 |
| 23 | Shadenet (Tubular structure) (in Sqm) | 3000 |
| 24 | Plastic Mulching | 30 |
| 25 | Anti Bird/ Anti Hail Nets (in Sqm) | 2000 |
| 26 | Cost of planting material of high value vegetables grown in poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 27 | Cost of planting material & cultivation of Carnation & Gerbera undeer poly house/shadenet house. (in Sqm) | 1000 |
| 28 | Cost of planting material & cultivation of rose and lilum under poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 29 | Organic Farming- Vermi compost Units/organic input production - HDPE Vermibed | 30 |
| 30 | Pack house/ on farm collection & storage unit | 8 |
| 31 | PHM- Primary/ Mobile/ Minimal Processing Unit (DPR Based) | 1 |
| 32 | Training of farmers- Within the State | 250 |
| 33 | Training of farmers- Outside the state | 25 |
| 34 | Exposure visit of farmers- Outside the state | 25 |
| 35 | Marketing Infrastructure- Static Mobile Vending Cart/ platform with cool chamber | 1 |
| 36 | Seminars conferences, workshops, exhibitions, Kisan Mela- District level | 1 |

नोट :–
1. जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा लाभुकों/कृशकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा।
3. अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक/महिला/दिव्यांग/लघु एवं सीमांत कृशक को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
4. जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
5. योजना के संदर्भ में विशेश जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 316846 Agriculture(23-24)D

# राष्ट्रीय बालिका दिवस

***24 जनवरी*** को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद वह अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। तिलक दहेज और पारंपरिक रूढ़ियों के कारण अनेक राज्यों में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है।

**24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद वह अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। तिलक दहेज और पारंपरिक रूढ़ियों के कारण अनेक राज्यों में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है।**

हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पायेगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पायेगी। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये।

इन दिनों

# धार्मिक पर्यटन का केंद्र है भारत



लोकेन्द्र सिंह

***धर्म*** और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत की सभ्यता एवं संस्कृति विश्व समुदाय को भी आकर्षित करती है। हम अनेक धार्मिक स्थलों पर भारतीयता के रंग में रंगे विदेशी सैलानियों को देखते ही हैं। दरअसल, भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देश भर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्या धाम। जिस प्रकार का आस्था का सैलाब प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के बाद रामलला के दर्शन को उमड़ा है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि आनेवाले समय में भारत का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल अयोध्या धाम होगा। भारत के शहर-शहर में कई ऐसे स्थान हैं, जहां देशभर से लोग पहुंचते हैं। मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, काशी, उज्जैन, द्वारिका, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, पुरी, केदारनाथ, बद्रीनाथ इत्यादि ऐसे स्थान हैं, जहाँ न केवल भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं अपितु विदेशी और भारतीय मूल के नागरिक श्रद्धा के साथ आते हैं। पिछले आठ-दस वर्षों में भारत के धार्मिक पर्यटन में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। विश्व के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्विकसित कराया है, अपितु आगे बढ़कर धार्मिक पर्यटन का प्रचार-प्रसार भी किया है। जिसके परिणाम हमें धार्मिक पर्यटन में हो रही वृद्धि के रूप में दिखायी देते हैं। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के कुल पर्यटन में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी धार्मिक पर्यटन की है। आज देश के पर्यटन उद्योग में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। भारत सरकार की पहल पर पर्यटन मंत्रालय ने कुछ वर्ष पहले धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए चरणबद्ध विकास योजना तैयार की थी। इसमें 53 धार्मिक स्थानों को वरीयता के आधार पर पहले चरण में विकसित जा रहा है। इनमें से कई धार्मिक स्थल पूर्ण रूप से विकसित हो चुके हैं। दूसरे चरण में 89 जगहों पर काम होगा। वर्तमान समय में राष्ट्रीय विचार की सरकार केंद्र में है, उसके अब तक के कार्यकाल के आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है कि हिन्दू संस्कृति के प्रसार हेतु धार्मिक पर्यटल स्थलों को विकसित करने का यह क्रम आगे भी लगातार चलता रहेगा। देश को सात नये टूरिज्म सर्किट में भी बांटा गया है। ये सर्किट सूफी, बौद्ध, जैन, ईसाई, सिख, हिन्दू और सर्वधर्म के तौर पर विकसित किये जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता में है। इस बात को यूँ भी समझ सकते हैं कि बड़े तीर्थस्थलों पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं भी बार-बार जा रहे हैं। केदारनाथ और सोमनाथ परिसर का उन्होंने कायाकल्प कर दिया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक ने तो दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। भारत सरकार ने 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक वृद्धि अभियान' (प्रसाद) नाम से योजना शुरू की है। प्रसाद योजना का उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के बुनियादी ढांचे एवं सुविधाओं में सुधार करना है। इसे 2015 में पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'स्वदेश दर्शन योजना' के हिस्से के रूप में प्रारंभ किया गया था। सरकार ने 1586.10 करोड़ रुपये की 45 विकास योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। भारतीय संस्कृति की गूंज दुनिया को सुनायी दे, इस मन्तव्य के साथ ही सरकार इसलिए भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है क्योंकि यह लोगों को वृहद स्तर पर रोजगार दे रहा है। धार्मिक पर्यटन का एक पहलू अगर धार्मिक और आध्यात्मिक सरोकार हैं तो दूसरा पहलू आर्थिक और सामाजिक विकास भी है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पर्यटन उद्योग भारत के कुल कार्यबल का लगभग 6 प्रतिशत रोजगार देता है। धार्मिक पर्यटन स्थलों से सरकार को वर्ष 2022 में 1,34,543 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जबकि यही आंकड़ा 2021 में 65,070 करोड़ रुपये का था। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार 2022 में पर्यटकों की संख्या 143.3 लाख करोड़ तथा 66.40 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए। आर्थिक विषयों के विशेषज्ञ एवं हिन्दू दृष्टि से अर्थव्यवस्था पर लेखन करनेवाले विद्वान प्रह्लाद सबनानी के कहते हैं कि 'भारत में यात्रा एवं पर्यटन उद्योग 8 करोड़ व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है। देश के कुल रोजगार में पर्यटन उद्योग की 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।' यह भी याद रखें कि देश के पर्यटन में धार्मिक यात्राओं की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहती है। जब धार्मिक पर्यटन से रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हों, अर्थव्यवथा मजबूत हो रही हो तब सरकार क्यों पीछे रहना चाहेगी और फिर भारतीय धार्मिक सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने एवं संवारने में मोदी सरकार को किसी प्रकार का संकोच भी नहीं है। आज भारत की बागडोर ऐसे नेता के हाथों में नहीं है, जिन्होंने कभी भारतीय संस्कृति के मानबिन्दु सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण एवं उसके लोकार्पण में बाधाएं उत्पन्न की थीं।



**भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत की सभ्यता एवं संस्कृति विश्व समुदाय को भी आकर्षित करती है। हम अनेक धार्मिक स्थलों पर भारतीयता के रंग में रंगे विदेशी सैलानियों को देखते ही हैं। दरअसल, भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देश भर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्या धाम।**

## आपकी बात

### अतुल्य भारत



डॉ महेश शर्मा

आज खुशी हुई कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। ये खुशी केवल बिहार ही नहीं, मेरे जैसे असंख्य लोगों को हुई है जो उनके सीधे संपर्क में आये और उनसे बहुत कुछ सीखा। मेरे साथ विशिष्ट संयोग यह बन गया था कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि के नाते जे पी आंदोलन की राष्ट्रीय संचालन समिति में सदस्य के रूप में सक्रिय भागीदारी का सुअवसर मिला था। मेरे साथ ही, मित्र राम बहादुर राय भी सदस्य थे, राय साहेब तो बिहार आंदोलन में गोविंदाचार्य जी और सुशील मोदी के साथ अग्रणी भूमिका में थे। मैं स्वयं उस अवधि में उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री की भूमिका में सक्रिय भागीदार था, उसके पहले ही BHU में अपनी M.Tech की पढ़ाई बीच में ही छोड़ कर पूरा ध्यान ABVP पर था। एक बार, रोचक तथ्य यह है कि वि वि में संघर्ष के दौरान हमारा निष्कासन हो गया था और हम लोग काशी राजघाट में विश्राम कर रहे जे पी को मिलने पहुंचे तो प्रभावती जी ने कहा कि आचार्य कुल के मामले में जे पी कुछ नहीं करते, विनोबा भावे स्वयं ही देखते हैं। हम निराश लोटे और फिर कुछ दिन बाद पौनार में विनोबा से मिले थे। वो भी रोचक प्रसंग है, फिर कभी चर्चा करूंगा। अभी तो, कर्पूरी ठाकुर जी से जुड़ा हुआ एक विशेष प्रसंग अधिक प्रासंगिक है। उनसे मिलना कई बार हुआ था, लेकिन ये घटना 1977 की है, हम कुछ लोग मुंबई के जशलोक हॉस्पिटल में इकट्ठा हुए थे क्योंकि जे पी वहां ICU critical condition में भर्ती थे। एक बार तो खबर फैल गई कि जेपी नहीं रहे, ये स्थिति थी। संयोग से कर्पूरी ठाकुर भी वहीं थे। हम सब चिंतित थे, तभी मैंने कर्पूरी ठाकुर से कहा कि कुछ देर बैठ कर विमर्श किया जाए कि आगे कैसे बढ़ा जाए ,तब मैं विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय महामंत्री था। मैने कर्पूरी ठाकुर जी से पूछा कि कहां ठहरे हुए हैं बोले दूर है, तुम कहां ठहरे हुए हो मैनें बताया कि प्रो बाल आप्टे जी हमारे अध्यक्ष हैं, उन्ही के घर पर रुका हूं। वे बोले कि पता ठीक से बता दो, मैं भी वहां आ जाऊंगा। मैं तो आश्चर्यचकित था कि एक मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि पता दे दो, वो पहुंच जायेंगे। ये तो कर्पूरी ठाकुर ही कर सकते थे , वो ठीक समय पर पहुंचे और काफी देर तक आप्टे जी के निवास पर हमारी मीटिंग हुई। उनकी ये सादगी, सरलता और अपनापन कैसे भुलाया जा सकता है। आज इस विशिष्ट अवसर उनकी 100वीं जयंती पर जननायक कर्पूरी ठाकुर को शतशत नमन।

**(शिवालिक, पूर्व अध्यक्ष, खादी ग्रामोद्योग आयोग)**

आध्यात्म

# भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन के पंख लगाये



ललित गर्ग

**हर** व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति, आस्था, धार्मिकता एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। जीवन में पर्यटन के सर्वाधिक महत्व के कारण ही हर साल 25 जनवरी को भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। भारत की विविधता, धार्मिकता, ऐतिहासिकता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण, यह दिन देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव, जीवन में खुशियां, आस्था एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। भारत में कई धार्मिक स्थल हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों के आस्था का केंद्र है। जहां हजारों-लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिरों की भव्यता देख दीवाने हो जाते हैं, अपूर्व शांति एवं धार्मिकता का अनुभव करते हैं। भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देशभर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्याधाम। काशी, प्रयागराज और अयोध्या धाम धार्मिक पर्यटन के सबसे बड़े स्वर्ण त्रिकोण (गोल्डन ट्रायंगल) में शामिल हो गये हैं, अयोध्या में श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले ही दिन पांच लाख लोगों ने दर्शन किये, वैसे सामान्य तौर पर अनुमान है कि यहां एक से डेढ़ लाख लोगों के आने की संभावना है। साल भर में संख्या 10 करोड़ को पार कर सकती है। भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन को पंख लगा दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। धर्म और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है।

**भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है।**

## फेसबुक वॉल से

**Ancient Bharat** · Follow
2 d ·

बॉलीवुड के सबसे महान अभिनेता पंकज त्रिपाठी हाल ही में गांव से वापस मुंबई लौटे हैं। इस दौरान उनकी पत्नी और उनकी बेटी भी उनके साथ में दिखाई दे रही थी। एयरपोर्ट पर पंकज त्रिपाठी की सादगी देखकर उनके चाहने वाले उनकी खूब तारीफ करते नजर आए। इस दौरान अपने कई चाहने वालों के साथ पंकज त्रिपाठी ने सेल्फी ली। सोशल मीडिया पर जिस किसी ने भी पंकज त्रिपाठी और उनकी पत्नी और बेटी को देखा है तब सभी लोग उनकी खूब तारीफ करने लगे हैं। हर किसी का इस मौके पर यही कहना है कि इतनी ऊंचाई पर जाने के बाद भी पंकज त्रिपाठी की सादगी बेमिसाल है।



132k   841 comments 210 shares

## X - से

**Dr Nishikant Dubey**
@nishikant_dubey

माननीय प्रधानमंत्री @narendramodi जी ने राम की अयोध्या को गोड्डा से ट्रेन देने के बाद,आज आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए गोड्डा से ट्रेन दिया । कर्मठ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव @AshwiniVaishnaw जी को हम केवल आभार ही दे सकते हैं । संथालपरगना धन्य है



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# गणतंत्र दिवस पर याद रखना इन बालवीरों को



आरके सिन्हा

**हर** साल जनवरी का महीने आते ही देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां अपने चरम पर पहुंच जाती हैं। राजधानी दिल्ली में तो गणतंत्र दिवस की तैयारियों बाकी जगहों से अधिक बड़े स्तर पर होती हैं क्योंकि राजधानी दिल्ली में ही गणतंत्र दिवस परेड निकलती है। उस परेड का हिस्सा वे बालवीर भी होते हैं, जिन्हें देश उनके साहस, सूझबूझ और शौर्य के लिए सम्मानित कर रहा होता है। वे जब राष्ट्रपति जी को सलामी देते हुए आगे बढ़ते हैं, तो कर्तव्यपथ (पहले राजपथ) में उपस्थित जनसमूह उनका हर्षध्वनि से स्वागत करता है। गणतंत्र दिवस परेड का 1959 से हिस्सा हैं बालवीर पुरस्कार विजेता। यह कुछ साल से खुली जीप में निकलने लगे हैं। हालांकि लंबे समय तक यह हाथियों पर सवार होते थे। पर मेनका गांधी के विरोध के बाद इन्हें हाथियों पर बैठाने की परंपरा को रोक दिया गया। बालवीर गणतंत्र दिवस परेड से दस दिन पहले राजधानी में आकर परेड की रिहर्सल में शामिल होते हैं। इसके अलावा, यह दोपहर और शाम को कभी राष्ट्रपति कभी, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, कभी दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल वायुसेना नौसेना और थलसेनाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिलते हैं। कभी लालकिला, पुरानाकिला, कुतुब मीनार, हुमायूँ का मकबरा जैसी ऐतिहासिक इमारतें और कभी फन एंड फूड विलेज जैसे मनोरंजक स्थल घूमते हैं। इन्हें राजधानी के फन एंड फूड विलेज के संस्थापक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी सरदार सेवा सिंह नामधारी बहुत सारे उपहार देते थे। उनके ना रहने के बाद भी बालवीरों का वहां सम्मानित किया जाता है। गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले तक तो यह बालवीर खबरों में रहते हैं। यह अपने इंटरव्यू देते हैं और फिर यह ओझल हो जाते हैं। यह स्थिति कोई आदर्श नहीं मानी जा सकती। कोशिश तो ऐसी होनी चाहिए कि जिन्हें बालवीर पुरस्कार मिला, उन्हें उनके राज्यों की सरकारें जीवन में आगे बढ़ने के हर संभव अवसर दें। हमें पुरस्कार सांकेतिक रूप से नहीं देने चाहिए। ईमानदार कोशिश होनी चाहिए ताकि बालवीरों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलें।

**गणतंत्र दिवस परेड का 1959 से हिस्सा हैं बालवीर पुरस्कार विजेता। यह कुछ साल से खुली जीप में निकलने लगे हैं। हालांकि लंबे समय तक यह हाथियों पर सवार होते थे।**



बोधि वृक्ष

## काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन किया है। इस कॉरिडोर के बनने से वाराणसी में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, और रोजगार के नये अवसर खुलेंगे। वाराणसी न केवल शांति बल्कि भव्यता भी प्रदान करता है। यहाँ के घाटों पर शाम को होने वाली गंगा आरती हमेशा अंतर्मन को एक नई ऊर्जा प्रदान करती है।

**काशी विश्वनाथ मंदिर के बारे में**

काशी विश्वनाथ मंदिर सबसे प्रसिद्ध हिंदू मंदिरों में से एक है। यह भगवान शिव को समर्पित है। यह 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है ये शिव के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक है। मंदिर के प्रमुख देवता श्री विश्वनाथ हैं जिसका अर्थ है ब्रह्मांड के भगवान। ऐसी मान्यता है कि अगर भक्त एक बार इस मंदिर के दर्शन और पवित्र गंगा में स्नान कर ले तो मोक्ष की प्राप्ति होती है। काशी विश्वनाथ मंदिर अनादि काल से शैव दर्शन का केंद्र रहा है। इसे समय-समय पर कई मुस्लिम शासकों द्वारा ध्वस्त किया गया और उनमें अंतिम शासक औरंगजेब है। मंदिर की वर्तमान संरचना महारानी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा वर्ष 1780 में करवाई गई थी। इसका प्रबंधन 1983 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। आइये अब काशी विश्वनाथ मंदिर के इतिहास के बारे में जानते हैं हिंदुओं के पवित्र ग्रंथ शिव पुराण में ज्योतिर्लिंग का उल्लेख है। ये भगवान शिव की संरचनात्मक अभिव्यक्तियाँ हैं और इनकी काफी मान्यता है। यह मंदिर मणिकर्णिका घाट पर स्थित है और इसे शक्ति पीठ माना जाता है। शक्तिपीठों की उत्पत्ति का उल्लेख दक्ष यग में मिलता है। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### फोन चोरी होने पर यूपीआई आईडी को कैसे ब्लॉक करे

इससे आप अपने फोन में संग्रहित सभी डाटा, जैसे कि यूपीआई पासवर्ड, बैंक डिटेल्स, आदि को सुरक्षित रख सकते हैं।

**2. ऑपरेटिंग सिस्टम के सर्विसेज इस्तेमाल करें**

अधिकांश स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरर्स और ऑपरेटिंग सिस्टमों ने फोन चोरी होने पर सुरक्षा के लिए सेवाएं प्रदान की हैं। इन सेवाओं का उपयोग करके आप अपने फोन को रिमोटली लॉक कर सकते हैं और उसमें स्टोर्ड डाटा को साफ कर सकते हैं।




**3. बैंक और यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर को सूचित करें :** फोन चोरी होने पर तुरंत अपने बैंक और यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर को सूचित करें। इससे वे आपकी यूपीआई आईडी को ब्लॉक कर सकते हैं ताकि चोर उसे उपयोग न कर सके।

**4. टू-स्टेप वेरिफिकेशन इस्तेमाल करें**

यदि आपके यूपीआई ऐप में ट्वो-स्टेप वेरिफिकेशन उपलब्ध है, तो इसका उपयोग करें। इससे आपकी सुरक्षा में एक अन्य स्तर की रक्षा होगी। फोन चोरी होना एक दुखद अनुभव हो सकता है, लेकिन उपरोक्त तरीकों से आप अपने फोन के यूपीआई ऐप्स को सुरक्षित रख सकते हैं। सुरक्षा के मामले में सतर्क रहना हमेशा अच्छा होता है और ये सुनिश्चित करता है कि आपके वित्तीय डेटा को कोई अनधिकृत तरीके से उपयोग नहीं कर सकता।

**(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### अयोध्याधाम में दर्शनार्थियों की व्यवस्था की सीएम योगी ने की समीक्षा, कहा...

# कतारबद्ध करा सभी श्रद्धालुओं को कराएं दर्शन

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए उमड़े आस्था के महासागर के बीच हर श्रद्धालु के सहज, सुगम व संतोषपूर्ण दर्शन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों का जायजा लेने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्याधाम में आस्था का जनसमुद्र देखा जा सकता है। पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। हर कोई अपने आराध्य प्रभु के दर्शन का पुण्य लाभ चाहता है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन स्वाभाविक है। ऐसी परिस्थितियों में हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना हम सभी का कर्तव्य है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर न्यास के बेहतर समन्वय के साथ क्राउड मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर, जहां भी दर्शनार्थी हों, कतारबद्ध खड़े हों। भीड़ न लगे। कतार चलायमान रहे। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं का विशेष ध्यान दें।



### छह माह में तैयार होगा 'बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज'

**अयोध्या।** अयोध्या क्षेत्र में बाराबंकी-अकबरपुर रेल रूट पर 'बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज' के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड ने तैयारी शुरू कर दी है और प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर्स व एजेंसी को आबद्ध करके पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) बेसिस पर पूरा किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस ब्रिज के निर्माण पूर्व सर्वे व टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन समेत तमाम प्रक्रियाओं को आईआईटी व एनआईआईटी की देखरेख में पूर्ण किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि अयोध्या के समेकित विकास के दृष्टिगत एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी के क्रियान्वयन के जरिए अयोध्या में इस रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण का रास्ता साफ हुआ है। कार्ययोजना के अनुसार, बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ओवरब्रिज के वास्तुशिल्प व संरचनात्मक डिजाइन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा।

# डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास

**एजेंसी। गाजियाबाद**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और कई हाईवे का शिलान्यास और लोकार्पण के साथ एक बड़ी जनसभा को संबोधित करने बुलंदशहर आएंगे। उनके आगमन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सीएम योगी आज बुलंदशहर जायेंगे और फिर गाजियाबाद के गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। वह 25 जनवरी को सुबह फिर बुलंदशहर जायेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम 3.45 बजे राजकीय वायुयान से गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतरेंगे और यहां से हेलीकॉप्टर से बुलंदशहर रवाना हो जाएंगे। बुलंदशहर में वह 4.10 बजे से लेकर 5.10 बजे तक रहेंगे। इस एक घंटे के दौरान सीएम योगी प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों संग बैठक करेंगे। इसके बाद शाम 5.30 बजे मुख्यमंत्री वापस गाजियाबाद हिंडन एयरबेस आ जाएंगे और यहीं गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। 25 जनवरी की सुबह मुख्यमंत्री पुनः यहीं से बुलंदशहर पहुंचकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा चुनाव कैंपेन की शुरूआत बुलंदशहर जिला से करने जा रहे हैं। बुलंदशहर में चोला रोड पर एक बड़े मैदान में जनसभा आयोजित की गई है।

### इजरायल में नौकरी के लिए यूपी में भर्ती अभियान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने इजरायल में नौकरी के लिए एक सप्ताह का भर्ती अभियान शुरू किया है। यह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आयोजित किया जा रहा है। सात दिनों में, इजरायली टीम बार बेंडर, मेसन, टाइलर और शटरिंग, बढ़ई जैसी नौकरियों के लिए करीब 4,600 उम्मीदवारों का परीक्षण करेगी। चयनित लोगों को चिकित्सा बीमा, भोजन और आवास के साथ प्रति माह 1.37 लाख रुपये का वेतन मिलेगा। इजरायल को कुशल श्रमिकों की आवश्यकता है, श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहाः "यह एक बड़ा अवसर है। इजरायल और भारत दोनों इजरायल में श्रमिकों की स्थिति में सुधार के तरीके तलाश रहे हैं। जरूरत पड़ने पर उन्हें कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।"प्रशिक्षण और रोजगार के निदेशक कुणाल सिल्कू ने कहा कि इजरायल में निर्माण श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया का ध्यान भारत के केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और जनसंख्या, आव्रजन और सीमा प्राधिकरण (पीआईबीए), इजराइल के तहत काम करने वाली एजेंसी एनएसडीसी इंटरनेशनल द्वारा किया जा रहा है।

### रिश्वत लेता हआ अस्पताल का कर्मचारी हुआ गिरफ्तार



**श्रीनगर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सोपोर में जन्मतिथि प्रमाण पत्र जारी करने के लिए रिश्वत लेते हुए अस्पताल के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया। सीबीआई के अनुसार, अधिकारियों ने सब-डिविजनल अस्पताल सोपोर में जन्म अनुभाग के प्रभारी कर्मचारी मेहराजुद्दीन वानी को फारूक अहमद मिसगर से उनकी बेटी का जन्मतिथि प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 3,600 रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए गिरफ्तार किया। पिता फारूक अहमद मिसगर ने जन्मतिथि प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कर्मचारी से संपर्क किया था। जिसके लिए कर्मचारी ने उनसे रिश्वत के रूप में 3,600 रुपये की मांग की और स्वीकार किया। सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी को रिश्वत लेते समय गिरफ्तार किया था। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### अमेरिकी पिटबुल ने लड़की पर किया हमला, अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक खूंखार अमेरिकी पिटबुल पालतू कुत्ते ने चार साल की एक बच्ची पर हमला कर दिया। घायल लड़की की पहचान नेपाल के सुनील की बेटी सानिया के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि घटना तब हुई जब सुनील उसकी बेटी को संजय नगर इलाके में अपने नियोक्ता के घर ले गया था। अमेरिकी पिटबुल ने छोटी लड़की पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना 13 जनवरी को हुई। लड़की के पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि कुत्ते के मालिक द्वारा लड़की के इलाज का खर्च उठाने का आश्वासन देने के बाद पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। पिता ने पुलिस को बताया था कि वह अपनी बेटी का अस्पताल में इलाज कराने के लिए चिकित्सा खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

### हल्दवानी चौकी में जुआ खेलते धराए सभी स्टाफ, लाइन हाजिर

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में पुलिस लोगों की सुरक्षा को छोड़कर पूरा थाना और उसके कर्मचारी जुआ खेलने में इस कदर मगन थे कि वो भूल गए कि उनके ऊपर शहर की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। देर रात एसपी सिटी हरबंस सिंह ने लामाचौड़ रिपोटिंग पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने पूरे थाने को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने औचक निरीक्षण में देखा कि चौकी इंचार्ज सहित उसका पूरा स्टाफ जुआ खेल रहा है। उसके बाद इस पूरे मामले की शिकायत एसएसपी को दी गई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने सख्त कार्रवाई करते हुए पूरी रिपोटिंग पुलिस चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है। जब देर रात एसपी सिटी हरबंस सिंह अचानक लामाचौड़ रिपोटिंग पुलिस चौकी पहुंचे तो उन्हें सामने देखकर चौकी इंचार्ज सहित चौकी के हेड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबलों के होश फाख्ता हो गए। एसपी सिटी ने देखा कि सभी पुलिसकर्मी चौकी में जुआ खेल रहे हैं।

# कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका, खरगे के सहयोगी रुद्रैया भाजपा में शामिल हुए

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सहयोगी आर. रुद्रैया ने बुधवार को कांग्रेस छोड़ दी। इसके बाद वह बेंगलुरु में पार्टी मुख्यालय जगन्नाथ भवन में भाजपा में शामिल हो गए।कर्नाटक प्रशासनिक सेवा (केएएस) से सेवानिवृत्त रुद्रैया की पहचान खड़गे के करीबी लोगों में थी। वह विपक्ष के नेता आर. अशोक, सांसद एस. मुनीस्वामी, विधायक शिवराज पाटिल और एमएलसी चलावादी नारायणस्वामी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।रुद्रैया दलित समुदाय से हैं। उन्होंने राज्य सिंचाई विभाग में एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में सेवाएं दी हैं। वह पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से लिंगसुगुर निर्वाचन क्षेत्र से टिकट के दावेदार थे। टिकट नहीं मिलने के बाद रुद्रैया ने कल्याण राज्य प्रगति पक्ष से चुनाव लड़ा था। उन्हें 13,764 वोट मिले थे। उनके करीबी सूत्रों ने बताया कि रुद्रैया इस बात से नाराज थे कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें टिकट देने से इनकार करने में भूमिका निभाई थी।हालांकि, हाल ही में रुद्रैया के कांग्रेस पार्टी छोड़ने की अफवाहें फैली थीं। लेकिन उन्होंने भाजपा में शामिल होने के अपने फैसले की पुष्टि नहीं की। इस घटनाक्रम से कलबुर्गी क्षेत्र में भाजपा को मजबूती मिलने और जिले की राजनीति में दबदबा रखने वाले खड़गे परिवार की चुनौती का सामना करने की उम्मीद है।



### सामाजिक न्याय को समर्पित रहा कर्पूरी ठाकुर का जीवन : नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व जननायक स्वर्गीय कपूरी ठाकुर ने पूरा जीवन लगा दिया था। ऐसे महान नेता को भारत रत्न से सम्मानित कर देश के प्रधानमंत्री ने गरीबों का मान बढ़ाया है। नड्डा ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि एक अत्यंत गरीब परिवार से निकल कर बिहार के मुख्यमंत्री पद को सुशोभित करने वाले, सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले जननायक कपूरी ठाकुर को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'भारत रत्न' से सम्मानित करने के निर्णय की जितनी भी सराहना की जाए कम है। कपूरी ठाकुर को सम्मानित करने का मतलब है कि भारत के हर गरीब और वंचित को सम्मानित किया गया है। नड्डा ने कहा कि ठाकुर ने गरीबों को न्याय दिलाने में पूरा जीवन लगा दिया। इसके लिए कभी भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वह कांग्रेस के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ते रहे। आपातकाल का भी उन्होंने जमकर विरोध किया। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछड़े वर्ग को सबसे अधिक पहचान और सम्मान देने का काम किया है। आज मोदी कैबिनेट में 27 मंत्री ओबीसी समाज से हैं। भाजपा के 100 से अधिक सांसद पिछड़े वर्ग से हैं। देशभर में 300 से अधिक भाजपा के विधायक पिछड़े वर्ग से आते हैं।

### चीला हादसे के मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, सिर में चोट

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश-चीला रोड पर 8 जनवरी को नई गाड़ी का ट्रायल लेने के लिए वन विभाग के 10 अधिकारी गए थे। जहां तेज रफ्तार के कारण अचानक गाड़ी का टायर फट गया था, जिसके कारण एक दर्दनाक हादसा हो गया था। हादसे में घटनास्थल पर ही दो अधिकारियों की मौत हो गई थी। जबकि, सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया था। एक महिला अधिकारी का शव चार दिनों बाद नहर से बरामद किया गया था। जिन सात लोगों को ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया था, उनमें से भी तीन की मौत हो गई थी। इस हादसे में मारे गए सभी छह लोगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि वरदान आलोकी नाथ की मौत नहर में डूबने से नहीं बल्कि सिर में चोट लगने से हुई है। गाड़ी में सवार दो अफसर चीला शक्ति नहर में जा गिरे। हादसे में चीला के रेंजर शैलेश घिल्डियाल, उप वन क्षेत्राधिकार प्रमोद ध्यानी, सैफ अली खान पुत्र खलील उल रहमान, कुलराज सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी और अंकुश की मौत हो गई थी।

### सिद्दारमैया एक अक्षम मुख्यमंत्री : एलओपी अशोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया 'नालायक' हैं। अशोक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पार्टी विधायकों पर कोई पकड़ नहीं है। कर्नाटक के इतिहास में वह सबसे कमजोर मुख्यमंत्री हैं। सत्ता में आने के सात महीने बाद भी, वह एक नालायक और अक्षम मुख्यमंत्री हैं, जो प्रशासन पर न्यूनतम नियंत्रण रखने में सक्षम नहीं हैं। कांग्रेस के भीतर कलह और गृह मंत्री जी. परमेश्वर द्वारा आलाकमान के हस्तक्षेप की आलोचना करने का जिक्र करते हुए अशोक ने कहा कि कांग्रेस में आंतरिक कलह रोजमर्रा की बात है। उन्होंने कहा, "विधानसभा चुनाव में 136 सीटें जीतने के बाद भी कांग्रेस स्थिर सरकार देने में विफल रही है।"उन्होंने कहा कि राज्य में 800 से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है जबकि लाखों खेतिहर मजदूर अपने घरों से आजीविका की तलाश में पलायन कर गये हैं। उन्होंने कहा, "घोषणा के दो माह बाद भी किसानों के खाते में दो हजार रुपये की घोषित सूखा मुआवजा राशि नहीं पहुंची है।



### 25 जनवरी को चौदहवां मतदाता दिवस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गुरुवार 25 जनवरी को राज्य के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। राजन ने बताया कि 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेश के सभी 55 जिलों में कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी।




### 29वीं मंजिल से कूदकर नाबालिग ने दी जान

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक 12 वर्षीय लड़की ने बुधवार तड़के एक अपार्टमेंट की 29वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पीड़िता अपने माता-पिता के साथ बेंगलुरु के बेगुर इलाके के पास फ्लैट में रहती थी। पुलिस ने कहा, लड़की ने सुबह 5 बजे आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि लड़की छठी कक्षा में पढ़ती थी और उसके पिता एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और उसकी मां गृहिणी हैं। "लड़की सुबह 4.30 बजे फ्लैट के हॉल में थी। उसकी मां ने उसे देखा और पूछा कि वह इतनी जल्दी क्यों उठ गई। लड़की ने जवाब में कहा कि वह फिर से सोने जा रही है। अपनी बेटी को कमरे की ओर वापस जाते देख मां भी अपने कमरे में वापस चली गई।"पुलिस ने बताया कि परिसर में जोरदार आवाज सुनने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने लड़की का खून से लथपथ शव देखा और एसोसिएशन मैनेजमेंट को सूचित किया। पुलिस ने कहा, "घटना के संबंध में अभी और विवरण सामने आना बाकी है। हम मामले की जांच कर रहे हैं।

# घोषणापत्र के लिए नागरिकों से सुझाव मांगेगी द्रमुक

**एजेंसी। चेन्नई**

द्रमुक चुनाव घोषणापत्र समिति अपने चुनावी घोषणापत्र को अंतिम रूप देने के लिए नागरिक समाज के सदस्यों से मुलाकात करेगी। इस समिति की अध्यक्षता द्रमुक की उप महासचिव और थूथुकुडी निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य कनिमोझी करुणानिधि कर रही हैं। समिति के सदस्य नागरिक समाज, गैर सरकारी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, पेशेवर और समाज के सभी वर्गों के सदस्यों से सुझाव प्राप्त करने के लिए 5 फरवरी से 23 फरवरी तक राज्य भर में यात्रा करेंगे। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए द्रमुक (डीएमके) ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सदस्य बनाकर तीन समितियां बनाई हैं। तीनों टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। एक टीम पूरे चुनाव कार्यों में समन्वय और निगरानी रखेगी। दूसरी टीम सीटों के बंटवारे और सहयोगियों के साथ समन्वय की जिम्मेदारी संभालेगी, जबकि तीसरी टीम चुनाव घोषणा पत्र तैयार करेगी। एम.के. कनिमोझी की अध्यक्षता वाली चुनाव घोषणापत्र समिति में टी.के.एस. एलंगोवन, ए.के.एस. विजयन, पलानीवेल थियागा राजन, टी.आर.बी. राजा, गोवी चेझियान, के.आर.एन. राजेश कुमार, सी.वी.एम.पी एज़िलारासन, एम.एम. अब्दुल्ला, एज़िलान नागनाथन और चेन्नई की मेयर आर. प्रिया सदस्य के रूप में हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया की देखरेख करने वाली द्रमुक टीम में मंत्री के.एन. नेहरू, आर.एस. भारती, ई.वी. वेलु, थंगम थेनारासु और उदयनिधि स्टालिन शामिल हैं। डीएमके महासचिव और तमिलनाडु के जल कार्य मंत्री एस दुरईमुरुगन ने गठबंधन सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारे पर बातचीत करने के लिए एक और टीम की घोषणा की है। इस टीम का नेतृत्व टी.आर.बालू करेंगे। जबकि वरिष्ठ नेता के.एन. नेहरू, आई. पेरियासामी, के. पोनमुडी, ए राजा, एम.आर.के. पन्नीरसेल्वम और तिरुचि एन. शिवा इस टीम के सदस्य होंगे।



### मुस्लिम लड़के संग प्रेम संबंध से गुस्साए भाई ने ली बहन की जान

**मैसूर (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मैसूर जिले के मारुरु गांव में एक मुस्लिम लड़के के साथ प्रेम संबंध के चलते एक भाई ने अपनी बहन को मौत के घाट उतार दिया। वहीं, विरोध करने पर मां की भी हत्या कर दी। मृतकों की पहचान हिरिकायतनहल्ली निवासी 19 वर्षीय धनुश्री और उसकी मां 40 वर्षीय अनीता के रूप में की गई। मामले में पुलिस ने आरोपी भाई नितिन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, नितिन अपनी बहन धनुश्री के एक मुस्लिम लड़के से प्यार करने की वजह से काफी परेशान था। इस बात को लेकर वह कई बार उससे झगड़ चुका था और हर बार माता-पिता हस्तक्षेप कर दोनों को शांत करा देते थे। माता-पिता भी नहीं चाहते थे कि धनुश्री उस मुस्लिम लड़के के साथ कोई रिश्ता रखे, वह पीड़िता को मान-मयार्दा का हवाला देते हुए उसे समझाते थे। मंगलवार शाम को आरोपी नितिन धनुश्री और मां अनीता को पास के गांव में एक रिश्तेदार के घर जाने के बहाने अपनी बाइक पर ले गया था। उसने मरूर झील पर बाइक रोकी और झील में अपनी बहन को धक्का दे दिया।

# एग्रो घोटाला में शरद के पौत्र रोहित से ईडी की पूछताछ शुरू

**एजेंसी। मुंबई**

बारामती एग्रो घोटाला मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता शरद पवार के पौत्र रोहित पवार से पूछताछ शुरू की है। बुधवार सुबह ही ईडी आफिस जाने से पहले रोहित पवार ने अपने दादा पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार से मुलाकात की। इसके बाद रोहित पवार सुप्रिया सुले के साथ ईडी दफ्तर पहुंचे। रोहित पवार ने ईडी कार्यालय में जाने से पहले पत्रकारों को बताया कि कर नहीं तो डर नहीं। उन्होंने कहा कि वे ईडी को पूरा सहयोग करेंगे, वे भागेंगे नहीं। मौके पर राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि सत्यमेव जयते। सुप्रिया सुले ने कहा कि संसद का डाटा बताता है कि 95 फीसदी मामले सिर्फ विरोधी पक्ष के लोगों पर ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग की ओर से दर्ज किए गए हैं। विपक्ष पर इस समय संकट का काल चल रहा है, लेकिन हम इसका सामना करेंगे। बताया जा रहा है कि ईडी के छह अधिकारी रोहित पवार से बारामती एग्रो की खरीदी से संबंधित 28 सवालों के जवाब पाने के लिए पूछताछ कर रहे हैं। इसी दौरान ईडी कार्यालय और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यालय के पास राकांपा कार्यकताओं की भारी भीड़ जमा हो गई है। मुंबई पुलिस ने भारी पुलिस बंदोबस्त कर रखा है। जानकारी के अनुसार बारामती एग्रो कंपनी की खरीद में अनियमितता का आरोप भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरीट सोमैया ने लगाया था। इसी शिकायत के आधार पर ईडी टीम ने बारामती एग्रो कंपनी पर छापा मारा था। इसी अनियमितता की मनी लॉड्रिंग एंगल से पूछताछ करने के लिए ईडी ने रोहित पवार को बुलाया है। रोहित पवार रात होटल ट्राईडेंट में ठहरे थे।



# अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति में खामियों को दूर करने पीएम को लिखा पत्र

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबुबक्र अहमद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी को पत्र लिखकर अल्पसंख्यक समुदायों के लिए उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति (हायर एजुकेशन स्कॉलरशिप) में गंभीर अनियमितताओं को उजागर किया है। ग्रैंड मुफ्ती ने छात्रों को प्रभावित करने वाले मुद्दों, विशेष रूप से शोध छात्रों के लिए मौलाना आजाद नेशनल स्कॉलरशिप को बंद करने के फैसले को बदलने की मांग की है। मुफ्ती शेख अबुबक्र अहमद का कहना है कि वर्तमान परिदृश्य से छात्रों को दिए गए आश्वासनों और धन के वास्तविक वितरण के बीच अंतर का पता चलता है, जिससे वित्तीय सहायता की उम्मीद के साथ देश के प्रमुख संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं। अल्पसंख्यक मंत्रालय ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आर्थिक विकास निगम को स्कॉलरशिप वितरित करने का काम सौंपा है। निगम ने मंत्रालय से धन प्राप्त करने के अपने संघर्ष को स्वीकार किया है। वह आगे बताते हैं कि जहां ओबीसी-एससी-एसटी के लिए जेआरएफ और नेशनल फेलोशिप जैसी स्कॉलरशिप में वृद्धि देखी गई है, वहीं अल्पसंख्यक स्कॉलरशिप में वृद्धि की कमी या अतिदेय बकाया का भुगतान भेदभाव का सवाल उठाता है।



# कर्पूरी ठाकुर के बहाने परिवारवाद पर नीतीश कुमार ने साधा निशाना

**एजेंसी। समस्तीपुर**

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। राजद से जदयू की दूरी की चर्चा के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर के बहाने परिवारवाद पर निशाना साधकर फिर संकेत दे दिए कि राजद से उनकी दूरी बढ़ रही है। पटना में आयोजित कपूरी जयंती समारोह को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि कपूरी ठाकुर जी ने कभी अपने परिवार को राजनीति में नहीं बढाया, लेकिन आजकल तो कुछ लोग खाली अपने परिवार को ही आगे बढ़ा रहे हैं। नीतीश कुमार ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन, राजनीति में बढ़ते परिवारवाद को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बहुत लोग अपने परिवार को ही बढ़ाता रहता है, लेकिन, आप समझ लीजिये, जननायक कपूरी ठाकुर जी ने कभी भी अपने परिवार को नहीं बढ़ाया। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि हमने भी अपने परिवार के किसी को नहीं बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर ने अपने लड़के को कुछ नहीं बढ़ाया। जब उनका निधन हुआ तब हमलोगों ने उन्हें आगे बढ़ाया और सम्मान दिया। इससे पहले नीतीश ने कपूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद भी दिया है।



# कर्पूरी ठाकुर के बेटे को पीएम आवास आने का निमंत्रण

**एजेंसी। पटना**

महान समाजवादी नेता और दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके बेटे रामनाथ ठाकुर को बुधवार को फोन कर बधाई दी और उन्होंने सपरिवार अपने आवास पर आने का आमंत्रण भी दिया। कपूरी ठाकुर के परिजनों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने करीब सुबह नौ बजे फोन किया और भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी।बताया गया कि राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को परिजनों के साथ 26 जनवरी को दिल्ली आवास आने का निमंत्रण भी दिया गया है। राज्यसभा सांसद ने इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि कपूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने से जो खुशी है वह शब्दों में बयान नहीं कर सकता। केंद्र सरकार का यह सराहनीय कदम है। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शायद उनकी जयंती के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर यह निर्णय लिया गया होगा। रामनाथ ठाकुर ने कहा कि बहुत खुशी है कि उनके पिता को भारत रत्न सम्मान दिया जा रहा है, जो कि देश का सर्वश्रेष्ठ सम्मान माना जाता है। मेरे परिवार के लिए इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है। जननायक कपूरी ठाकुर के भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का बिहार के सभी दलों ने स्वागत किया है।



### आंध्र हाईकोर्ट ने आरोपी श्रीनू की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी पर 2018 में चाकू से हमले के आरोपी जानीपल्ली श्रीनिवास उर्फ कोडी काठी श्रीनू की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति दुर्गा प्रसाद राव और न्यायमूर्ति किरणमयी मंडावा की खंडपीठ ने आरोपी की याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया, जो पांच साल से अधिक समय से जेल में है। श्रीनू ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर विशाखापत्तनम के एनआईए मामलों पर विशेष न्यायाधीश के आदेश को रद्द करते हुए उसे जमानत पर रिहा करने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि सुरक्षा नागरिक उड्डयन अधिनियम 1982 की धारा 6ए (बी) के विरुद्ध गैरकानूनी कृत्यों के कारण श्रीनू जमानत का हकदार नहीं है।

एएफसी एशियाई कप

## ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा

**सीरिया ने भारत को हराया**

**दोहा।** ऑस्ट्रेलिया मंगलवार को यहां एएफसी एशियन कप में उज्बेकिस्तान के साथ 1-1 से ड्रा खेला, लेकिन फिर भी सात अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। वहीं सीरिया ने भारत को 1-0 से शिकस्त दी। मैच का पहला गोल ऑस्ट्रेलिया ने किया। जब पहले हाफ के इंज्यूरी टाइम में मार्टिन बॉयल ने ओडिलजॉन जमरोबेकोव के हैंडबॉल के बाद पेनल्टी को गोल में बदल दिया।

हॉकी सिमडेगा जूनियर वीमेंस चैंपियनशिप

# 26 से 31 जनवरी तक

**एजेंसी। रांची**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 से 31 जनवरी तक सिमडेगा हॉकी जूनियर महिला जिला चैंपियनशिप का आयोजन एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी ने बताया कि इस चैंपियनशिप में जिले की कुल 14 महिला हॉकी टीम भाग लेंगी, जिसमें 250 से अधिक खिलाड़ी अपना टैलेंट दिखाएंगे।

इनमें आत्मनिर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा, डे बोर्डिंग हॉकी केंद्र बांसजोर, ग्रास रूट हॉकी केंद्र सीआईएनआई, डे बोर्डिंग लोंबई, केवीएस सिमडेगा, एसटीसी सिमडेगा, एसटीसील चरागढ़, नरपति उच्च विद्यालय समसेरा, केजीबीवी बानो, डे बोर्डिंग पाकरटांड़, डे बोर्डिंग टैंस, आरसी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी, डे बोर्डिंग बरवाडीह, यूसी इंटर कॉलेज सामतोली की टीम भी भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के दौरान कुल 14 मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच में एक बेस्ट खिलाड़ी को प्रोत्साहन स्वरूप एक हॉकी स्टिक दिया जायेगा।

## एफकॉन से बाहर होने के बाद घाना ने कोच हाटन को बर्खास्त कर दिया

**एजेंसी। अकरा**



घाना राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच क्रिस हाटन को कोटे डी आइवर में अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एफकॉन) के ग्रुप चरण में टीम के बाहर होने के बाद घाना फुटबॉल एसोसिएशन (जीएफए) ने बुधवार को अपने कर्तव्यों से मुक्त कर दिया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, जीएफए ने एक बयान में कहा कि उसने पूरी तकनीकी टीम को भी भंग कर दिया है और आने वाले दिनों में ब्लैक स्टार्स की भविष्य की दिशा के लिए एक रोडमैप प्रदान करेगा। घाना ने केप वर्डे से 2-1 से हारकर और क्रमशः मिस्र और मोजाम्बिक के साथ 2-2 से ड्रॉ दर्ज करके तीन मैचों में केवल दो अंक हासिल किए। चार बार का विजेता ग्रुप बी में केप वर्डे और मिस्र के बाद तीसरे स्थान पर रहा। इस प्रकार उसे 2023 एफकॉन से बाहर होना पड़ा, जैसा कि 2021 संस्करण में हुआ था।

खबरें व्यापार जगत की

## शुरूआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार में शानदार तेजी

### खरीदारी के सपोर्ट से झूमे सेंसेक्स-निफ्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



### निवेशकों को एक दिन में 5 लाख करोड़ से अधिक का मुनाफा

घरेलू शेयर बाजार ने आज शुरूआती कमजोरी के बाद शानदार प्रदर्शन किया। हेवीवेट शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के कारण शेयर बाजार आज एक प्रतिशत चढ़ कर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद बिकवाली के दबाव के कारण ये गिरावट और बढ़ती नजर आई लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर शेयर बाजार की रफ्तार तेज कर दी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान बीएसई के ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। आईटी, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, मेटल और पावर इंडेक्स 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर रियल्टी इंडेक्स में आज गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.72 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 371.19 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 365.98 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.21 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

## बायजू 158 करोड़ के स्पॉन्सरशिप बकाये के लिए बीसीसीआई संग कर रही बातचीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एडटेक प्रमुख बायजू 158 करोड़ रुपये के स्पॉन्सरशिप बकाए के निपटान के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ बातचीत कर रही है। मनीकंट्रोल के अनुसार दोनों पक्ष अगले छह से आठ महीनों में भुगतान योजना पर डायरेक्शनल एग्रीमेंट पर पहुंच गए हैं। बायजू के भारत के मुख्य वित्तीय अधिकारी नितिन गोलानी ने कहा मोटे तौर पर हम बीसीसीआई के साथ बातचीत कर रहे हैं। एक भुगतान योजना पर एक डायरेक्शनल एग्रीमेंट हुआ है, जिस पर दोनों सहमत हैं, अब हम इसी दिशा में काम करेंगे। हम अगले छह से आठ महीनों में वे भुगतान करने में सक्षम होंगे। इसी तरह हम इस दिशा में काम कर रहे हैं।

उम्मीद है कि स्थिति नियंत्रण में है। बीसीसीआई ने पिछले साल के अंत में बीसीसीआई से जुड़े 158 करोड़ रुपये के बकाए को लेकर बायजू को इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी नियमों का हवाला देते हुए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के सामने लाया था। इस बीच, बायजू ने बहुत देरी के बाद अपने ऑडिट किए गए वित्त वर्ष 2021-22 के वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसमें परिचालन राजस्व 5,014 करोड़ रुपये रहा जबकि घाटा पिछले वित्तीय वर्ष के 4,599 करोड़ रुपये से बढ़कर 8,370 करोड़ रुपये हो गया है।

कंपनी का कुल राजस्व वित्त वर्ष 2021-22 में लगभग 5,298.4 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 के 2,428.3 करोड़ रुपये से 119 प्रतिशत अधिक है। घाटे में एक साल पहले की तुलना में 80 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई।



## प्लेइंग इलेवन में अक्षर और कुलदीप के चयन को लेकर रोहित ने कहा

# यह तय करना थोड़ा सिरदर्द था

**एजेंसी। हैदराबाद**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के चयन को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि अंतिम एकादश में इन दोनों में से कौन होगा, यह तय करना थोड़ा सिरदर्द था।

रोहित ने बुधवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह तय करना थोड़ा सिरदर्द था कि दोनों में से कौन होगा। हमारे लिए यह तय करना एक चुनौती थी। कुलदीप आपको अपनी गेंदबाजी से एक निश्चित एक्स फैक्टर देते हैं, खासकर अगर विकेट उछाल दे रहा हो, अगर ऐसा नहीं है वह फिर भी एक फैक्टर बन जाते हैं क्योंकि उनके पास शानदार विविधताएं हैं और वह अब बहुत परिपक्व गेंदबाज हैं।

रोहित ने आगे कहा, उसने स्पष्ट रूप से रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के कारण भारत में बहुत अधिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। लेकिन ऐसा ही होता है। हमारे मध्य क्रम की तरह, सभी को वास्तव में देर से मौका मिला। लेकिन यह इसकी वास्तविकता है। आप इससे छिप नहीं सकते। लेकिन कुलदीप एक गेंदबाज हैं, वह कुछ साल पहले जो थे, उससे अब वह काफी बेहतर हो गए हैं और बिना किसी संदेह के वह बहुत अच्छे गेंदबाज और आकर्षक विकल्प हैं।

अक्षर को लेकर रोहित ने कहा अक्षर ने अपनी हरफनमौला क्षमता से हमें बल्लेबाजी में गहराई दी है और टेस्ट क्रिकेट में इन परिस्थितियों में खेलते हुए उन्होंने जो निरंतरता दिखाई है, वह भी हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। यह तय करना हमारे लिए थोड़ा सिरदर्द था कि इन दोनों में से कौन होगा, लेकिन यह निर्णय लेना हमारे लिए एक चुनौती थी। हम जानते हैं कि हमारे पास एक गुणवत्तापूर्ण स्पिन-गेंदबाजी विभाग है। जो एक अच्छा संकेत है। जब आपकी टीम में गुणवत्ता हो और अंतिम एकादश बनाने में सिरदर्द हो, तो यह एक अच्छा संकेत है।

इंग्लैंड इस हद तक निश्चिंत है कि वे तीन फ्रंटलाइन स्पिनरों और केवल एक तेज गेंदबाज के साथ उतरेंगे। कुलदीप एक संभावना बने हुए हैं, खासकर ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जो आक्रमण करने से नहीं हिचकिचाएगा। वनडे और टी20 में सफलता ने उन्हें सिखाया है कि सामने आने वाले बल्लेबाजों से कैसे निपटना है। बात सिर्फ इतनी थी कि उनके टेस्ट खेल में थोड़ा नियंत्रण की कमी थी और तब से उन्होंने इस पर काम किया है, लेकिन अक्षर में गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों की क्षमता है, और भारत को विराट कोहली की कमी खल रही है, वे संभवतः यथासंभव अधिक से अधिक हरफनमौला विकल्पों के साथ एकादश को मजबूत करना

## केनरा बैंक का मुनाफा 29 फीसदी उछलकर 3,656 करोड़ रुपये पर



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक का मुनाफा 29 फीसदी उछलकर 3,656 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 2,832 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। केनरा बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 29 फीसदी उछलकर 3,656 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान उसकी कुल आमदनी भी बढ़कर 32,334 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 26,218 करोड़ रुपये रही थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय तीसरी तिमाही में 9.5 फीसदी बढ़कर 9,417 करोड़ रुपये हो गई। बैंक के मुताबिक 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में उसकी सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घटकर सकल ऋण का 4.39 फीसदी हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 5.89 फीसदी रही थी। इसी तरह शुद्ध एनपीए या खराब ऋण इस दौरान घटकर 1.32 फीसदी पर आ गया है, जो दिसंबर, 2022 के अंत में 1.96 फीसदी था।

## ब्रिस्बेन हीट ने 11 साल बाद जीता दूसरा खिताब

बीबीएल

**एजेंसी। सिडनी**



पावर हिटिंग और दमदार गेंदबाजी के शानदार प्रदर्शन में ब्रिस्बेन हीट विजयी हुई और 11 साल में अपना दूसरा बिग बैश लीग (बीबीएल) खिताब जीता, क्योंकि उन्होंने सिडनी क्रिकेट में सिडनी सिक्सर्स को बुधवार को 54 रनों से हराया।

जीत के हीरो कोई और नहीं बल्कि विस्फोटक सलामी बल्लेबाज जोश ब्राउन थे। जिन्होंने न केवल एक और तेज अर्धशतक जड़ा बल्कि सिडनी सिक्सर्स को 54 रनों से ध्वस्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रिस्बेन हीट के जोश ब्राउन और कप्तान नाथन मैकस्वीनी ने जबरदस्त साझेदारी कर मंच तैयार किया।

ब्राउन, जो अपनी बड़ी हिटिंग क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। ब्राउन ने 8 विकेट पर 166 रन के स्कोर के लिए 53 रन का योगदान दिया।

हीट की पारी को रिजर्व टेस्ट टीम के बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ से अतिरिक्त बढ़ावा मिला, जिन्होंने 22 गेंदों में तेजी से 40 रन जोड़े।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिक्सर्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और माइकल नेसर ने सनसनीखेज गेंद पर डेनियल ह्यूज को आउट कर दिया। जैक एडवर्ड्स और जोश फिलिप के प्रयासों के बावजूद, स्पेंसर जॉनसन की घातक गेंदबाजी ने विपक्ष को ध्वस्त कर दिया।

## सुमित नागल करेंगे बेंगलुरु ओपन में भारत की चुनौती का नेतृत्व



**एजेंसी। बेंगलुरु**

ऑस्ट्रेलियन ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले सुमित नागल 10 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन में मजबूत भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। 137वें स्थान के साथ नागल एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश पाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। जहां कट ऑफ 257 निर्धारित किया गया था। 11 विभिन्न देशों के कुल 21 खिलाड़ियों ने एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया है। फ्रांस के विश्व रैंकिंग में 106वें नंबर के खिलाड़ी बेंजामिन बोन्जी टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी हैं।

## शोएब बशीर को मिला वीजा शनिवार तक इंग्लैंड टीम से जुड़ेंगे

**एजेंसी। हैदराबाद**



इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को भारतीय वीजा दे दिया गया है और वह संभवतः शनिवार तक भारत में इंग्लैंड टेस्ट टीम में शामिल हो जाएंगे। पाकिस्तानी मूल के 20 वर्षीय खिलाड़ी को शुरू में अबू धाबी में छोड़ दिया गया था जब इंग्लैंड की टीम रविवार को अपने प्रशिक्षण शिविर से हैदराबाद गई थी।

बशीर के मंगलवार को ब्रिटेन लौटने पर कहानी में अप्रत्याशित मोड़ आ गया और बुधवार को उनके भारतीय वीजा की पुष्टि की घोषणा की गई। समरसेट का प्रतिनिधित्व करने वाला यह ऑफ स्पिनर गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएगा लेकिन वह जल्द ही टीम के साथ फिर से जुड़ सकता है।

स्थिति ने चिंताएं पैदा कर दी हैं, जिसमें पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटरों को भारतीय वीजा प्राप्त करने में देरी का सामना करने वाले उदाहरणों की समानताएं दी गई हैं। विशेष रूप से, ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी इसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर राहत व्यक्त करते हुए कहा, हमें खुशी है कि स्थिति अब सुलझ गई है। शोएब बशीर को अब अपना वीजा मिल गया है, और वह इस सप्ताह के अंत में भारत में टीम के साथ जुड़ने के लिए यात्रा करने वाले हैं।

बशीर के बाहर होने के बाद इंग्लैंड ने चार स्पिनरों को अपनी टीम में शामिल किया। टॉम हार्टले पदार्पण के लिए तैयार हैं, जिन्होंने पिछले साल दो एकदिवसीय मैच खेले थे, जो साथी बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच, लेग स्पिनर रेहान अहमद और जो रूट अंशकालिक ऑफ-स्पिन के साथ स्पिन-गेंदबाजी कर्तव्यों को साझा करने के लिए तैयार हैं।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले दिन में इस मामले को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि बशीर के समर्थन में शुरूआती टेस्ट का बहिष्कार करने पर कभी विचार नहीं किया गया। अनकैप्ड स्पिनर, जिसने इस दौरे के लिए बुलाए जाने से पहले केवल छह प्रथम श्रेणी मैच खेले थे, इंग्लैंड टीम में आश्चर्यजनक रूप से शामिल हो गया था।

## डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया



**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया पर यह जुर्माना सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप में लगाया है। डीजीसीए ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि एयर इंडिया एयरलाइन पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। विमान नियामक के मुताबिक एक एयरलाइन कर्मचारी से स्वैच्छिक सुरक्षा रिपोर्ट मिली थी। इस रिपोर्ट में एयर इंडिया एयरलाइन पर कुछ लंबी दूरी के महत्वपूर्ण मार्गों पर उड़ानों में सुरक्षा उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। इसके बाद डीजीसीए ने कथित सुरक्षा उल्लंघनों की जांच की। हालांकि डीजीसीए ने उस घटना का विवरण नहीं दिया है, जिसकी वजह से एयरलाइंस पर भारी जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले नवंबर, 2023 में डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। विमान नियामक ने यह जुमार्ना उड़ान में देरी रद्दीकरण जैसे मामलों से प्रभावित यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और मुआवजे पर निर्धारित मानदंडों का पालन न करने के लिए लगाया था।

# रोहन बोपन्ना ने रचा इतिहास

### टेनिस इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर 1 खिलाड़ी बने

**एजेंसी। मेलबर्न**



भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। बोपन्ना और उनके साथी मैथ्यू एबडेन बुधवार को मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में 6-4, 7-6 (5) से शानदार जीत दर्ज की। कोर्ट 3 पर जीत के साथ, मेलबर्न पार्क में अपना लगातार 17वां टूर्नामेंट खेल रहे बोपन्ना ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बोपन्ना मास्टर्स 1000 इवेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने पिछले साल 43 साल की उम्र में एबडेन के साथ प्रतिष्ठित इंडियन वेल्स टूर्नामेंट जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वार्टर फाइनल जीत के साथ ही, बोपन्ना 43 साल की उम्र में दुनिया के नंबर 1 पुरुष युगल खिलाड़ी बन गए हैं। भारतीय टेनिस स्टार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राजीव राम को पछाड़कर नया रिकॉर्ड बनाया, जो अक्टूबर 2022 में 38 साल की उम्र में अपने करियर में पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे।

यह उपलब्धि बोपन्ना के ओपन युग में ग्रैंड स्लैम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बनने के एक साल से भी कम समय बाद आई है, जब वह और उनके साथी एबडेन यूएस ओपन 2023 का फाइनल हार गए थे।

बोपन्ना ने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग नंबर 3 के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रवेश किया। साल के पहले ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, अनुभवी भारतीय अगले सप्ताह रैंकिंग अपडेट होने पर शीर्ष पर होंगे, जबकि उनके पुरुष युगल जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन का पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर 2 स्थान सुनिश्चित है। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सेमीफाइनल में गैरवरीयता प्राप्त थॉमस मचाक और झिझेन झांग से भिड़ेगी। बोपन्ना ने 2017 में कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ फ्रेंच ओपन में मिश्रित युगल खिताब जीता था। वह 2010 में पाकिस्तान के ऐसाम-उल-हक कुरैशी के साथ और 2023 में एबडेन के साथ यूएस ओपन में दो बार उपविजेता रहे।

## मां की दुर्घटना से आहत तौसिफ ने फिर की खेल में वापसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ के रहने वाले लांग जम्पर अपनी मां की दुर्घटना के बाद प्रेक्टिस छोड़ चुके मोहम्मद तौसीफ पुनः अपने कैरियर को पटरी पर ला रहे हैं। मंगलवार की रात, तौसीफ ने चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कांस्य पदक जीतने के लिए 7.06 मीटर की दूरी तय की और इसके बाद वह अपने प्रदर्शन से काफी खुश नजर आए। उनकी लांग जंप में वापसी से प्रदेश के खिलाड़ियों में खुशी है।

घर वापस आकर, तौसीफ के पास प्रशिक्षण के लिए कोई सुविधा नहीं थी और उन्होंने मैदान पर वापस आने की सारी उम्मीदें खो दी थीं। एक बार जब उनकी मां ठीक हो गईं, तो उन्होंने लगभग एक साल के बाद धीरे-धीरे अपने मूल स्थान पर प्रशिक्षण फिर से शुरू कर दिया।

तौसीफ ने कहा कि मैं वहां (एसएआई केंद्र) केवल एक सप्ताह या 10 दिनों के लिए था जब मुझे अपनी मां की दुर्घटना की खबर मिली। मेरे पिता भी विदेश में थे और मेरे दो छोटे भाइयों के लिए मां की देखभाल करना मुश्किल था।

## सूर्यकुमार बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के धुरंधर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लगातार दूसरी बार आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है। वेस्टइंडीज की हरफनमौला कप्तान हेली मैथ्यूज को आईसीसी महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार का विजेता नामित किया गया।

सूर्यकुमार को 2023 के लिए आईसीसी पुरुष टी20 टीम का कप्तान भी नामित किया गया था। 17 टी20 पारियों में, सूर्यकुमार ने 2023 में सबसे छोटे प्रारूप में रन-स्कोरिंग पर हावी होने के लिए 48.86 की औसत और 155.95 की स्ट्राइक-रेट से 733 रन बनाए। प्रतिष्ठित सम्मान जीतने के लिए न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन, युगांडा के अल्पेश रामजानी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा की प्रतिस्पर्धा को हराया।

साल की उनकी पहली टी-20 पारी श्रीलंका के खिलाफ मात्र सात रनों की थी, लेकिन अगले दो मैचों में वह पुणे और राजकोट में क्रमशः 51 (36) और 112 नाबाद (51) के स्कोर के साथ चमके। अगस्त में प्रोविडेंस, गयाना में वेस्टइंडीज के खिलाफ 83 (44) रनों की पारी के बाद लॉडरहिल, फ्लोरिडा, अमेरिका में 61 (45) रनों की पारी खेली।

सूर्यकुमार ने साल के अंत में भारत की युवा टीम की टी20 नेतृत्व की भूमिका भी निभाई। जोहान्सबर्ग में भारत के वर्ष के अंतिम टी20 में केवल 56 गेंदों पर शतक लगाने से पहले, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया (42 गेंदों में 80 रन) और दक्षिण अफ्रीका (36 गेंदों में 56 रन) के खिलाफ अर्धशतक बनाये। मैं दूसरी बार पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतकर रोमांचित हूं।

## पासवर्ड-शेयरिंग पर लगाम लगाने से नेटफ्लिक्स के पेड यूजरों की संख्या रिकॉर्ड 1.31 करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** पासवर्ड शेयरिंग पर नेटफ्लिक्स की सख्ती से उसे नये पेड यूजर बनाने में मदद मिली है। गत 31 दिसंबर को समाप्त चौथी तिमाही में उसने 1.31 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर जोड़े हैं। कंपनी ने अपने तिमाही वित्तीय परिणामों की घोषणा में कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस में मूल्य वृद्धि उसके अनुमान से बेहतर रही। नेटफ्लिक्स के सह-मुख्य कार्यकारी ग्रेग पीटर्स ने विश्लेषकों के साथ एक कॉल के दौरान कहा, ₹हमने पेड शेयरिंग शुरू करते ही कीमतों में बढ़ोतरी को काफी हद तक रोक दिया है। अब जब हम इससे गुजर चुके हैं, तो हम अपने मानक दृष्टिकोण को फिर से शुरू करने में सक्षम हैं। पीटर्स ने कहा कि कंपनी अन्य देशों की निगरानी करना जारी रखेगी और आकलन करने का प्रयास करेगी ₹जब हम पर्याप्त अतिरिक्त मनोरंजन मूल्य प्रदान कर चुके होंगे। उन्होंने कहा, हम जुड़ाव, प्रतिधारण, अधिग्रहण को संकेतों के रूप में देखते हैं ताकि हम सदस्यों के पास वापस जा सकें और उन्हें उस सकारात्मक गति को जारी रखने के लिए थोड़ा और भुगतान करने के लिए कह सकें और हम उन सदस्यों के लिए और अधिक बेहतरीन फिल्मों, श्रृंखलाओं और खेलों में निवेश कर सकें। सारांश विवरण हमेशा की तरह व्यवसाय में वापस आ सकता है। कंपनी का राजस्व 2023 में 12 प्रतिशत बढ़ा। यह 2022 में छह प्रतिशत बढ़ा था। मुक्त नकदी प्रवाह बढ़कर 6.9 अरब डॉलर हो गया। वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में पेड यूजरों की संख्या में 77 लाख की वृद्धि की तुलना में पिछली तिमाही में इनकी संख्या 1.31 करोड़ बढ़ी जो कंपनी का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। परिचालन आय एक साल पहले की 50 करोड़ डॉलर के मुकाबले तीन गुनी होकर 150 करोड़ डॉलर हो गई। नेटफ्लिक्स ने कहा 2023 के लिए हमने सात अरब डॉलर की परिचालन आय अर्जित की। जो एक साल पहले की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।

## सुखाड़ राहत के लिए मिले 45 लाख आवेदन

**रांची।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में अब तक कुल 45 लाख 45 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें अब तक 13 लाख 94 हजार से ज्यादा सत्यापित लाभुकों को 478 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 438 नोडल लैंप्स-पैक्स को 8.8 लाख रुपये की कार्यशील पूंजी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना में अब तक 10 लाख से ज्यादा लाभुकों को अनुदान की राशि दी गई है।

## पृष्ठ एक के शेष

**सूबे की सामाजिक, शैक्षणिक और...**

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओरर से अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज तथा स्कूल निर्माण शुरू हो गया गया है। मुझे पूरा विश्वास है कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन इन सभी वर्ग समुदाय के लिए सेवाभाव के साथ कार्य करने में महत्ती भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 में कोरोना काल में भी राज्य सरकार एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर के बीच समन्वय बना रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बदलने का पूरा प्रयास किया है। आज हम राज्य में प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में परिवर्तित कर रहे हैं। आने वाले दिनों में राज्य के पांच हजार स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय बनाया जाएगा। इस अवसर पर सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, अपर मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव राहुल पुरवार, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर सहित राज्य सरकार के अन्य पदाधिकारी एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**आयु सीमा के लिए कट-ऑफ...**

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।कैबिनेट ने 25 प्रस्तावों पर मुहर लगाई, जिसमें 140 मध्य विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालय में अपग्रेड करने, गर्भवती महिला को 1400 रुपये की 14 प्रकार की मातृत्व किट देने का भी फैसला हुआ। इसका लाभ राज्य की छह लाख महिलाओं को मिलेगा। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद बनाए गए हैं, जो अगले तीन वर्षों तक रहेंगे। तत्कालीन उपनिदेशक सुनील कुमार सेवानिवृत अधिकारी के पेंशन से 10 प्रतिशत मासिक कटौती का आदेश दिया गया है।

**मिर्जाचौकी देश का सातवां व राज्य का...**

सीसीटीएनएस में अद्यतन प्रविष्टि, आम जनता से पुलिस का अच्छा संबंध, थाना कार्यालय व परिसर की साफ-सफाई, थाना से संबंधित अभिलेखों का अद्यतन स्थिति एवं रख-रखाव, प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं के शिकायतों का निराकरण करना तथा थाना से संबंधित अन्य कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश में सर्वेक्षण के बाद यह पुरस्कार दिया जाता है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि साहेबगंज जिला के मिर्जाचौकी थाना की उपलब्धि बहुत बड़ी है, जिन पदाधिकारियों के कारण उक्त उपलब्धि प्राप्त हुई है, वे बधाई के पात्र हैं। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बेहतर थाना का पुरस्कार मिलने से पूरे देश में झारखण्ड का सिर ऊंचा हुआ है। इस पुरस्कार के प्राप्त होने से राज्य के अन्य सभी थानों को उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक डॉ. संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, अन्नेपु विजया लक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक, अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस अधीक्षक, अप० अनु०विभाग एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**जयपुर में जंतर-मंतर, हवा महल...**

मुख्य अतिथि होंगे, जो इस प्रतिष्ठित वार्षिक समारोह की शोभा बढ़ाने वाले फ्रांस के छठे नेता बन जाएंगे। जयपुर में मैक्रों द्विपक्षीय भारत-फ्रांस संबंधों और विभिन्न भूराजनीतिक बदलावों के सभी पहलुओं पर ताज रामबाग पैलेस में व्यापक बातचीत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक रोड शो में भी भाग लेंगे।

**लाल सलाम की गूंज की जगह अब...**

का रूप धारण कर लिया था। व्यक्तिगत कामनाओं की पूर्ति के लिये धड़ल्ले से निर्दोषों की हत्या के कारण जहां आमजन का इससे मोहभंग होने लगा। वहीं देश विरोधी गतिविधियां बढ़ जाने से शासन ने भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया। वर्ष 2009 में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के संयुक्त आपरेशन ग्रीन हंट से शुरू हुआ नक्सल विरोधी अभियान वर्ष 2022 में आपरेशन आक्टोपस से अपने मुकाम को हासिल कर लिया है।

**अपराधी गुटों के तौर पर...**

इन गुटों की संलिप्तता की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।


**हर गांव में अच्छी सड़कें हों...**

कार्य का शिलान्यास स्थानीय विधायक पुष्पा देवी के साथ संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इन सड़कों के निर्माण कुल लागत 13 करोड़ 41 लाख 41 हजार रुपए होगी। मौके पर सांसद ने कहा कि केन्द्रीय अवसंरचना निधि (सीआईआरएफ) से हरिहरगंज के कटैया मोड़ से बेलाघाट तक 11 किलोमीटर, नौडीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह डगरा होते हुए बिहार सिवाना नवीगढ़ तक 10 किलोमीटर, छतरपुर प्रखंड के डुडुर हेसाग होते हुए छुछुईया तक 5 किलोमीटर, छतरपुर प्रखंड के कुरकुट्टा मोड़ कव्वल होते हुए बाघमारा तक 7 किलोमीटर, पाटन प्रखंड के तीसीबार से बुढ़ी-बुका-चेतमा-सरईडीह (दो प्रखण्डों को जोड़ने वाली) पाटन एवं नौडीहा बाजार तक 25 किलोमीटर तथा छतरपुर प्रखंड के पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ कुटियामोड़ से पाटन तक 18 किलोमीटर तक सड़कों के निर्माण की स्वीकृति जल्द मिलने वाली है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह, नौडीहा बाजार मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक, छतरपुर मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, लठेया मंडल अध्यक्ष प्रयाग विश्वकर्मा, हरेंद्र सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सांसद प्रतिनिधि अमरेश श्रीवास्तव, शेखर गुप्ता, भगवान दास, राम प्रसाद शर्मा, बैजनाथ सिंह, अशोक सोनी मौजूद थे।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**

(लापता जगरनाथ सिंह)



मेराल थाना सन्हा संख्या–16/24, दिनांक–15.01.2024 में लापता जगरनाथ सिंह, उम्र–21 वर्ष, पे0–रामकिशुन सिंह, सा0–धनकारा, थाना–नावागढ, जिला–लातेहार के रहने वाला है। लापता लड़का के पिता के द्वारा आवेदन में बताया गया कि ये अपनी पत्नि एवं पुत्र/पुत्री के साथ मेराल थाना अन्तर्गत ग्राम हासनदाग में आर0के0 वीम्स (ईंट भट्ठा) में काम कर रहे थें। इसी बीच लापता जगरनाथ सिंह बिना बताये कहि चला गया है। जो अभी तक घर वापस नहीं आया है। जिसका मानसिक स्थिति कमजोर था जिसका काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता जगरनाथ सिंह सा0–धनकारा, थाना–नावागढ, जिला–लातेहार का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलियाः–

नाम–जगरनाथ सिंह, रंग–सावला,

पहनावा–सफेद पैंट काला,

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 316819 (Police) 23-24 (D)


# धमकी से कोई डरने वाला नहीं, भ्रष्ट लोगों की जगह जेल में : बाबूलाल

## प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से भागे-भागे फिर रहे हैं मुख्यमंत्री

### झामुमो एक बिकाऊ पार्टी है जिसने राज्य के आंदोलन को बेचा, झारखंड वाजपेयी की देन





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को रांची में एक कार्यक्रम में कहा कि इंडी एलायंस को जनता नकार चुकी है। कहा हेमंत सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। चारों तरफ लूट मची है। खान, खनिज, बालू-पत्थर, कोयला, जमीन की लूट हो रही। बिचौलिए दलाल सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं। कहा कि ईडी की कारवाई से मुख्यमंत्री भागे फिर रहे हैं। अब तो वे कैबिनेट से ऐसे फैसले ले रहे जैसे झारखंड को कोई अलग देश हो जहां भारत की संसद से पारित कानून लागू नहीं। उन्होंने वैसे पदाधिकारियों पर भी निशाना साधा जो कैबिनेट के लिए ऐसे प्रस्ताव तैयार करते हैं जो संविधान का विरोधी हो। उन्होंने कहा कि भागने, डराने से कानून नहीं डरता है। भ्रष्ट लोगों को कानून के हाथों आना ही पड़ेगा। मरांडी ने कहा कि राज्य के भ्रष्ट मुख्यमंत्री की जगह अब होटवार जेल में ही है। वहीं वह पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो बिकाऊ पार्टी है जिसने राज्य के आंदोलन को बेचा। इसे राज्य की जनता से कुछ भी लेना देना नहीं। झामुमो, कांग्रेस, राजद को केवल परिवार और पैसे की चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है और जो विकास दिखता है वह भाजपा सरकारों ने किया है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार हुआ। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, से गांव को शहर से जोड़ा गया। पुल पुलिया बनाकर आवागमन को सुलभ किया।

आज मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी दलित पिछड़े महिला युवा सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही। पीएम आवास योजना, उज्जवला गैस योजना, उजाला योजना, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि जैसे अनेक कल्याणकारी योजनाओं ने गांव गरीब का जीवन खुशहाल किया है। 80 करोड़ लोगो तक मुफ्त 5 किलो ग्राम राशन प्रति माह पहुंचाया जा रहा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि परिवारवादी पार्टियां देश और राज्य का भला नहीं कर सकती। ये भ्रष्टाचार के लिए सत्ता चाहती हैं, विकास के लिए नहीं।

### झारखंड हाई कोर्ट में डीजीपी-सीएस ने कहा

# धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में जुटेंगे दो लाख लोग, सुरक्षा बड़ी चुनौती





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। इस सुनवाई में झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी वर्चुअल मोड में हाजिर हुए। सुनवाई के दौरान पूरे मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति को दोबारा याचिका दायर करने को कहा। साथ ही दोनों अधिकारियों से हाई कोर्ट ने रिपोर्ट मांगी है। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सुनवाई हुई। धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी के बीच पलामू में तय था। बुधवार को हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद यह कार्यक्रम लगभग रद्द माना जा रहा है। जिला प्रशासन ने पहले बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम रद्द कर दिया था, जिसके बाद प्रशासन के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में बताया गया कि कार्यक्रम में करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की बात कही जा रही है। इतनी बड़ी भीड़ के लिए सीसीटीवी, पार्किंग, शौचालय उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होगी।


### उद्योग विभाग
### कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पलामू।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना/उद्यमों के उन्नयन के लिए एक मेगा क्रेडिट आउटरीच कैम्प (Mega Credit Out reach Camp) का आयोजन जिले के विभिन्न स्थानों में किया जा रहा है। उक्त कैम्प में आवेदनों का निष्पादन किया जाना है। अतएव इस मेगा कैम्प में अधिक से अधिक लाभुक आकर लाभ उठावें।

कैम्प की विवरणी निम्नवत हैः–

| क्र0 | प्रखण्ड | शिविर स्थान | शिविर तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सदर | जिला उद्योग केन्द्र,कार्यालय पलामू। | 25.01.2024 | 11.00 AM |
| 2. | विश्रामपुर | प्रखंड कार्यालय, विश्रामपुर | 06.02.2024 | 11.00 AM |
| 3. | सतबरवा | प्रखण्ड कार्यालय, सतबरवा | 16.02.2024 | 11.00AM |
| 4. | चैनपुर | प्रखण्ड कार्यालय, चैनपुर | 26.02.2024 | 11.00 AM |
| 5. | पाँकी | प्रखण्ड कार्यालय, पाँकी | 29.02.2024 | 11.00 AM |
| 6. | लेस्लीगंज | प्रखण्ड कार्यालय, लेस्लीगंज | 02.03.2024 | 11.00 AM |
| 7. | पाटन | प्रखण्ड कार्यालय, पाटन | 05.03.2024 | 11.00 AM |

नोटः–कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, श्री चन्द्रकान्त पाण्डेय, मो0 नं0–7004803764से सर्म्पक स्थापित किया जा सकता है।

महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, पलामू।

PR 316806 (District) 23-24 (D)



### ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,गढ़वा

पुनः निविदा

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–14/2023-24/EE/BCD/GARHWA दिनांक–24.01.2024

1.कार्य का विस्तृत विवरणी

| कम | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Construction of 1st Floor in Shree Krishna Sub -Divisional Library at Garhwa. | ₹ 73,30,477.00 |
| 2 | Repair and Renovation of Alpsankhya Boy's Hostel at Garhwa Jharkhand. | ₹ 55,97,160.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– क्र0 सं0 01 के लिए 04 (चार) माह एवं क्र0सं0 02 के लिए 02 (दो) माह कार्य पूर्ण करने की अवधि है।
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29.01.2024 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 09.02.2024 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 11.02.2024 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अचंल सं0–02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक– 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,गढ़वा

PR 316814 Building(23-24).D


# कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग को हेमंत सरकार ने बना दिया लूट का चारागाह : रणधीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व कृषि मंत्री एवं भाजपा नेता रणधीर सिंह ने प्रदेश की हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग को हेमंत सरकार ने लूट का चारागाह बनाकर रख दिया है। सरकार द्वारा चार साल की उपलब्धियों का झूठा बखान किया जा रहा है। सरकार पूरी तरह फेल है। किसान और जनविरोधी इस सरकार का जाना ही राज्यहित में है। भाजपा नेता रणधीर सिंह पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के मामले में हेमंत सरकार के चार साल को देखा जाए तो पूर्व की रघुवर सरकार ने जो रोडमैप तैयार किया था इस सरकार ने कई योजनाओं को बंद कर दिया, तो कई का स्वरूप बदलने का काम किया गया। रघुवर दास की सरकार में चालू कृषि आशीर्वाद योजना के तहत 5000 से लेकर 25000 रुपये सीधे किसानों के खाते में पैसे जा रहे थे, हेमंत सरकार आई तो सबसे पहले बंद किया गया।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–20 वर्ष 2023–24

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांक 31.01.2024 को 5:00 बजे अपराह तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 01.02.2024 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :–दिनांक 01.02.2024 को 4:00 बजे अपराह्न से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी –

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण–विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction Solar Based Water Supply Scheme with 90.0 Mtr Deep Drilled Tube Well, Installation of 2000 Liters Capacity Water Storage Tank with 1. 0 HP DC Solar Motor Pump set RCC Foundation for steel structure & Construction of galvanized tubular steel structure and 05 Year O&M in Block-Simariya Panchayat-Bagra Village-Bagra Location-Anganwadi Centre Kuthan of Chatra District "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2023 -24 under (Untied Fund) | | | | | |
| A. | Location – Anganwadi Centre Kuthan, Bagra (Simariya) | UNTD/AWCWSS/CTR-01 | 4,37,083/- | 9,000/- | 750/- | 30 Days |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR316870 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–22 वर्ष 2023–24

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 31.01.2024 को 5:00 बजे अपराह तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 01.02.2024 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 01.02.2024 को 4:00 बजे अपराह्न से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी –

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण–विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Solar Based Water ATM 1 HP DC Solar Motor Pump with 2000 Litre Capacity Water Storage Tank, RCC Foundation for Galvanized Tubular Steel Structure 4.5 Mtr. Staging, Laying of Rising and Distribution Pipe Line 10 Nos. House Connection, Water ATM, RO with UV Based in Existing Bore Well and 05 Years Operation & Maintenan ce at Collectorate Campus Chatra of Chatra District "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2023-24 under (Untied Fund) | | | | | |
| A. | Location – Collectorate Campus Chatra | UNTD/WATM /CTR-01 | 12,48,360/- | 25,000/- | 2,500/- | 30 Days |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
चतरा।

PR 316868 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 08/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–24.01.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /28/2023 | कजरात नावाडीह स्टेषन से षिवाबिघा पी0डब्लू0डी0 मेन रोड भाया बहेरा तक पथ निर्माण । (5.05कि0मी0) | 514.247 लाख | पांच करोड़ चौदह लाख चौबीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /29/23-24 | पंचायत देवरी खूर्द बनकट मोड़ से देवरी स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (1.425कि0मी0) | 149.915 लाख | एक करोड़ उन्नचास लाख एकान्बे हजार पांच सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/ DALTONGANJ /30/23-24 | जपला पथरा मुख्य पथ बेनीकला यात्री शेड से बंधुबीघा, सिरहा होते हुए आर0ई0ओ0 पथ सदाजल तक पथ निर्माण कार्य । (3. 35कि0मी0) | 368.139 लाख | तीन करोड़ अड़सठ लाख तेरह हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/ DALTONGANJ /31/23-24 | पांति सिंघना मेन रोड नीमतर मोड़ से पांति बटाउखाप एवं बटुनाडीह होते हुए मेन रोड तक पथ निर्माण कार्य। (1.20कि0मी0) | 123.979 लाख | एक करोड़ तेईस लाख संतोबे हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 5 | EE/RWD/ DALTONGANJ /32/23-24 | पंचायत बांसडीह पी0डब्लू0डी0 रोड तालापारा से करमाहा पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ तक पथ निर्माण कार्य। (2.39कि0मी0) | 250.110 लाख | दो करोड़ पच्चास लाख ग्यारह हजार रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 6 | EE/RWD/ DALTONGANJ /33/23-24 | पंचायत ओरनार में पी0डब्लू0डी0 रोड से जोगियाहा हरिजन टोला होते हुए पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य। (2.34कि0मी0) | 265.533 लाख | दो करोड़ पैसठ लाख तिरपन हजार तीन सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 7 | EE/RWD/ DALTONGANJ /34/23-24 | पंचायत सेमरा में नेउरा स्कूल से गगनदेव राम के घर होते हुए कुदागा स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (2.36कि0मी0) | 248.007 लाख | दो करोड़ अड़तालीस लाख सात सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 8 | EE/RWD/ DALTONGANJ /35/23-24 | पंचायत बुढ़ीवीर (बन्दुआ) पी0डब्लू0डी0 मुख्य पथ गुरहा मोड़ से गुरहा स्कूल तक पथ निर्माण कार्य । (1.50कि0मी0) | 124.552 लाख | एक करोड़ चौबीस लाख पच्चपन हजार दो सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 30.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 13.02.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 15.02.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR316875 (Rural Development)23-24*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### कोर्ट का आदेश : ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपें

**वाराणसी।** वाराणसी जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौपने का आदेश दिया। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने फैसला सुनाया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज ए. के. विश्वेश ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपने का आदेश दिया है। मुस्लिम पक्ष ने इस दौरान जिला जज के समक्ष मांग रखी कि सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों तक ही रहे। उसे सार्वजनिक ना किया जाए। इस पर जिला जज ने कहा कि सभी पक्षकार रिपोर्ट को अपने तक रखने और सार्वजनिक ना करने का बंधपत्र अदालत में जमा कराकर सर्वे रिपोर्ट प्राप्त करें।

### आबकारी घोटाला : सर्वेश मिश्रा को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के पूर्व निजी सहायक सर्वेश मिश्रा को जमानत दे दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत देने का आदेश दिया। कोर्ट ने 20 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 10 जनवरी को सर्वेश मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। कोर्ट ने सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत लेने को कहा था, जिसके बाद उन्होंने नियमित जमानत याचिका दायर की थी।

### उमर खालिद की बेल याचिका पर सुनवाई 31 जनवरी तक टाली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जेएनयू छात्र और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 31 जनवरी तक के लिए टाल दी। दिल्ली दंगों में यूएपीए के तहत खालिद सलाखों के पीछे हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कई वजहों से मामले को स्थगित कर दिया। यूएपीए की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के साथ खालिद की जमानत याचिका पर अब अगले सप्ताह बुधवार को सुनवाई होगी। 10 जनवरी को हुई पिछली सुनवाई में खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के सुनवाई टालने के अनुरोध पर शीर्ष अदालत ने आपत्ति जताई थी।

# प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन भी रामलला के दर्शन के लिए लगी कतारें

**एजेंसी। अयोध्या**

राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन बुधवार को भी राम भक्तों में दर्शन को लेकर काफी उत्साह है। सुबह से ही कतारें लगी हुई हैं। मंगला आरती के साथ ही दर्शन निरंतर जारी है। मौके पर प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार और स्थानीय अधिकारी मौजूद हैं। भीड़ सामान्य है। आज वरिष्ठ अधिकारी गर्भ गृह में मौजूद हैं। सुबह से ही श्रद्धालु को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगाकर दर्शन कराया जा रहा है। श्रद्धालु जय श्रीराम का नारा लगा रहे हैं। रामलला के दर्शन के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। दूर-दूर से अयोध्या लोग पहुंच रहे हैं। प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज रहा है। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगाकर दर्शन कराया जा रहा है। भक्त जय श्रीराम का नारा लगाते हुए प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के डीजी (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि बेहतर भीड़ प्रबंधन और बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था, यह दो चीजें थीं जो हमने यहां आने के बाद सुनिश्चित की। शासन का निर्देश था कि किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा ना हो।

दरअसल, प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन मंगलवार को भारी भीड़ के मंदिर परिसर में घुसने से अव्यवस्था फैल गई थी। मुख्यमंत्री के साथ मंदिर में हुई अफसरों की बैठक में यह मामला उठा। इसके बाद यह तय हुआ कि मंदिर के बाहर से लंबी लाइन लगाकर दर्शन कराए जाएंगे। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धैर्य के साथ दर्शन करने की अपील की।



### अयोध्या से भीड़ कम करने में जुटा प्रशासन

अयोध्या में एकत्रित हो गए लाखों भक्तों को रामनगरी से जल्द बाहर निकालने में प्रशासन जुट गया है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अगले दिन मंगलवार को अयोध्या धाम स्टेशन पर उमड़ी श्रद्धालुओं को वापस भेजने के लिए तत्काल पांच स्पेशल ट्रेन चलाने से बड़ी राहत मिली। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बुधवार को रेलवे के आईजी आरपीएफ, डीआरएम और एसपी जीआरपी ने बैठक कर 26 जनवरी से अयोध्या आने वाली आस्था स्पेशल ट्रेनों को लेकर रणनीति बनाई। वहीं सीएम योगी ने लोगों से व्यवस्था के मद्देनजर फिलहाल कम संख्या में दर्शन के लिए आने की अपील की है।

## राम मंदिर को एक दिन में मिला तीन करोड़ 17 लाख का दान

### राम मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाएंगे संघ के स्वयंसेवक

अयोध्या में श्री राम की जन्म भूमि पर बने भव्य दिव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद देश दुनिया के राम भक्त दिल खोलकर दान कर रहे हैं। राम मंदिर को एक दिन में तीन करोड़ 17 लख रुपए से अधिक की धनराशि दान में प्राप्त हुई है। यह जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा ने दी। डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि इसमें मंदिर परिसर में दर्शन के लिए आए राम भक्तों के अलावा देश दुनिया से भी राम भक्तों ने ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से राम मंदिर के लिए दान किया है। मंदिर परिसर में 10 दान काउंटर खोले गए हैं। सबसे दिलचस्प बात यह रही राम मंदिर के दर्शन के साथ-साथ दान काउंटर पर सुबह से ही लंबी लाइन लगी थी।



### करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने किया रामलला का दर्शन

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार मंगलवार को करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन किया। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को संपन्न हुई थी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन आम लोगों के लिए मंदिर के दरवाजे खोले गए थे। जिसमें पहले ही दिन करीब 5 लाख भक्तों ने पहुंचकर रामलला का दर्शन किया।

### दत्तात्रेय होसबोले ने ट्रस्ट की पदाधिकारियों के साथ की बैठक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होस बोले लेने मंगलवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में संघ व विहिप के पदाधिकारी उपस्थित रहे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अभी मंदिर परिसर की साफ सफाई नहीं हो पाई है। बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता मंदिर परिसर पहुंच करके साफ सफाई करेंगे। मंदिर परिसर की स्वच्छता के लिए अयोध्या के आसपास के जिलों से कार्यकर्ता बुलाए गए हैं।

# 'विकसित भारत की संकल्प यात्रा में यूपी अग्रणी भूमिका निभाएगा'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के सभी लोगों को राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा है कि बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। उन्होंने राज्य में हुए विकास कार्यों का श्रेय वहां की जनता के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ की सरकार को भी दिया। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। बीते सात वर्षों में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## लोकसभा चुनाव के पूर्व इंडी गठबंधन को तगड़ा झटका

# दीदी व मान अकेले लड़ेंगे चुनाव

**एजेंसी। कोलकाता/ चंड़ीगढ़**





नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी ने बुधवार को अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कहा कि आप अगले लोकसभा चुनाव में अकेले उतरेगी और कांग्रेस के साथ गठबंधन किए बिना राज्य की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पूर्व बर्दवान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ममता ने कहा कि उनकी पार्टी बंगाल में किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी बल्कि अकेले चुनाव लड़ेगी। हम गठबंधन का हिस्सा थे लेकिन राहुल गांधी की न्याय यात्रा हमारे राज्य से गुजर रही है लेकिन हमें इसके बारे में सूचित नहीं किया गया। सीएम ममता ने कहा कि उनकी ओर से जो भी प्रस्ताव दिए गए थे उन्हें ठुकरा दिया गया। टीएमसी सुप्रीमो ने बताया कि कांग्रेस का पश्चिम बंगाल से कोई लेना-देना नहीं है। पहले दिन ही उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया गया था। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि देश में क्या किया जाएगा लेकिन हम एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी हैं और बंगाल में हैं। हम अकेले भाजपा को हरा देंगे। वहीं पंजाब के सीएम मान ने कहा, कि 2024 के लोकसभा चुनावों में यह 13-0 होने जा रहा है।

# असम के सीएम नफरत फैलाते और जेब से रुपये निकाल लेते हैं : राहुल



**एजेंसी। बरपेटा (असम)**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री सुबह उठते ही नफरत फैलाते हैं और जब तक जनता इधर-उधर देखती है, उसके जेब से रुपये निकाल लेते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान बुधवार को राज्य के बरपेटा में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश के सबसे भ्रष्ट असम के मुख्यमंत्री हैं। राहुल गांधी की यात्रा नगालैंड होते हुए शिवसागर जिले की सीमा से असम में पहुंची थी। इसके बाद यात्रा जोरहाट होते हुए माजुली, लखीमपुर, अरुणाचल प्रदेश से होकर वापस असम के बिश्वनाथ जिले के शोणितपुर होते हुए नगांव जिले के धिंग में पहुंची है। पुलिस ने उनकी यात्रा को धिंग में ही रोक दी थी। खानापाड़ा में रोके जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेरीकेडिंग को तोड़कर शहर में घुसने की कोशिशें की। इस दौरान कई सुरक्षाकर्मियों मामूली रूप से घायल हो गए। असम पुलिस ने इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, कन्हैया कुमार आदि के विरुद्ध गैर-जमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### खरगे ने शाह को लिखा पत्र, कहा 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में हुई सुरक्षा चूक



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने केन्द्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम में हुई कथित सुरक्षा चूक का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। खरगे ने बुधवार को पत्र को सोशल मीडिया पर साझा किया है। मंगलवार शाम को लिखे गए पत्र में उन्होंने गृह मंत्री से अनुरोध किया कि वह असम के सीएम और राज्य के पुलिस महानिदेशक को भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पुख्ता सुरक्षा देने का निर्देश दें।

# 'शिपिंग हमलों के माध्यम से क्षेत्र में फैल रहे इजरायल और हमास संघर्ष का भारत पर भी पड़ रहा प्रभाव'

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**



संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर. रवींद्र ने कहा है कि हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर हमलों के साथ इजरायल-हमास संघर्ष का प्रभाव 'भारत के आसपास' तक फैलने से देश के आर्थिक हितों पर असर पड़ा है। मध्य पूर्व की स्थिति पर मंगलवार को सुरक्षा परिषद की एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में वाणिज्यिक शिपिंग की सुरक्षा पर संघर्ष का भारत की अपनी ऊर्जा और आर्थिक हितों पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कुछ हमले 'भारत के आसपास' हो रहे हैं और यह भयावह स्थिति किसी भी पक्ष के हित में नहीं है, और इसे स्पष्ट रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए। रवींद्र ने हमले को अंजाम देने वाले यमनी हूती विद्रोहियों का नाम नहीं लिया या विशेष रूप से लाल सागर का उल्लेख नहीं किया जहां घटनाएं हुई हैं। हूती विद्रोहियों ने कहा है कि वे गाजा में इजरायल के हमले के विरोध में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए जहाजों पर हमला कर रहे हैं। लाल सागर अरब सागर और हिंद महासागर को स्वेज नहर से जोड़ता है, जो भारत और एशिया के लिए मध्य पूर्व, यूरोप तथा उससे आगे के क्षेत्रों के लिए मुख्य लिंक है। भारत की नौसेना ने कहा है कि वह इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति 'बढ़ा' रही है और इस महीने की शुरूआत में उसके एक जहाज ने हमले के तहत एक वाणिज्यिक जहाज की रक्षा की थी। इस महीने के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष फ्रांस ने विदेश मंत्री स्टीफन सेजॉर्न की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें रूस के सर्गेई लावरोव और ईरान के होसैन अमीराबदोल्लाहियन सहित लगभग 15 विदेश मंत्री शामिल हुए। महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने कहा कि लाल सागर में स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा, हूती हमले वैश्विक व्यापार को बाधित कर रहे हैं, और इसके बाद अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा यमन में हूती ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। उन्होंने कहा, तनाव कम करना आवश्यक है - और लाल सागर में व्यापारिक तथा वाणिज्यिक जहाजों पर सभी हमले तुरंत बंद होने चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र इजरायल और फिलिस्तीन के सह-अस्तित्व का दो-राष्ट्र समाधान ही संघर्ष को समाप्त करने का एकमात्र तरीका है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा दो-राष्ट्र समाधान को अस्वीकार करने का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि यह 'अस्वीकार्य' था और कहा कि यह इजरायल के दोस्तों, यहां तक कि इस मेज के आसपास बैठे लोगों, की सबसे मजबूत अपील के खिलाफ था। उन्होंने चेतावनी दी, इससे ध्रुवीकरण बढ़ेगा और हर जगह चरमपंथियों का हौसला बढ़ेगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने कौशल भवन का किया उदघाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की एक नई इमारत कौशल भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सरकार की विभिन्न पहलों जैसे पीएम विश्वकर्मा, पीएम जनमन, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) और पीएमकेवीवाई के लाभार्थियों द्वारा स्थापित प्रदर्शनी स्टालों का दौरा किया और उनसे बातचीत की। कौशल भवन की आधारशिला मार्च 2019 में रखी गई थी। मंत्रालय के साथ-साथ इसके सहयोगी संगठनों - प्रशिक्षण महानिदेशालय, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के लिए कार्यालय स्थान प्रदान करेगा। आधुनिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से सुसज्जित यह अत्याधुनिक कार्यालय भवन नई कार्य संस्कृति की शुरूआत करने और कौशल भारत मिशन को गति देने के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और कुशल कार्य वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस में मुख्य अतिथि होंगी राष्ट्रपति

चुनाव आयोग 25 जनवरी को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) मना रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सम्मानित अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मालदीव, फिलीपींस, रूस, श्रीलंका और उज्बेकिस्तान के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुख और प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

## वायु सेना ने भारतीय ठिकानों से फ्रांस-यूएई के साथ किया अभ्यास 'डेजर्ट नाइट'

# लड़ाकू सुखोई, जगुआर व हरक्युलिस सी-130-जे ने दिखाई भारत की ताकत

### फ्रांस और यूएई के साथ अरब सागर के पास हुए हवाई अभ्यास में दिखा तालमेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वायु सेना ने भारत में स्थित अपने ठिकानों से फ्रांस और यूएई के साथ अरब सागर के ऊपर अभ्यास 'डेजर्ट नाइट' में हिस्सा लिया। फ्रांसीसी भागीदारी में राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट शामिल थे, जबकि यूएई वायु सेना ने एफ-16 को हवाई अभ्यास में उतारा। भारत की ओर से लड़ाकू सुखोई, जगुआर और हरक्युलिस सी-130-जे ने दोनों विदेशी वायु सेनाओं के सामने अपनी ताकत दिखाई।

विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल और संयुक्त अरब अमीरात वायु सेनाओं के साथ अरब सागर के ऊपर हवाई अभ्यास 'डेजर्ट नाइट' किया। इस अभ्यास में फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट विमान शामिल हुआ, जबकि यूएई की वायु सेना एफ-16 के साथ अभ्यास में हिस्सा लिया। यह सभी विमान संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा हवाई अड्डे से संचालित हुए। दूसरी तरफ भारतीय वायु सेना के विमान भारत के भीतर के ठिकानों से संचालित किये गए।

उन्होंने बताया कि भारत की ओर से लड़ाकू सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, जगुआर, अवाक्स, हरक्युलिस सी-130-जे और एयर टू एयर रिफ्यूलर विमान शामिल हुए। एक्सरसाइज 'डेजर्ट नाइट' का मुख्य फोकस तीनों वायु सेनाओं के बीच तालमेल और अंतरसंचालन बढ़ाने पर था। अभ्यास के दौरान हुई बातचीत से प्रतिभागियों के बीच परिचालन ज्ञान, अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान का मौका मिला। इस तरह के अभ्यास भारतीय वायुसेना की शक्ति को प्रदर्शित करने के अलावा क्षेत्र में बढ़ती राजनयिक और सैन्य बातचीत का संकेत देते हैं।

## फिल्म जगत

# 'भक्षक' से फरवरी एक बार फिर मेरे लिए लकी होगी : भूमि पेडनेकर



**मुंबई।** अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आगामी फिल्म 'भक्षक' में एक पत्रकार की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह एक महिला आश्रय स्थल में युवा लड़कियों का शोषण होने से बचाएंगी। भूमि ने कहा कि आगामी फिल्म उनके करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। भूमि ने कहा, एक कलाकर के रूप में मेरी शुरूआत के बाद से फरवरी का महीना मेरे लिए सबसे खास रहा है। मेरी पहली फिल्म 'दम लगा के हईशा' फरवरी में रिलीज हुई थी और इससे मुझे इतना प्यार, प्रशंसा और सम्मान मिला कि इसने इंडस्ट्री में एक अग्रणी अभिनेत्री के रूप में मेरी स्थिति मजबूत कर दी।" "मुझे अपनी पहली फिल्म के लिए मिल रही सराहना पर विश्वास नहीं हो रहा था और मेरे फिल्मी करियर को एक स्वप्निल शुरूआत देने के लिए मैं हमेशा इस फिल्म की ऋणी रहूंगी। उन्होंने आगे कहा, मेरी फिल्म 'बधाई दो' भी फरवरी में रिलीज हुई थी। यह मेरे करियर और फिल्म उद्योग के लिए गेम-चेंजिंग फिल्म थी। यह मेरे लिए भी विशेष थी क्योंकि मैं उस चीज के लिए खड़ी हुई थी जिस पर मुझे वास्तव में विश्वास था और मैं इसके बारे में गर्व से मुखर थी, फिर 'दम लगा के हईशा' की तरह मुझ पर प्यार का सैलाब उमड़ पड़ा।" 'भक्षक' 9 फरवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है।